अधिकतम 22 डिग्री से.
न्यूनतम 06 डिग्री से.
सूर्योदय 7.03
सूर्यास्त 5.21
सोना 24 कैरेट: 1,31,585.00
चांदी (प्रति किलो): 1,85,000
सैंसेक्स : 85,706.67
अमेरिका : 89.41
कैनेडियन : 63.72
आस्ट्रेलिया : 58.37

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित


बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

बहुत मुश्किल नहीं है जिन्दगी की सच्चाई समझना, जिस तराजू पर दूसरों को तौलते हैं उस पर कभी खुद बैठ के देखिए।




वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 01 दिसंबर, 2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष: एकादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 331 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज ब्रीफ

### चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे एसआईआर की तारीख बढ़ाई



**कोलकाता (अप्रस)।** चुनाव आयोग ने 12 भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तारीख बढ़ा दी। इसे लेकर चुनाव आयोग ने रविवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने एसआईआर की समय सीमा सात दिन बढ़ा दी है। अब यह प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पहले के शेड्यूल के मुताबिक, वोटरों के एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने और उन्हें डिजिटाइज करने का काम 4 दिसंबर को तय किया गया था। पोलिंग स्टेशनों को ठीक करने या फिर से व्यवस्थित करने की तारीख भी 11 दिसंबर तय की गई है। पहले के शेड्यूल के मुताबिक, ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल के पब्लिकेशन की आखिरी तारीख 9 दिसंबर थी, जिसे अब बढ़ाकर 16 दिसंबर कर दिया गया है। नए शेड्यूल के मुताबिक, दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय 16 दिसंबर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 के बीच तय किया गया है। नोटिस फेज की तारीखें, जिसमें एन्यूमरेशन फॉर्म जारी करना, सुनवाई, वेरिफिकेशन और उन पर फैसला और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) द्वारा दावों और आपत्तियों का निपटारा एक साथ किया जाना शामिल है, 16 दिसंबर, 2025 से 7 फरवरी, 2026 के बीच तय की गई हैं। चेकिंग की नई तारीख वोटर रोल के हेल्थ पैरामीटर्स की जांच और फाइनल पब्लिकेशन के लिए ईसीआई की अनुमति लेने की आखिरी तारीख 10 फरवरी, 2026 है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की नई तारीख 14 फरवरी है, जो पहले 7 फरवरी तय की गई थी। शुरू से ही, विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग पर जल्दबाजी में एसआईआर कराने का आरोप लगा रही हैं। इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस भी चुनाव आयोग के खिलाफ है। इस मामले पर राजनीतिक पार्टियों की तरफ से अभी बयान आना बाकी है। हालांकि, पश्चिम बंगाल टीएमी के एक सदस्य ने नाम न बताने की सख्त शर्त पर कहा कि सात दिन का एक्सटेंशन सिर्फ दिखावा है।




### एनआईटी कुरुक्षेत्र के 20वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

# कुरुक्षेत्र अधर्म पर धर्म की शाश्वत विजय का प्रतीक: उपराष्ट्रपति

- कहा- मैकाले युग की औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की संस्कृति, परंपरा और लोकाचार में निहित

अर्थ प्रकाश/वालिया/ अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र 30 नवंबर।** भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कुरुक्षेत्र, हरियाणा के 20वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। राष्ट्रपति ने एनआईटी कुरुक्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि यह एक समृद्ध विरासत, जीवंत वर्तमान और भविष्य वाला संस्थान है जो देश में तकनीकी शिक्षा के मानकों को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र भूमि है जो हमें याद दिलाती है कि अधर्म पर धर्म की हमेशा विजय होती है, चाहे अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक समारोह नहीं, बल्कि एक ऐसा क्षण होता है जब वर्षों का समर्पण गर्व, आशा और अवसर से भरी एक नई शुरुआत में बदलता है। वैश्विक परिवर्तन की गति पर बोलते हुए उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में विकास के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रौद्योगिकी उद्योगों को नया रूप देने और समाज के कामकाज के तरीके को पुनर्परिभाषित करने में एक शक्तिशाली माध्यम बन गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज़िम्मेदारी से नवाचार करने का आग्रह किया और कहा कि प्रौद्योगिकी का असली उद्देश्य केवल प्रगति नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण प्रगति है।

विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और भारत-विशिष्ट समस्या-समाधान में गहराई से उतरने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने कहा कि ये दोनों इंजन भारत के तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने युवा नवप्रवर्तकों को राष्ट्रीय महत्व के उभरते क्षेत्रों, जैसे टिकाऊ विनिर्माण, स्मार्ट मोबिलिटी, क्वांटम प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, कृषि नवाचार और हरित बुनियादी ढाँचागत क्षेत्र में अनुसंधान करने पर बल दिया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी के उपयोगकर्ता से उन्नत समाधानों का वैश्विक निर्माता बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने एक जीवंत उद्यमशीलता तंत्र को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों को श्रेय दिया और स्नातकों से अपने विचारों को ऐसे उद्यमों में बदलने का आग्रह किया जो रोजगार का सृजन करें और राष्ट्रीय विकास में योगदान दें।



### 'भारत की संस्कृति, विरासत और लोकाचार में गहराई से निहित है'

समकालीन वैश्विक चुनौतियों – जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा खतरे, प्रौद्योगिकी तक समान पहुँच और एआई का नैतिक उपयोग – को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि ये नवाचार और नेतृत्व के लिए अपार अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 को लागू करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता की प्रशंसा की। यह नीति बहु-विषयक शिक्षा के अवसर प्रदान करती है और भारत की संस्कृति, विरासत और लोकाचार में गहराई से निहित है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनईपी 2020 ने मैकाले शिक्षा प्रणाली की औपनिवेशिक छाप को तोड़कर भारत को परिवर्तनकारी पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि मैकाले की शिक्षा प्रणाली भारत पर शासन करने के लिए शुरू की गई थी और केवल क्लर्क तैयार करती थी। समग्र शिक्षा पर संस्थान के फोकस की सराहना करते हुए, उन्होंने समग्र व्यक्तित्व विकास केंद्र (सीएचपीडी) की स्थापना की सराहना की, जो भगवद गीता, सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों, संज्ञानात्मक विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य पर पाठ्यक्रमों के माध्यम से बौद्धिक, भावनात्मक और नैतिक विकास को बढ़ावा देता है। विकसित भारत श्च 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि एनआईटी कुरुक्षेत्र के स्नातक इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि संस्थान को अब तक 64 पेटेंट प्रदान किए गए हैं, जो अनुसंधान, नवाचार और बौद्धिक संपदा निर्माण की इसकी मजबूत संस्कृति को दर्शाता है।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम, युवा बनें नवाचार के अग्रदूतः सीएम नायब सिंह सैनी



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बदलते दौर में चुनौतियों का सरल व प्रभावी समाधान केवल नवाचार से संभव है। उन्होंने डिग्री धारक और पदक लेने वाले युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की समस्याओं को सरल बनाने में करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। देश को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे केवल नौकरी पाने का लक्ष्य न रखें, बल्कि रोजगार सृजक, समाधानकर्ता और नवाचार के अग्रदूत बनें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान के इतिहास का मील का पत्थर होता है। उन्होंने छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनआईटी कुरुक्षेत्र ने 1963 से अब तक लंबी विकास यात्रा तय की है और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यहां से निकले छात्र आज दुनिया भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और हरियाणा व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही भूमि है जहां 5,163 वर्ष पहले महाभारत का युद्ध हुआ था और जहां विज्ञान व तकनीक का सर्वोच्च स्तर देखने को मिला। उस युद्ध में उपयोग किये गये अस्त्र-शस्त्र के विज्ञान और तकनीक तक अभी भी दुनिया का कोई देश नहीं पहुंचा है।

# संसद के शीतकालीन सत्र में 13 महत्वपूर्ण बिलों पर होगी चर्चा, शिक्षा और कर सुधारों पर रहेगा जोर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार से हो रही है, जिसमें 18वीं लोकसभा का छठा और राज्यसभा का 269वां सत्र शामिल है। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें कुल 15 बैठकें होंगी। सत्र में विधायी और वित्तीय कार्यों पर फोकस रहेगा। सरकार सुधारों को बढ़ावा देने के लिए 13 बिल पेश करेगी, जिनमें परमाणु ऊर्जा, वित्तीय बाजार, शिक्षा और कर सुधार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

सत्र की शुरुआत में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे। विपक्षी %इंडिया% ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स ने राज्यसभा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में बैठक बुलाई है। सदन में विपक्ष विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर बहस की मांग कर सकता है, जिससे सत्र में हंगामा हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्रालय के बुलेटिन के मुताबिक विधायी कार्यों में 13 बिल शामिल हैं।

1. जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) बिल, 2025: यह बिल 17 केंद्रीय कानूनों में छोटे अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने और दंडों को तर्कसंगत बनाने का प्रयास करेगा। पहले अपराध पर चेतावनी देने का प्रावधान है, जो 10 मंत्रालयों के 76 अपराधों को प्रभावित करेगा। इससे कारोबार करने की आसानी बढ़ेगी।

2. इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) बिल, 2025: दिवालिया प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए संशोधन, जो कॉर्पोरेट रिकवरी को सुगम बनाएगा।

3. मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (दूसरा संशोधन) बिल, 2025: राज्य स्तर पर जीएसटी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए, जो एक अध्यादेश की जगह लेगा।

4. रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल, 2025: पुराने कानूनों को निरस्त करने और संशोधित करने का सामान्य बिल।

5. नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल, 2025: भूमि अधिग्रहण को तेज करने के लिए, जिससे राजमार्ग परियोजनाएं तेजी से पूरी होंगी।

6. एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025: परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का महत्वपूर्ण बिल। यह 1962 के परमाणु ऊर्जा अधिनियम को अपडेट करेगा, जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर जोर होगा। पीएम मोदी ने हाल ही में इसकी घोषणा की, जो ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।

7. कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) बिल, 2025: कंपनीज एक्ट 2013 और एलएलपी एक्ट 2008 में संशोधन, जो कारोबार की आसानी बढ़ाएगा।

8. सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल (एसएमसी), 2025: सेबी एक्ट 1992, डिपॉजिटरीज एक्ट 1996 और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट 1956 को एकीकृत करेगा। इससे अनुपालन लागत कम होगी और विदेशी निवेश बढ़ेगा।

9. इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल, 2025: बीमा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए संशोधन।

10. आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन (संशोधन) बिल, 2025: विवाद निपटान को तेज करने के लिए।

11. हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल, 2025: विश्वविद्यालयों को स्वायत्त बनाने और मान्यता प्रणाली को पारदर्शी करने का बिल, जो यूजीसी की जगह लेगा।

12. सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) बिल, 2025: उत्पाद शुल्क प्रक्रिया में सुधार।

13. हेल्थ सिक्योरिटी टू नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025: स्वास्थ्य सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए नया सेस लगाने का प्रावधान।

# सीएम भगवंत मान का जापान दौरा आज से, उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब सीएम भगवंत मान अब जापान का दौरा करेंगे। उनका यह दौरा सोमवार से शुरू होगा। इस दौरान वह 10 दिन के लिए वहां रुकेंगे। इस दौरान वह पंजाब सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली इंडस्ट्रियल समिट के लिए जापानी उद्योगपतियों को आमंत्रित करेंगे। जापान की शीर्ष कंपनियों को पंजाब में निवेश के लिए निमंत्रण देंगे।

पंजाब सरकार जापान के साथ मिलकर काम करना चाहती है, खासकर उन्नत मशीनरी बनाने, गाड़ियों से जुड़ी तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाने की चीजों की प्रोसेसिंग, सौर ऊर्जा और दूसरी नई ऊर्जा तकनीकों जैसे बड़े सेक्टरों में। तीन दिन पहले मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के साथ जापान के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल से ऑनलाइन मीटिंग की।






### दिक्कत

### सोनिया व राहुल गांधी की बढ़ सकती है परेशानी

# नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर

- दिल्ली पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज किया केस
- एजेएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई स्नढ्ढक्र दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं- एजेएल डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है।

शिकायत के मुताबिक, 2010 में एजेएल के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर छ्वरु पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल और सोनिया गांधी की 76 फीसदी हिस्सेदारी है।

एफआईआर 3 अक्टूबर को ईडी की हेडक्वार्टर्स इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एचआईयू) की शिकायत पर दर्ज की गई थी। ईडी ने 2008 से 2024 तक की अपनी जांच रिपोर्ट साझा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। कांग्रेस ने आरोपों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है और कहा है कि उन्हें एफआईटार की जानकारी नहीं है।

### यह है मामला

बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया।

### राडवेज कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

# कर्मचारियों की जायज़ मांगें जल्द पूरी होंगी : लालजीत सिंह भुल्लर

परिवहन मंत्री के साथ बैठक के दौरान बनी सहमति

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब रोडवेज़ और पनबस कर्मचारियों द्वारा पिछले कुछ दिनों से की जा रही हड़ताल समाप्त हो गई है। आज यहाँ पट्टी ( तरन तारन) में परिवहन मंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान कर्मचारी यूनियन के साथ सहमति बन गई।

बैठक के बाद परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि जिन कर्मचारियों को निलंबित किया गया था, उन्हें बहाल किया जाएगा और कर्मचारियों की बाकी जायज़ माँगों का भी जल्द समाधान किया जाएगा।

मंत्री ने आगे बताया कि विभाग द्वारा लाई जा रही नई बसों के संबंध में कर्मचारी यूनियनें दखलअंदाज़ी नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि डिपो स्तर पर जो कर्मचारी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल पाए गए, उनके मामलों में यूनियनें बिना वजह दखल नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहाँ कर्मचारियों और मुलाजिमों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं राज्य के लोगों और यात्रियों के हितों का भी पूरा ध्यान रख रही है।

मंत्री ने कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे जनहित में अपनी सेवाएँ दें और सरकार भी अपने कर्मचारियों का पूरा ध्यान रखेगी।

लालजीत भुल्लर ने आगे बताया कि राज्य में सरकारी बस सेवा बहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि हर मुश्किल से मुश्किल मामले का हल बातचीत के माध्यम से निकाला जा सकता है। उन्होंने ड्राइवरों और कंडक्टरों को कहा कि बस अड्डों पर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखा जाए क्योंकि वही देश का भविष्य हैं।

# न्यू गणेश विहार में बिजली समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों का फूटा गुस्सा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





जीरकपुर। ढकोली स्थित न्यू गणेश विहार में बिजली समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों का रोष फूट पड़ा। क्षेत्र में लंबे समय से बिजली के खंभों पर उलझे तारों का खतरनाक जाल बना हुआ है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। निवासियों ने बताया कि खंभों पर बेतरतीब लटके तार हल्की बारिश या तेज हवा के दौरान स्पार्किंग करने लगते हैं और कई बार खंभों के आसपास करंट फैलने का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर ये खंभे लगे हैं, वहीं बच्चों का आना-जाना और खेलकूद भी होता रहता है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका हर समय बनी रहती है। इसके कारण अभिभावकों और महिलाओं में भय और तनाव का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज करा चुके हैं, लेकिन बिजली बोर्ड की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और न ही तारों को व्यवस्थित करने की दिशा में कोई कदम उठाया गया। लोगों ने बिजली व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में अब तक मीटर बक्से तक स्थापित नहीं किए गए हैं। कई स्थानों पर बिजली मीटर खुलेआम खंभों पर लटक रहे हैं, जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। निवासियों का कहना है कि लगाए गए ट्रांसफॉर्मर का लोड भी पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण गर्मियों में अक्सर स्पार्किंग होती है और बिजली सप्लाई बाधित रहती है। उन्होंने विभाग की इस लापरवाही की कड़ी निंदा की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे प्रशासन और सरकार के समक्ष बड़े स्तर पर विरोध दर्ज कराएंगे। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को तुरंत संज्ञान में लेकर कार्रवाई करेगा, ताकि किसी अनहोनी से पहले स्थिति सुधार ली जाए।

# अकाली दल को जोर का झटका : जौला खुर्द का वड्डे लाणा परिवार कांग्रेस में शामिल



अर्थ प्रकाश/चौहान

लालड़ू। कांग्रेस के हल्का इंचार्ज श्री दीपइन्दर सिंह ढिल्लों और नगर कौंसिल ज़ीरकपुर के प्रधान उदेवीर सिंह ढिल्लों की अगुवाई में आज कांग्रेस पार्टी को उस समय भारी समर्थन मिला, जब गांव जौला खुर्द के पूर्व सरपंच स्वर्गीय निरभै सिंह का 'वड्डे लाणा वाला परिवार' शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कहकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गया।

शामिल होने वालों में तजिन्दर सिंह, जगदीप सिंह, परमजीत सिंह, पंमा, गुरजिन्दर सिंह, भरभूर सिंह, लवप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह, जसमन सिंह, गुरदीप सिंह, यादविन्दर सिंह, गुरजिन्दर सिंह काला, गुरसेव सिंह, जश्न सिंह, जसप्रीत सिंह, चहलप्रीत सिंह, बलजीत सिंह, अवतार सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, सुखजीत सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस पार्टी में इनका स्वागत करते हुए श्री ढिल्लों ने कहा कि अकाली दल की हालत आज सबके सामने है। पार्टी के अंदर सिर्फ कुर्सी की लड़ाई चल रही है। अकाली दल से परेशान होकर कई बड़े नेता अलग-अलग अकाली दल बना चुके हैं। इसी तरह आम आदमी पार्टी के साढ़े तीन साल से अधिक के शासन में हर वर्ग निराश हो चुका है। जिस उम्मीद के साथ लोगों ने इस पार्टी का साथ दिया था, यह पार्टी उस पर खरी नहीं उतरी। पूरे पंजाब में कहीं भी कोई विकास का काम यह सरकार नहीं करवा सकी और लोगों को सिर्फ वादों में ही उलझाए रखा। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल झूठे पर्चे दर्ज करने का ही विकास कर रही है। अपनी तरफ से एक रुपये का भी कोई विकास कार्य नहीं किया गया। ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने हलके में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं छोड़ी—सड़कों का जाल बिछाया, गांवों में लाखों रुपये की ग्रांटें दीं और पूरे हलके में करोड़ों रुपये के काम पूरे करवाए।

# पुलिस कस्टडी में स्नेचर की मौत, नशे की लत बनी कारण

न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





जीरकपुर। थाने में उस समय हफ?तफ?ी मच गई जब पुलिस कस्टडी में एक सनेचर की अचानक तबीयत बिगडने के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा हैं सनेचर के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है और वहां नशा करने का आदि था, क्योंकि मृतक के शरीर का हरेक हिस्सा नशे के इंजेक्शन से गोदा हुआ था। मृतक की पहचान 23 वर्षीय रजनीश शर्मा निवासी शक्ति एनक्लेव ढकौली के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ समय से वीआईपी रोड स्थित रेल विहार सोसायटी में अपने मामा के पास रह रहा था। मृतक रजनीश को शनिवार को स्नैचिंग के एक मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के बताए अनुसार जिन पुरानी घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज उनके हाथ लगी थी, उनमें दिख रहा चेहरा रजनीश से मेल खाता था, इसलिए उसकी गिरफ्तारी से कई स्नैचिंग मामलों के खुलासे होने की उम्मीद थी। सुचना के अनुसार शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे रजनीश की तबीयत अचानक खराब हुई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायिक मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास जांच के लिए रविवार सुबह थाने पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे तक मौजूद अधिकारियों से विस्तृत पूछताछ की। इसके बाद डेराबस्सी अस्पताल में न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों, डॉ. सचिन, डॉ. दपिंदर और डॉ. जैसिका के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। डॉक्टरों के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की मारपीट के निशान नहीं मिले। प्राथमिक जांच में उसकी मौत का कारण नशे की पूर्ति न हो पाना माना जा रहा है। पुख्ता कारण जानने के लिए विसरा और मृतक का दिल फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। एसएचओ सतिंदर सिंह ने बताया कि मामले में धारा 194 के तहत कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद दोपहर में जीरकपुर शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पुलिस का कहना है कि मृतक के खिलाफ पहले भी चोरी, लूटपाट और स्नैचिंग के कई मामले दर्ज थे। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद उनसे उम्मीद थी कि इलाके में हाल ही में हुई कई वारदातों की कडि?ां उसके जरिए जुड़ सकती थीं, लेकिन कस्टडी में उसकी अचानक मौत से जांच की दिशा बदल गई है। यह मामला अब न्यायिक जांच के अधीन है और रिपोर्ट का पुलिस व परिजन दोनों को इंतजार है।

# बीएसएफ ने लगभग चार क्विंटल मादक पदार्थ, भारी मात्रा में हथियार किए बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पंजाब फ्रंटियर ने इस वर्ष अब तक भारी मात्रा में मादक पदार्थ, हथियार, गोली बारूद बरामद करने के साथ साथ अन्य कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया।

बीएसएफ ने एक दिसंबर 2025 को जेसीपीअटारी, अमृतसर में मनाए जा रहे बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जिसमें बताया कि यह साल एक अहम पड़ाव है क्योंकि बीएसएफ गर्व से अपनी स्थापना की डायमंड जुबली मना रहा है, जो 1 दिसंबर 1965 से छह दशकों की अटूट प्रतिबद्धता की याद दिलाता है।

बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को यहां जारी बयान में बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्रंटियर की बड़ी ऑपरेशनल उपलब्धियों, बॉर्डर मैनेजमेंट की पहल, सुरक्षा उपायों और सएक जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 के दौरान की गई दूसरी खास गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि पिछले 11 महीनों दौरान बीएसएफ ने ड्रोन 272, हेरोइन 367.788किलोग्राम, आइस ड्रग्स 19.033 किलोग्राम, अफीम 14.437 किलोग्राम, अलग-अलग तरह के 200 गोला-बारूद 3625, आरडीएक्स/ आईईडी विस्फोटक 10.245 किलो, हैंडग्रेनेड 12 और 265 मैगज़ीन बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने 133 तस्करों सहित 251 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। 18 पाक नागरिक, चार नेपाली नागरिक और चार बंगला देशियों को गिरफ्तार किया गया है। तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मार गिराए गए। पंजाब फ्रंटियर की कुल 22 कंपनियाँ कश्मीर घाटी में पवित्र गुफा के रास्ते पर श्री अमरनाथजी यात्रा 2025 की सुरक्षा ड्यूटी के लिए तैनात की गईं। पंजाब फ्रंटियर से बीएसएफ कंपनियाँ हरियाणा, चंडीगढ़, महाकुंभ मेला प्रयागराज और पंजाब में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिविल एडमिनिस्ट्रेशन की मदद के लिए बुलाई गईं। पंजाब फ्रंटियर के तहत बीएसएफ कंपनियों ने बिहार, नई दिल्ली, गुजरात पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में विधानसभा/उपचुनाव सफलतापूर्वक करवाए।

# जीरकपुर में सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




जीरकपुर। जीरकपुर। शहर में बीती देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार (35) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जिला गोंडा (यूपी) का रहने वाला था और इन दिनों गांव भबात में किराये पर रह रहा था। जानकारी के अनुसार पवन कुमार 28 नवंबर की रात करीब 8 बजे घर से 200 फुटी रोड स्थित पेट्रोल पंप की ओर गया था। लौटते समय जब वह वीआईपी रोड से नाभा साहिब कट चौक की तरफ बढ़ रहा था, तभी पीछे से आ रही एक नामालूम कार के चालक ने तेज रफ्तार में उसकी साइकिल को टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही पवन कुमार सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन दुर्घटना के बाद आरोपी कार चालक भीड़ बढ़ते देख मौके से फरार हो गया। इसी दौरान एसएसएफ (सड़क सुरक्षा फोर्स) जीरकपुर के कर्मचारियों ने घायल युवक को तुरंत सिविल अस्पताल डेराबसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता निरदुपाल ने पुलिस को बयान दे बताया कि उनके बेटे की मौत नामालूम कार चालक की लापरवाही से हुई है। पुलिस ने उनके बयान के आधार पर नामालूम चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 324(4) और 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना जीरकपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी वाहन की तलाश जारी है।

# सीमा बदलाव के चलते मोहाली पंचायत समिति व जिला परिषद चुनाव स्थगित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** राज्य चुनाव आयोग को, ग्रामीण विकास और पंचायतें विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि स्थानीय निकाय विभाग की 28.11.2025 की अधिसूचना के अनुसार, मोहाली नगर निगम से सटे 15 गाँवों को अब मोहाली नगर निगम की सीमाओं में शामिल कर लिया गया है। ग्रामीण विकास और पंचायतें विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अधिसूचना के परिणामस्वरूप पंचायत समिति मोहाली की ये 15 ग्राम पंचायतें अब संबंधित पंचायत समिति/जिला परिषद मोहाली के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो चुकी हैं। चूँकि पंचायत समिति मोहाली और ज़िला परिषद मोहाली की सीमा-रेखा में अब महत्वपूर्ण बदलाव आ चुका है, इसलिए ग्रामीण विकास और पंचायतें विभाग द्वारा इस ब्लॉक और ज़िला परिषद क्षेत्र का पुनः पुनर्गठन किया जाना आवश्यक है। ग्रामीण विकास और पंचायतें विभाग तथा डिप्टी कमिश्नर मोहाली की सिफारिश के आधार पर, आयोग ने यह निर्णय लिया है कि जब तक विभाग इन क्षेत्रों का पुनर्गठन पूरा नहीं करता, तब तक पंचायत समिति मोहाली और ज़िला परिषद मोहाली के सदस्यों के चुनाव स्थगित किए जाते हैं। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पंचायत समिति डेराबस्सी, पंचायत समिति खरड़ और पंचायत समिति माजरी के सदस्यों के चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न होंगे।

### पंजाब में 'युद्ध नशों विरुद्ध' की बड़ी कार्रवाई

# 1.5 किलो हेरोइन सहित 74 नशा तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब से नशों का पूरी तरह सफाया करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के 274वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में व्यापक कार्रवाई की। राज्य के 278 विभिन्न स्थानों पर एक-साथ छापेमारी करते हुए पुलिस ने 59 नई एफआईआर दर्ज कीं और 74 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 274 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या बढ़कर 38,634 हो गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 1.5 किलो हेरोइन, 1.6 किलो गांजा, 25 किलो भुक्की, 349 नशीली गोलियाँ तथा 4.59 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

यह उल्लेखनीय है कि राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और एसएसपीज़ को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नशा विरोधी मुहिम की उच्च-स्तरीय निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है।

आज की इस कार्रवाई में 58 गज़ेटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमें शामिल रहीं, जिन्होंने पूरे राज्य में छापेमारी अभियान को अंजाम दिया। दिन भर चली इस मुहिम के दौरान पुलिस ने 308 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जाँच की।

पंजाब सरकार द्वारा नशों के उन्मूलन के लिए 'ईडीपी – एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन' की त्रि-आयामी रणनीति लागू की गई है। इसी रणनीति के तहत आज पुलिस ने 39 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास हेतु उपचार लेने के लिए तैयार किया, जो इस जंग को सामाजिक स्तर पर और मजबूत बनाता है।

# पंजाब सरकार नशा तस्करों या गैंगस्टर नेटवर्क के दबाव में नहीं आएगी : गढ़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फगवाड़ा।** पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने रविवार को पंजाब में आपराधिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि आप के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नशा तस्करों या गैंगस्टर नेटवर्क के दबाव में नहीं आएगी जो नशा विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं।

फगवाड़ा में युद्ध नशा विरुद्ध के समन्वयक दलजीत राजू के आवास का दौरा करने के बाद मीडिया से बात करते हुए, गढ़ी ने कहा कि आप का पूरा नेतृत्व राजू के साथ मजबूती से खड़ा है और नशे के खिलाफ चल रही लड़ाई को और तेज़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की आक्रामक कार्रवाई ने ड्रग माफिया को बुरी तरह से पंगु बना दिया है, जिससे उन लोगों में हताशा और बदले की भावना पैदा हो गई है जिन्हें इस अभियान के कारण भारी नुकसान हुआ है। गढ़ी ने याद किया कि कैसे आपराधिक तत्वों ने, कथित तौर पर जेलों के भीतर से सक्रिय गैंगस्टरों के मार्गदर्शन में, 27 नवंबर की तड़के राजू को आतंकित करने का प्रयास किया। 26 और 27 नवंबर की मध्यरात्रि को, दो अज्ञात हमलावर राजू के आवास पर पहुंचे और अंधेरे में भागने से पहले 23 से 24 राउंड गोलियां चलाईं। इस घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया, खासकर इसलिए क्योंकि राजू एक जोरदार नशा विरोधी आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं जिसने क्षेत्र में ड्रग तस्करों और गैंगस्टर गुर्गों, दोनों के नेटवर्क को तहस-नहस कर दिया है।

गढ़ी के अनुसार, यह हमला राजू और उनकी टीम द्वारा फगवाड़ा में अवैध ड्रग गतिविधियों को पहुँचाए गए भारी नुकसान का सीधा परिणाम था, जिससे आपराधिक तत्वों को हिंसक धमकी का सहारा लेना पड़ा।उन्होंने मीडिया को बताया कि एसपी माधवी शर्मा की निगरानी में फगवाड़ा पुलिस ने इस मामले से जुड़े तीन संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और आगे की सुरागकशी में जुटी है, जिससे जल्द ही शूटरों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। गढ़ी ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और आश्वासन दिया कि सरकार नशा विरोधी आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में काम कर रहे लोगों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करेगी।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह कैडेटों ने एनडीए से स्नाातक की पढ़ाई पूरी की

अमन अरोड़ा ने कैडेटों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। एस.ए.एस. नगर (मोहाली) स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज़ प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह कैडेटों ने नेशनल डिफेंस अकादमी (एन.डी.ए.), खड़कवासला (पुणे) से स्नातक की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। चीफ़ ऑफ़ नेवल स्टाफ़ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया, जो भारतीय सशस्त्र बलों में अपने करियर की शुरुआत करने वाले इन युवा अधिकारियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण था।

तीन वर्षों की कठोर प्रशिक्षण अवधि के बाद कैडेट गुरकरन सिंह (मोहाली), हरमनवीर सिंह (श्री मुक्तसर साहिब), अर्जुन सिंह तूर (लुधियाना), रिदम महाजन (पठानकोट), अक्षांश अग्रवाल (श्री फतेगढ़ साहिब) और गुरजोत सिंह (संगरूर) अब विभिन्न सर्विस ट्रेनिंग अकादमियों में जाएंगे, जहाँ एक वर्ष के भीतर उनके कमीशंड अधिकारी बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि इन कैडेटों ने कोविड-19 महामारी के दौरान महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

पंजाब के रोज़गार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने कैडेटों को बधाई देते हुए उन्हें और अधिक मेहनत के लिए प्रेरित किया और कहा कि ये युवा पंजाब का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्था इन युवा अधिकारियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

संस्थान के निदेशक मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने कैडेटों को बधाई देते हुए बताया कि 15 कैडेट दिसंबर 2025 में आरंभ होने वाले कोर्सों के लिए एन.डी.ए. तथा अन्य प्रशिक्षण अकादमियों में शामिल होने हेतु कॉल-अप लेटर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि 47 कैडेट शीघ्र ही अपना सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू देंगे। उन्होंने कहा कि कैडेटों की उपलब्धियाँ संस्था और पंजाब का गौरव बढ़ाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान में नए कोर्स में प्रवेश के लिए 15 दिसंबर 2025 तक आवेदन किया जा सकता है।

# भगवद्गीता धार्मिक जीवन और प्रबुद्ध कर्म के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक है: उपराष्ट्रपति

## सीपी राधाकृष्णन ने कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 30 नवंबर।** भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 से इतर आयोजित अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह वेदों की भूमि कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर खड़े होकर अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थान हजारों वर्षों से इस स्थान के रूप में पूजनीय है जहाँ भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भगवद् गीता का दिव्य ज्ञान प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र हमेशा याद दिलाता है कि धर्म अंततः अधर्म पर विजय प्राप्त करता है, चाहे अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। उपराष्ट्रपति ने भगवद् गीता को एक धार्मिक ग्रंथ से कहीं अधिक ÷धार्मिक जीवन, साहसी कार्य और प्रबुद्ध चेतना के लिए एक सार्वभौमिक ग्रंथ÷ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धर्म द्वारा निर्देशित अपने कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का भगवान कृष्ण का आह्वान, एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की कुंजी है।

मजबूत चरित्र निर्माण की महत?ता बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्र, धन या अन्य सांसारिक उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गीता मानवता को एक सदाचारी और अनुशासित जीवन जीने का मार्गदर्शन करती है और भगवान कृष्ण की तरह हमें याद दिलाती है कि नैतिक शक्ति उद्देश्य की स्पष्टता और धार्मिकता के प्रति समर्पण से उत्पन्न होती है।

यह आशा व्यक्त करते हुए कि तेजी से बदलते युग में, गीता व्यक्तियों, समाजों और राष्ट्रों को शांति और सद्भाव की दिशा में मार्गदर्शन करती रहेगी, उपराष्ट्रपति ने इसकी स्थायी प्रासंगिकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली गीता जयंती पिछले नौ वर्षों में एक वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्सव के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने और हरियाणा को प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भगवान कृष्ण के दिव्य गुणों, श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं और सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सभी उम्र के लोगों के लिए सुलभ तरीके से प्रदर्शित करता है।

उन्होंने महोत्सव की सराहना करते हुए इसे एक ऐसा मंच बताया जो सदियों से भारत को जीवित रखने वाले मूल्यों - धर्म, कर्तव्य, आत्मानुशासन और उत्कृष्टता की खोज को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि ये मूल्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यक्त आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की नींव हैं। उपराष्ट्रपति ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और गीता ज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन की भी सराहना की, जिसमें पूरे भारत के संत, विद्वान, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, कलाकार और सांस्कृतिक नेता एक साथ आए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन संवाद को गहरा करते हैं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करते हैं।

## कलाकारों ने लाडवा नगरी को बनाया गीतामय

**लाडवा (विकास कश्यप)।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के जिला स्तरीय समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों ने गीता पर आधारित प्रस्तुतियां देकर लाडवा नगरी को गीतामय बना दिया। प्रस्तुतियों में भगवान श्रीकृष्ण के विराट रूप दिखाने की झांकी ने खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान कलाकारों ने गीता, महाभारत, भगवान श्री कृष्ण के गीतों, भजनों, रागनियों और झांकियों की प्रस्तुतियां दी। रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में मार्कीट कमेटी चेयरमैन डा.गणेश दत्त ने प्रदर्शनी व क्राफ्ट मेला के लगे स्टॉलों का अवलोकन किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को शिवा कला मंच, अरमान म्यूजिक ग्रुप और नवोदय विद्यालय निवारसी के बच्चों ने प्रस्तुत किया। सबसे पहले भगवान गणेश की आराधना करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद भव्य विराट रूप को दर्शाती मनमोहक झांकी निकाली गई। हरियाणवी लोक गीत की प्रस्तुति देते हुए भगवान श्री कृष्ण व नरसी भगत का किस्सा प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से नरसी सेठ के नरसी भगत बनने का विवरण समझाया गया। नवोदय विद्यालय निवारसी के बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के संवाद को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी।

**स्वामी ज्ञानानंद बोले- वर्तमान में मानव की सबसे बड़ी जरूरत गीता :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता वर्तमान में मानव की सबसे बड़ी जरूरत है। इसी बात को देखते हुए सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के साथ-साथ सभी जिलों में जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन करवाया



है। मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी की विधानसभा लाडवा में भी इस आयोजन को करवाया जा रहा है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज रविवार को आयोजित गीता जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने स्कूल परिसर में स्थित मंदिर में पूजा की। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता भारतीय सनातन परम्पराओं का अदभूत ग्रंथ है। यह केवल ग्रंथ ही नहीं अपितु प्रत्येक समस्या का समीचीन समाधान, दुखों की समूल निवृत्ति और परमानंद की प्राप्ति का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान की सब पर कृपा बनी रहे। उन्होंने सभी को गीता जयंती के महोत्सव की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर सचिन गर्ग, सुनील गर्ग, जोगध्यान लाडवा, राकेश खुराना, सन्नी कालड़ा, अंकुश गोयल, निर्मल, हरप्रीत चीमा, विजेंद्र गोयल, योगराज बंसल, सोमप्रकाश शर्मा सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## ज्ञान वही जिसे व्यवहार में लाया जाए : कल्याण

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल 30 नवंबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि असली ज्ञान वही है जिसे व्यवहार में लाया जाए। फल की इच्छा किए बिना मेहनत से कर्म करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। श्री कल्याण आज यहां डा. मंगल सेन सभागार में अंतर्राष्ट्रीयय गीता महोत्सव पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले प्रकाश सूर्यवंशी की टीम द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया।

दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ से की गई। इसमें असंध के विधायक योगेंद्र राणा, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ कंचनलता, योजना अधिकारी अमिता आदि ने आहूर्ति डाली। विधायक श्री राणा और विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा गीता के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। श्री कल्याण ने स्वयं सहायता समूह तथा अन्य संगठनों की ओर से लगाए गए स्टाल्स पर प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये उत्पाद नामी कंपनियों के उत्पादों से बेहतर हैं। स्टाल लगाने वालों ने सही मायने में गीता ज्ञान को आत्मसात किया है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वही है जिसे व्यवहार में लाया जाए। घरों में बुजुर्ग जब परिवार सदस्यों को यह कहते हैं-मेहनत करो, संयम रखो, दूसरों की मदद करो, किसी का दिल मत दुखाओ, इन बातों में गीता का संदेश निहित है। जीवन में आगे बढने के लिए मेहनत जरूरी है। तरक्की का कोई शॉर्टकट नहीं। परिश्रम का परिणाम अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि डिग्री से अच्छा पद भले मिल सकता हो लेकिन असली खुशी आध्यात्मिक व धार्मिक ज्ञान से ही मिलती है। अच्छा इंसान कभी दूसरे का दिल नहीं दुखाता। कल्याण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए जीवन में आगे बढना है। उन्होंने देश की तरक्की में सहभागी बनने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने का साकार करने के लिए योगदान देना है। राष्ट्र की तरक्की में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को कर्मयोगी बताते हुए कहा कि यह उनकी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में मेहनती युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है।

## वोकल फार लोकल है देश की मजबूती का आधार : डॉ. अरविंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गोहाना, 30 नवम्बर।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि देश को समृद्धता एवं विकसित श्रेणी में लेकर जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी अभियान को गति देने का काम किया है। इस क?ी में मेक इन इंडिया के साथ-साथ वोकल फार लोकल को हमे मिलकर अपनाना है, ताकि इससे देश को मजबूती मिले।

रविवार को वे अपने सेक्टर 7 स्तिथ आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128वां संस्करण सुन रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल जन जु?ाव का ही माध्यम नहीं बना है, अपितु यह अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रहे लोगों को कहानियां जन-जन तक पहुंचाते हुए प्रत्येक भारतीय को आगे बढाने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जनता का आह्वान और आमजन द्वारा लक्ष्य के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक बेहतरीन माध्यम यह कार्यक्रम बना है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि स्वदेशी अभियान को निरन्तर अपनी दिनचर्या में लाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना है, तभी हम स्थानीय दुकानदारों व आम आदमी को सशक्त बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा क्षेत्र, कृषि खाद्यान्न क्षेत्र से लेकर खेल क्षेत्र में तेजी से आगे ब? रहा है, खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका जिक्र मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं।

## मैक्स गुरुकुल में इंटर हाउस एथलीट मीट का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अभिषेक दीवान



**सफीदो।** मैक्स गुरुकुल में खेल परम्पराओं को निभाते हुए धमाकेदार इंटर हाउस एथलीट मीट का आयोजन किया गया। दो दिन चलने वाली इस एथलीट मीट में मैक्स गुरुकुल व मैक्स इंटरनेशनल दोनों विद्यालयों के दस सदनों से लगभग सभी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता की शुरुआत मसाल ज्वलित कर की गई। इस प्रतियोगिता में 100मीटर, 200मीटर, 400मीटर, 800मीटर, रिले रेस , हर्डलरेस आदि दौ? , लंबी कूद, ऊंची कूद , शॉटपुट आदि खेलों की प्रतियोगिता हुई। इस दौरान वैश्विक स्तर के योगा चैंपियन व वर्तमान सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता श्री तेजस्वी कुमार शर्मा मुख्यातिथि के रूप में विराजमान रहे। उन्होंने कहा कि मैक्स के इन होनहार और उत्साही बच्चों को देख कर मेरा चित ?ुशी से गद-गद हुआ है। मैक्स के छात्रों का उत्साह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि मैं पेशे से वकील जरूर हूँ पर मेरी आत्मा खेलों में ही बसती है। खेल जीवन का अहम हिस्सा है इसलिए हर अभिभावक और शिक्षक के द्वारा बच्चों को खेलने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाए जाने चाहिए।

स्कूल चैयरमैन मुकेश बंसल ने कहा कि आज की भागदौड़ व तनावशील भरे जीवन में खेल ही उत्तम उपचार है। बच्चों का सर्वांगविकास ही मैक्स का प्रथम उद्देश्य है जो खेलों के बिना असंभव सा प्रतीत होता है। स्कूल डायरेक्टर श्री कपिल गुप्ता ने खेलों को अनिवार्य बताया । उन्होंने कहा कि यह न केवल बाल्यकाल के लिए ही अपितु हर अवस्था के लिए अनिवार्य है। खेलों के द्वारा बच्चे के मस्तिष्क का विकास सुयोग्य रूप से होता है। उन्होंने कहा कि खेल मुख्य रूप से बच्चों को कुसंगति और अनाचार से बचाते हैं इसलिए हम अपने विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाते ही रहते हैं। मैक्स इंटरनेशनल प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका राय व मैक्स गुरुकुल प्रधानाचार्य श्री हरीश भारद्वाज दोनों ने अपने स्कूल के बच्चों की प्रशंसा की। मैक्स प्रधानाचार्या सोनिका रॉय

कहा कि हमारे स्कूल के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुके हैं। हम इस खेल प्रथा को यथावत् बनाएं रखने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि खेल ही आने वाली पीढ़ियों को दुर्भावनाओं से बचा सकता है और खेल ही इन भविष्यनिर्माताओं में सद्भावनाओं का संचार कर सकता है।

## गुरुग्राम के समग्र विकास के लिए सरकार मिशन मोड में कार्यरत : राव नरबीर सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के समग्र विकास को लेकर राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता है कि आमजन को हर सेवा समय पर, पारदर्शिता के साथ और सर्वोत्तम गुणवत्ता में उपलब्ध हो।

राव नरबीर सिंह ने गत देर सांय गांव हाजीपुर (पातली) में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम की विकास आवश्यकताओं को देखते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से तेजी से योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत करना ही नहीं, बल्कि गांवों को भी शहरों जैसी उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और स?कों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने गांव में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें एचएसआईआईडीसी की ओर से 72 लाख रुपये की लागत से बनाए जाने वाले आधुनिक पार्क का निर्माण, पंचायत विभाग द्वारा 4.7 करो? रुपये की लागत से बनने वाले पीएचसी का शिलान्यास और एमजीजीबीवाई कॉलोनी के विकास के लिए लगभग 2 करो? रुपये की परियोजना शामिल है। इसके अतिरिक्त गांव के खेतों तक पहुंचने वाले पक्के रास्तों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने एचएसआईआईडीसी द्वारा 1.62 करो? रुपये की लागत से गांव में स्थापित की गई स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि यह सुविधाएं न केवल ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करेंगी, बल्कि गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा देंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी दिनों में गांव और आसपास के क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं पर भी प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

## वाहन चोर गिरोह के तीसरे आरोपी को तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाई पानीपत पुलिस

आरोपी पर हरियाणा, दिल्ली व यूपी में वाहन चोरी के 60 से अधिक मामलें दर्ज है

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



**पानीपत, 30 नवबंर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट टीम इको गाड़ी चोरी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को शनिवार को तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। सोनीपत की बाबा कॉलोनी निवासी आरोपी मुकेश उर्फ विक्की वाहन चोरी के अन्य मामलों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि उनकी टीम ने गत दिनों इसके दो साथी आरोपियों सोनीपत के कतलुपुर गांव निवासी मंजीत व दिल्ली के नरेला स्थित स्वतंत्र नगर निवासी साहिल को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने फरार अपने साथी आरोपी मुकेश उर्फ विक्की के साथ मिलकर थाना चांदनी बाग क्षेत्र के सेक्टर 12 व सोनीपत के मुरथल से एक-एक इको गाड़ी चोरी करने की वारदात स्वीकारा की थी।

पानीपत सेक्टर 12 से गा?ी चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गोसअली मोहल्ला निवासी मोहम्मद आरीफ की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सोनीपत के मुरथल से चोरी हुई गाड़ी की वारदात बारे थाना मुरथल में जलदीप निवासी मुरथल की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक इक्को व दूसरी के पार्टस बरामद किए थे। पूछताछ में आरोपी मंजीत ने बताया था गांव में अडडे पर उसकी वर्कशॉप है। पानीपत गोसअली मोहल्ले से चोरी की इक्को गा?ी को वर्कशॉप में ले जाकर काट दिया। कटी गा?ी के कुछ पार्ट फरार उनका साथी आरोपी मुकेश उर्फ विक्की बेचने के लिए ले गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी की गा?ी के बचे पार्टस इंजन, सीएनजी किट, सस्पेंशन, वॉयरिंग, चार सीट व सोनीपत के मुरथल से चोरी की इक्को गा?ी बरामद कर रिमांड अवधि पूरी होने पर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद फरार आरोपी मुकेश उर्फ विक्की की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कुरुक्षेत्र के महाभारत अनुभव केंद्र के अनुभव को देशवासियों के साथ किया साझा

**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिन पहले कुरुक्षेत्र में जो अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अनुभव प्राप्त किया , वह उनके दिल को आनंदित कर गया। रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र में महाभारत अनुभव केंद्र का जिक्र देशवासियों के साथ साझा किया। उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध हुआ था, ये हम सभी जानते हैं, लेकिन युद्ध के इस अनुभव को अब आप वहाँ महाभारत अनुभव केंद्र में भी साक्षात देख सकते हैं। इस अनुभव केंद्र में महाभारत की गाथा को 3डी लाईट/साउंड शो और डिजिटल टेक्निक से दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को जब मैं कुरुक्षेत्र गया था तो इस अनुभव केंद्र के अनुभव ने मुझे आनंद से भर दिया था।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना भी मेरे लिए बहुत विशेष रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### नन्ही चैम्पियन मानवी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा : कश्यप

**करनाल 30 नवंबर (शैलेंद्र जैन)।** करनाल शहर गांव बागपति, हरियाण की बेटी मानवी ने सबसे कम उम्र में ताइक्वांडो के क्षेत्र में 3 साल की उम्र में सबसे पहली ब्लैक बेल्ट कोरिया कुक्कीवोन की ओर से 28 फरवरी 2023 में प्राप्त की।



5 साल की उम्र में मानवी ने ताइक्वांडो में दूसरी ब्लैक बेल्ट कोरिया कुक्कीवोन की ओर से 28 अप्रैल 2025 में प्राप्त की। सबसे कम उम्र में ताइक्वांडो के क्षेत्र में दो ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली खिलाड़ी बन गई है अब मानवी का नाम उसकी अचीवमेंट देखते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस लंदन बुक मैं नाम दर्ज हो गया है वह सबसे कम उम्र की वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गई है बेटी मानवी द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों में . करनाल जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल प्राप्त किया . करनाल कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, ओपन इंटरनेशनल स्पीड किक ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, हरियाणा स्टेट अस्मिता ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 2024 में नेशनल डायमंड अवार्ड से सम्मानित हो चुकी हैं . 9 अक्टूबर 2025 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित इंटरनेशनल ओपन कुक्किवन कप में गोल्ड मेडल हासिल किया शामिल हैं।

### शहीदी शताब्दी समारोह और नगर कीर्तन में सहयोग और भागीदारी के लिए संगत का आभार: रघुजीत सिंह विर्क

करनाल 30 नवंबर (शैलेंद्र जैन):- सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक



कमेटी श्री अमृतसर साहिब जी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट स. रघुजीत सिंह विर्क ने सिंह साहिबों, तख्त साहिबों के जत्थेदारों, तख्त साहिबों की मैनेजिंग कमेटियों, सभी निहंग सिंह दलों, टकसालों, सिख संगठनों, निर्मला, उदासीन संप्रदायों, कार सेवा के जाने-माने लोगों, लंगर में मदद करने वाले संगठनों, अलग-अलग राज्यों की गुरुद्वारा कमेटियों, सभी पत्रकारों से 350वें शहीदी शताब्दी समारोह और नगर कीर्तन में सहयोग करने का अनुरोध किया है। सोशल और प्रिंट मीडिया और गुरु नानक नाम लेवा संगत का खास धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर महाराज जी ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए महान शहादत दी।

### राष्ट्रीय कार्यशाला में डॉ. विजय चावला सम्मानित

**कैथल, 30 नवंबर।** हिंदी भाषा शिक्षण के क्षेत्र में नवाचारी खेल गतिविधियों का सफलतापूर्वक प्रयोग करने वाले आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला को एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पाँच दिवसीय कार्यशाला में 'गतिविधि गुरु' की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एनसीईआरटी के पुस्तक समन्वयक डॉ. नीलकंठ कुमार ने उन्हें विषय विशेषज्ञ के रूप में 'वीणा' पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र व पुस्तक की प्रति भेंट की। उन्होंने कहा कि डॉ. चावला की नवाचारी गतिविधियाँ और भाषाई खेल, नई पीढ़ी के लिए भाषा शिक्षण को सरल, रुचिकर और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. चावला ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान उनके जीवन का महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि 'वीणा' श्रृंखला भारतीय जीवन-दर्शन के पंचकोशीय ज्ञान सिद्धांत पर आधारित समग्र शिक्षा की भावना को अभिव्यक्त करती है। यह सिर्फ भाषा सीखने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आत्मिक विकास का सशक्त उपकरण है। उन्होंने बताया कि इस श्रृंखला में समानता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुत्व और मानव गरिमा जैसे सवैधानिक मूल्यों को स्वाभाविक रूप से स्थान दिया गया है।

## भूप सिंह नैना बने इनेलो एससी सेल के जिलाध्यक्ष

**कैथल, 30 नवंबर।** इंडियन नेशनल लोकदल एससी सैल की मीटिंग पार्टी कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा और जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने की।

मीटिंग में भूप सिंह नैना को एससी सेल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इससे पहले पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने भूप सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा ने भूप सिंह की विधिवत रूप से नियुक्ति की घोषणा की। इस नियुक्ति पर उपस्थित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भूप सिंह को बधाई दी। भूप सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे उस पर खरा उतरेंगे तथा पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए काम करेंगे।

गीता महोत्सव

धर्म, संस्कृति और कर्मयोग का संदेश, गूंजे श्रीकृष्ण के अमर उपदेश

## गीता के सिद्धांतों को आत्मसात करके समाज नई ऊंचाइयों को छू सकता है: कृष्ण

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



**पानीपत, 30 नवंबर।** आर्य महाविद्यालय प्रांगण रविवार को श्रद्धा, संस्कृति और अध्यात्म के विराट संगम का साक्षी बना, जब जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन शहरवासियों और स्कूली बच्चों का भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस भव्य उत्सव ने पानीपत को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। बांसुरी, नगाड़ों और भक्ति संगीत की गूंज ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने स्वागत किया। मंच पर कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, संत-महात्मा, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार में पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गीता का संदेश किसी युग, समय या परिस्थिति का मोहताज नहीं है। यह वह प्रकाश स्तंभ है जो मानवता को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर अर्जुन को दिया गया उपदेश कालजयी है और आज की पीढ़ी यदि गीता के सिद्धांतों को आत्मसात कर ले, तो समाज और राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उनके ये शब्द उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार कर गए।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गीता उपदेशों के 5 हजार वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, जो 2016 में आरंभ हुआ था, आज अपने 10 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक 21 दिवसीय भव्य आयोजन जारी है। मॉरीशस, लंदन, कनाडा, यूके, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों में गीता महोत्सव आयोजित किए जा चुके हैं। इस वर्ष 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित समारोह में भाग लेकर कार्यक्रम को विशिष्टता प्रदान की। इस वर्ष मध्यप्रदेश को सहयोगी राज्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गीता किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए मार्गदर्शन का शाश्वत स्रोत है।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर दहिया ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का अद्भुत मार्गदर्शक है। निष्काम भाव से कर्म करना, कर्तव्य को सर्वोपरि रखना और निर्णयों में संतुलन बनाए रखना ही सच्चा कर्मयोग है। बढ़ते तनाव के दौर में गीता का ज्ञान पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। हमें गीता को केवल पढना नहीं, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। आम व्यक्ति ने इस विचारपूर्ण संदेश का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। बांसुरी की मधुर तान और नगाड़ों की ताल ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

### हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा ने ब्रह्मसरोवर की महाआरती में की शिरकत

# कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पांव रखने मात्र से ही होता है आध्यात्मिकता का अनुभव : सुमन सैनी

**केडीबी की तरफ से मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कुरुक्षेत्र 30 नंवबर।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर पांव रखते ही आध्यात्मिकता और भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद की अनुभूति होती है। इस धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश दिए जो आज भी पूर्णता प्रासंगिक है। इन उपदेशों का अनुसरण करने के लिए पूरे विश्व के नागरिकों को भी प्रेरित और जागरूक करने की जरूरत है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को देर सायं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित महाआरती व महापूजन कार्यक्रम में अपने मन के भाव व्यक्त कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी,विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक, मुख्यमंत्री श्री नायब सिहं सैनी की पुत्री वंशिका व वर्णिका, ओएसडी हिना बिंदलिश, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महापूजन व महाआरती में भाग लिया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों से पूरी मानवता को शांति का संदेश मिल रहा है। इस ग्रंथ के उपदेश कलयुग के ही नहीं अपितु भविष्य के लिए भी पूरी तरह प्रासंगिक है। इस ग्रंथ के उपदेशों का अनुसरण करते हुए एक-दूसरे को समझने का प्रयास करना चाहिए और पूरे विश्व को शांति की राह पर आगे बढना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ के उपदेशों को समझने के साथ-साथ अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इन उपदेशों का अनुसरण करके ही कोई भी देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ सकता है। इस ग्रंथ के उपदेशों से मन शुद्ध होता है और जब मन शुद्ध होगा तो धर्म जाति को भूलकर मानवता के सूत्र में बंध जाएगा। जब पूरी मानवता एक सूत्र में बंध जाएगी तो निश्चित ही विश्व में शांति स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। यह महोत्सव अब आमजन का दीपावली जैसा त्योहार बन गया हैं। अब इस महोत्सव में हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंचते हैं। इस महोत्सव में पर्यटकों को कला, संस्कृति और संस्कारों का संगम देखने को मिलता हैं। इस महोत्सव से न केवल प्रदेश की प्राचीन संस्कृति, संस्कारों और शिक्षा को सहेजने का काम किया गया है अपितु लोक कलाकारों और शिल्पकारों के लिए भी यह महोत्सव वरदान साबित हुआ हैं।

इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया। केडीबी की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत वडैच, सौरभ चौधरी, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, हरमेश सिंह सैनी, डीवाईसीए के निदेशक डा. विवेक चावला, सुशील राणा, डा. अलकेश मोदगिल, राजेश कुमार, डा. संदीप छाबड़ा, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने फिर नशा तस्कर को किया काबू

**पकड़े गए आरोपी तस्कर के कब्जे से 13.75 ग्राम हेरोइन बरामद।**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना और हरदम से मुस्तैद रहने वाले थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जगतपुरा मोहाली निवासी 22 वर्षीय सुनीत प्रसाद के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 13.75 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर दलवीर सिंह और अन्य पुलिस पार्टी 29 नवंबर को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब शाम साढ़े 5 बजे का होगा। पेटोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 47 सी/डी के पास पहुंची तो एक युवक सरकारी टॉयलेट की तरफ से आया और पुलिस पार्टी को देखकर पीछे की तरफ मुड़ गया। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली लो पुलिस को आरोपी के कब्जे से 13.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।बता दे कि थाना 31 पुलिस ने इससे पहले भी एरिया में अपराधिक वारदातो और नशीले पदार्थो की सप्लाई करने वाले आरोपी तस्करों की धरपकड़ कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है।थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार का कहना है कि अगर किसी भी शातिर अपराधी ने एरिया में किसी भी तरह की अपराधी वारदात या फिर नशीले पदार्थो की सप्लाई की तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## वार्ड 11 में ग्योंग ड्रेन के साथ लगती सड़का का 30 लाख से होगा विकास : सुरभि गर्ग

**बोलीं- 70 लाख से आधा हिस्सा पहले ही बनकर हो चुका है तैयार**

अर्थ प्रकाश/ ओमप्रकाश



### हर वार्ड में लग रही नई स्ट्रीट लाइटें: सुरभि गर्ग

चेयरपर्सन ने बताया कि शहर के हर वार्ड में नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। हाल ही में लाखों रुपये की लागत से जींद रोड पर नई रुश्वष्ठ लाइटों का शुभारंभ किया गया है। वार्डवासियों और पार्षदों की मांग पर हर जगह लाइटें लगाई जा रही हैं। साथ ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण कार्य भी लगातार जारी है।

कैथल, 30 नवंबर। वार्ड नंबर 11 के समीप ग्योंग ड्रेन के साथ लगती कच्ची सड? को पक्का करने के लिए नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस सड? के आधे हिस्से का निर्माण पहले ही 70 लाख रुपये की लागत से किया जा चुका है। अब शेष आधे हिस्से के पक्के निर्माण पर 30 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। चेयरपर्सन द्वारा शिलान्यास किए जाने के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होकर समय पर पूरा कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा चंदाना गेट मंडल के अध्यक्ष गोपाल सैनी, महावीर सैनी, हरिकेश सैनी, पुष्पेंद्र कश्यप, बलवान सैनी, बलजीत जांगड़ा, प्रमोद, हरिकिशन सैनी, रमेश, सुशीला शर्मा पार्षद,नरेश, कपूर चंद लड़ी, कमल राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि वार्ड नंबर 11 के निवासी लंबे समय से इस सड? की मरम्मत की मांग कर रहे थे। करीब 15 वर्षों से यह सड? जर्जर हालत में थी और गहरे गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे थे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा अब तक शहर में 300 सड?ें बनाई जा चुकी हैं। छात्रावास रोड, रेलवे गेट से भगत सिंह चौक, कबूतर चौक तक की सड?, जिला सचिवालय वाली सड? और सेक्टर-20 की मुख्य सड?ों के निर्माण के लिए भी टेंडर लग चुका है। ये कार्य भी जल्द शुरू होंगे। इसके साथ-साथ, ड्रेन के साथ लगती सड? के पक्के निर्माण के साथ ड्रेन को भी 9 करोड़ रुपये की लागत से पक्का किया जा रहा है, जिससे वार्डवासियों को गंदे पानी से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलेगी।

## सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी: रामचंद्र जडौला

**कहा- बंद कमरे में अंगीठी जलाने से ऑक्सीजन की कमी हो सकती है घातक साबित**

अर्थ प्रकाश/ ओमप्रकाश



**कैथल, 30 नवंबर।** पूर्व हैफेड डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए इस मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क व जागरूक रहना जरूरी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले समय में और अधिक सर्दी पडने की संभावना है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने सर्दी के मौसम में अपने घरों में लकड़ी जलाकर आग जलाने वालों से विशेष अपील करते हुए कहा कि कभी भी बंद कमरे में लकड़ी नहीं जलानी चाहिए। बंद कमरे में अंगीठी जलाकर आग पकाने से बंद कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जो हमारे लिए घातक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि अस्थमा और सांस की बीमारी के मरीजों को ज्यादा ठंड होने पर घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए और साथ ही गर्म चीजों जैसे सूप, चाय, कॉफी, संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। इस मौसम में गर्म कपड़े दो या तीन परतों में पहनने चाहिए, ताकि शरीर का तापमान सही रहे। शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में या आवश्यकतानुसार गुनगुना पानी पिएं और संतुलित आहार लें। रामचंद्र जडौला ने कहा कि सर्दियों में अधिकतर बुजुर्ग और छोटे बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए बुजुर्ग और हृदय रोग के मरीजों को सुबह और देर शाम के समय अधिक ठंड और कोहरा होने पर टहलने या घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

## पीएम की मन की बात से समाज और संगठन दोनों को मिलती है नई दिशा : अशोक गुर्जर

**कार्यकर्ताओं संग किया स्वदेशी व आत्मनिर्भरता पर मंथन**

अर्थ प्रकाश/ ओमप्रकाश

कैथल, 30 नवंबर। पाडला मंडल के बूथ संख्या 54 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के संदेशों को सुना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के बीच 'हर घर स्वदेशी', स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि देश को सशक्त, स्वावलंबी और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए स्वदेशी अपनाना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब कार्यकर्ता किसी लक्ष्य को लेकर संकल्पबद्ध हो जाते हैं, तो राष्ट्र निर्माण की गति स्वत~ ही तेज़ हो जाती है। उन्होंने सभी बूथ कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जन आंदोलन बनाने का निर्णय लिया गया। अशोक गुर्जर ने भी 'मन की बात' को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे समाज और संगठन दोनों को नई दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री के वक्तव्यों ने कार्यकर्ताओं को स्वदेशी व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढने का नया संकल्प दिया। बैठक में 'हर घर स्वदेशी' अभियान को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि स्थानीय उत्पादों व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना ही भारत को सशक्त और स्वावलंबी बनाने का मार्ग है। समर्पित कार्यकर्ता किसी भी राष्ट्र निर्माण अभियान की असली ताकत होते हैं। युवा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देते हुए स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। स्वदेशी अभियान को घर-घर, विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं तक ले जाने से अधिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मंडल स्तर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रमों को संगठन की एकता और जनसंपर्क को मजबूत करने वाला बताया। निर्णय लिया गया कि जल्द ही पाडला मंडल के सभी बूथों पर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतबीर शर्मा ने की। विशेष रूप से भाजपा नेता मुनीष कठवाड़, चेयरमैन सतीश सिरटा, विरेंद्र बत्तरा, शिव कुमार पाराशर, पंडित लज्जा राम, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

## अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह के साथ संपन्न
## समाज की प्रेरणादायी यात्रा पंच संकल्पों के अनुरूप संगठित समाज की नई पहचान : बुवानीवाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 30 नवंबर:** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हम कोई अस्पताल या अन्य संस्थान नहीं चलाना चाहते बल्कि नेता बनाने की फैक्ट्री चलाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को अपना ध्येय मानकर साल 2009 में जब हमने पंच संकल्पों के साथ यात्रा शुरू की थी, तब न संसाधन थे न कोई बड़ा संगठनात्मक ढांचा। परंतु आज जब हम 17 वर्षों की यात्रा को पीछे मुडकर देखते हैं तो हमें गर्व होता है कि हमारे पंच संकल्प केवल विचार नहीं रहे वे जमीन पर उतरे हैं, फल-फूल रहे हैं और समाज की नई दिशा तय करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहें हैं। अशोक बुवानीवाला एक निजी होटल में अग्रवाल वैश्य समाज के 17वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल के साथ शुरू हुए समारोह को वैश्यजनों के उत्साह ने ऐतिहासिक बना दिया। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज की सफलता की नींव त्याग, सहयोग और संगठन पर आधारित है और इतने वर्षों की यह यात्रा इस सफलता का प्रमाण है। संगठन के पंच संकल्पों को याद करते हुए बुवानीवाला ने कहा कि अपने गठन के समय हमने राजनीतिक भागीदारी, संगठित समाज, युवा पौध का अंकुरण, मातृशक्ति का उत्थान और सामाजिक सहभागिता के जो पांच संकल्पों का प्रण लेकर वैश्य समाज को सत्ता की भागीदारी के साथ एक धुरी बनाने का काम किया जिसें आज हम फलीभूत होते देख रहे हैं। राजनीतिक भागीदारी पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तभी तेज होता है जब वह राजनीतिक शक्ति का हिस्सा बनता है। समाज ने पिछले वर्षों में स्थानीय निकायों, पंचायतों, और विधानसभा स्तर पर वैश्य समाज के नेताओं को आगे बढ़ने के प्रयास किए। डॉ. वरुण जैन ने कहा कि वैश्य समाज को आज राजनीतिक दल दुधारू गाय मानते हैं। हर जिले में एक अशोक बुवानीवाला पैदा कर लो तभी राजनीतिक रूप से आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में यूपी से अनिल सुभाष, सिमरन गुप्ता, पंजाब के अध्यक्ष अमित जैन, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल, पवन अग्रवाल, विनोद सिंगला आदि मौजूद थे।


International institute of Engineering and technology
GT Road vill samani kurukshetra

Staff requirement
Principal Director, Registrar
AP,ME,CE,CSE,ECE,EE
Applied Science, math, Eng, Phy, Chemistry, MBA, MCA, DPE, Assistant
Clerk, Receptionist
Salary as per norms
On Adhoc base
Contact
8901260111.8901260222. 7419065202
iiet@iiedu.in



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा स्टेट जूडो एसोसिएशन (पंजीकरण संख्या-18), समालखा , पानीपत के आगामी चुनाव निकट भविष्य में संपन्न होने वाले हैं।
इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों/खेल संस्था को आमंत्रित किया जाता है, जो स्वयं को उक्त एसोसिएशन का वैध सदस्य मानते हैं, कि वे अपनी सदस्यता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रशासक (हरियाणा स्टेट जूडो एसोसिएशन, पंजीकरण संख्या - 18) कार्यालय में प्रस्तुत करें।
अतः सभी दावेदारों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित दस्तावेजों सहित अपना दावा इस सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर प्रशासक कार्यालय में जमा कराएं—
सदस्यता प्रमाण / सदस्यता शुल्क का विवरण
-पहचान संबंधी प्रमाण पत्र
-एसोसिएशन से संबंधित अन्य आवश्यक अभिलेख
निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त किसी भी प्रकार के दावों/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
दस्तावेज़ों की जांचोपरांत ही अंतिम सदस्य सूची एवं मतदाता सूची को मान्यता प्रदान की जाएगी।

**सुदर्शन शर्मा**
**प्रशासक**
**हरियाणा स्टेट जूडो एसोसिएशन**
**(Regn.No.18)**
**कार्यालय-**
**प्रिंसिपल**
**राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीवन, कैथल**

## पूर्व सीआई शंकरैया को बर्खास्त, सीएम चंद्रबाबू को भेजे नोटिस के बाद विवाद तेज

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी





**अमरावती।** पुलिवेंदुला के पूर्व सीआई शंकरैया को कुरनूल डीआईजी कोया प्रवीण ने नौकरी से निकाल दिया है। उक्त इस आदेश को कुरनूल स्क्र विक्रांत पाटिल ने डीआईजी के आदेश पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत शंकरैया को ड्यूटी से हटाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फैसला तुरंत लागू होगा। शंकरैया अभी वीआर में हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को नोटिस भेजने वाले पूर्व सीआई के खिलाफ सरकार ने एक सनसनीखेज फैसला लिया है। पुलिस प्रमुखों ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें नौकरी से हटाने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

पुलिवेंदुला के पूर्व सीआई शंकरैया को कुरनूल डीआईजी कोया प्रवीण ने नौकरी से निकाल दिया है। कुरनूल स्क्रविक्रांत पाटिल ने छ्वढ्ढत्र के आदेश पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत शंकरैया को ड्यूटी से हटाने के आदेश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फैसला तुरंत लागू होगा। शंकरैया अभी वीआर में हैं। विधानसभा में वाईएस विवेका हत्या मामले के बारे में बताते हुए, सीएम चंद्रबाबू नायडू ने तत्कालीन सीआई शंकरैया का नाम लिया। चंद्रबाबू ने आरोप लगाया कि वाईएस विवेका मर्डर केस के आरोपियों ने सीआई शंकरैया की मौजूदगी में सबूत मिटा दिए। चंद्रबाबू ने शंकरैया की खुलेआम आलोचना की कि घटना की जगह पर होने के बावजूद उन्होंने उन्हें नहीं रोका। इस मामले में, सीएम चंद्रबाबू के आरोपों को खारिज करते हुए शंकरैया ने कहा कि चंद्रबाबू ने उनके सम्मान और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। सीआई शंकरैया ने 18 सितंबर को सीएम चंद्रबाबू नायडू को लीगल नोटिस भेजा।

शंकरैया ने लीगल नोटिस में मांग की है कि चंद्रबाबू नायडू विधानसभा में उनसे माफी मांगें और उन्हें 1.45 करोड़ रुपये का मुआवजा दें। नोटिस में कहा गया है कि वह 29 साल से पुलिस डिपार्टमेंट में ईमानदारी से काम कर रहे हैं और चंद्रबाबू को 15 दिनों के अंदर सबके सामने माफी मांगनी चाहिए। यह मामला इसलिए गरमा गया क्योंकि नोटिस सिर्फ मुख्यमंत्री को भेजे गए थे। इस मामले में, सीनियर पुलिस अधिकारियों ने शंकरैया के खिलाफ डिसिप्लिनरी एक्शन लिया था।

विदित हो उक्त मामले में विवेकानंद रेड्डी की हत्या की जानकारी जब सीबीआई के परिधि में चल रही है उसे मामले को विधानसभा में उठाने के पहले जांच प्रक्रिया चल रही है कह कर उस प्रक्रिया को टालना चाहिए था।

वरना सीबीआई जांच में अवरोध उत्पन्न करने ईमानदारी पूर्वक प्रक्रिया में किसी अधिकारी का उदाहरण देकर विधानसभा में नहीं कहना चाहिए यह जांच प्रक्रिया है इस वजह स उक्त एक वरिष्ठ ईमानदार पुलिस अधिकारी शंकरैया के विरोध में अपमान जनक टिप्पणी विधानसभा में करने के वजह से शंकरिया द्वारा नोटिस दिया जा सकता है कहकर कानूनी सलाहकारों ने समाचार पत्र को बताया इसके अलावा शंकरैया सी आई ईमानदारी पूर्वक रहने वाला यह अधिकारी के ऊपर गलत बयान बाजी के चलते नोटिस दिया जा सकता है यह संवैधानिक सिद्धांत भी है कहा विवेक के हत्या के बाद वर्तमान सत्ता पक्ष नेताओं द्वारा उनके अनुसार पूर्वक बयान दिलवाना चाहते थे इस पर शंकरैया ने विरोध किया था। विवेक के हत्या के मामले में गलत बयान के विरोध में ऐसी प्रक्रिया किया गया कहकर भी कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है ।

## टीडीपी सरकार पर डॉ. गोपीरेड्डी का सीधा हमला : कन्वेनर कोटे को 50 तक सीमित करना नासमझी


कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योली खंड नारायणगढ़ (अम्बाला)
नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ज्योली, खंड नारायणगढ़ की शामलात भूमि में खड़े 2366 पर सफेदा, 30 पेड़ कीकर व अन्य 120 पेड़ों सहित कुल 2516 पेड़ों की नीलामी दिनांक 10 दिसंबर 2025 को दोपहर 12.00 बजे ग्राम सचिवालय में की जाएगी। बोली से पूर्व मु. 200000 / (2 लाख) रुपए बतौर जमानत डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ग्राम पंचायत ज्योली के नाम जमा करवाना होगा। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

पवन कुमार
पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत ज्योली
मोबाइल: 94683 94407
मनजीत कौर
सरपंच
ग्राम पंचायत ज्योली
मोबाइल 94164-52071


अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**ताड़ेपल्ली।** वाईएसआरसीपी डॉक्टर्स विंग के कार्यकारी अध्यक्ष और सूजी विधायक डॉ. गोपीरेड्डी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा है कि टीडीपी गठबंधन सरकार ने हजारों करोड़ रुपये की सरकारी संपत्ति को हड़पने के उद्देश्य से पीपीपी के नाम पर 10 नए मेडिकल कॉलेजों का निजीकरण करने का फैसला किया है। गठबंधन के नेताओं, जिन्होंने सत्ता में आने पर सभी मेडिकल सीटों को संयोजक कोटे से भरने का वादा किया था, ने कहा कि सत्ता में आने के बाद इसे 50 प्रतिशत तक सीमित करना नासमझी है। उन्होंने बी और सी श्रेणियों में विवाह सहित शेष 50 प्रतिशत को भरने और किसी भी नोटा के तहत कैबिनेट के फैसले की आलोचना की, इसे छात्रों के साथ धोखा बताया। इसके अलावा, जगन चुनाव से पहले मेडिकल कॉलेजों की जमीन 100 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से पट्टे पर दे रहे हैं। जैसी चेतावनी दी गई थी। यह निश्चित रूप से एक डकैती है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए डॉ. गोपीरेड्डी श्रीनिवास रेड्डी ने सरकार से अपना फ़ैसला 'वापस लेने' के लिए नहीं कहा। (प्रेस वार्ता में डॉ. गोपीरेड्डी श्रीनिवास रेड्डी ने और क्या कहा यह निर्णय लूट के उद्देश्य से लिया गया है।

वे प्रतिशोध के साथ शासन कर रहे हैं। छात्र, कर्मचारी, महिलाएं, किसान, राजपरिवार को जमीन देने वाले किसान... एडी राज्य में ऐसा कोई समूह नहीं बचा है जो सत्ता में आने पर गठबंधन नेताओं के धोखे का शिकार न हो। वारा लोकेश हाम ने युवागलम पदयात्रा के दौरान वादा किया था कि सभी मेडिकल सीटें सरकारी कोटे के तहत NEET के जरिए भरी जाएंगी। लेकिन अब, अगर हम



इसे देखें, तो कैबिनेट ने अडोनी, मदनपल्ले, मरकापुरम, पुलवेंदुला के मेडिकल कॉटेज में NEET परीक्षा लिखने वाले छात्रों को केवल 50 प्रतिशत सीटें देने का फैसला किया है और शेष 30 प्रतिशत सीटें महिला श्रेणी प्रबंधन और एनआरआई कोटे के तहत भरी जाएंगी। मंत्री ने इन कॉलेजों को पहले 33 साल के लिए और फिर 33 साल के लिए, कुल तीन साल के बाद पट्टे पर देने का फैसला लिया। सीपीपी नीति, जो पीढ़ियों से मेडिकल कॉलेज प्राप्त करने वाले परिवारों के लिए आय अर्जित करने का एक तरीका रही है, को चुनौती दी जा रही है

वो कह रहे हैं कि वहाँ काम करने वाले स्टाफ़ का वेतन सरकार देगी, साथ ही सरकारी अस्पताल, जो न सिर्फ़ सरकारी अस्पताल है, बल्कि सरकारी अस्पताल भी है। यानी टेंडर देखने वाले डॉक्टर हैं वो और उनके साथी कर्मचारी दो साल से सरकारी संपत्ति का गबन कर रहे हैं, एक-एक रुपये का भी नहीं। वो कह रहे हैं कि 70 प्रतिशत मरीज़ों का इलाज मुफ़्त होगा और 30 प्रतिशत मरीज़ों का इलाज भुगतान के आधार पर होगा। और इस 70त्न और 30त्न के दायरे में कौन से मरीज़ आएंगे? ये कौन देखेगा? कौन देखेगा कि 70 प्रतिशत का कोटा पूरा हो गया है? ये शॉपिंग मॉल में मिलने वाले ऑफर की तरह ग़रीबों को ठगने की साज़िश है।

अगर आप मेडिकल कॉलेजों को देखें, तो वे निर्माण के मामले में अद्भुत हैं। उन कॉलेजों में दी जाने वाली सुविधाएँ अत्याधुनिक हैं। मैं आपसे पूछ रहा हूँ कि क्या आज राज्य में चल रहा कोई भी निजी मेडिकल कॉलेज जगन द्वारा बनाए गए सरकारी मेडिकल कॉलेजों से ज़्यादा अद्भुत है। आप चाहें तो गा सकते हैं। आइए पुलिवेंदुला और मछलीपट्टनम मेडिकल कॉलेजों पर एक नज़र डालें। अगर आपने गरीबों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मुफ़्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए कड़ी मेहनत की है, तो यह दुष्टता है कि सत्ता में आए चंद्रबाबू नायडू ने कमीशन के लिए उन्हें निजी व्यक्तियों के हाथों में सौंप दिया।

# 15वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला: सुदेश भोंसले के गानों पर झूमा चंडीगढ़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** मनीमाजरा स्थित कलाग्राम में चल रहे चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में रविवार को दिन के सत्र में पंजाब के आदिवासी समुदायों के सम्मी (शाहमुखी), हिमाचल प्रदेश के सिरमौर नाटी, जम्मू कश्मीर का धमाली, राजस्थान के चरी व चकरी, छत्तीसगढ़ के पंथी, महाराष्ट्र के लावणी लोक नृत्यों ने धूम मचा दी। ट्राई सिटी शायद ही कभी भूल पाए 30 नवंबर की तारीख और ऐसी सुरमई शाम, जिसने संगीत प्रेमियों के दिलों की गहराई में जगह बना दी। इस शाम को इतना यादगार बनाया दुनियाभर में मशहूर और अपने गायकी के फन के उस्ताद बॉलीवुड सिंगर सुदेश भोंसले ने। उन्होंने जहां जुम्मा चुम्मा दे दे..., शावा शावा , सोहना-सोहना , मेरी मखना मेरी सोनियेज..जैसे मस्तीभरे गानों से संगीत प्रेमियों को हर बीट पर झूमने को विवश कर दिया, वहीं, दर्दे दिल, दर्दे जिगर..., मेरे मेहबूब कयामत होगी... और सलामे इश्क मेरी जां जरा कबूल कर लो... जैसे गानों से सुधी श्रोताओं को सुरों की सरिता की गहराइयों में गोते भी लगवाए। इन गानों के साथ-साथ उन्होंने श्रोताओं की फरमाइश और पसंद के मद्देनजर कई गाने गाकर चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित कलाग्राम का माहौल संगीतमय बना दिया। वहीं, नायकों और महानायक अमिताभ बच्चन के संवादों से इसमें चार चांद लगा दिए। सुदेश ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 15वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में रविवार की शाम अपनी गायकी और मिमिक्री के फन से इतनी खूबसूरत बना दी कि यह बरसों तक संगीत प्रेमियों के जेहन में बसी रहेगी।



**आवाज में जी विविधता का मुझे खुद नहीं इल्म... यह कुदरत की देन :** बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सुदेश भोंसले ने कहा कि हिंदुस्तान के एस.डी. बर्मन, के.एल. सहगल, मुकेश, रफी, किशोर कुमार, येसुदास और एसबी बाला सुब्रह्मण्यम जैसे महान सिंगर्स और महानायक अमिताभ बच्चन से उनकी आवाज मैच कैसे हो गई? इसका इल्म मुझे भी नहीं, यह तो ईश्वर की नियामत है। उन्होंने अमिताभ बच्चन की हूबहू आवाज के बारे में बताया कि दरअसल, दोस्तों के साथ मजाक-मजाक में अमिताभ के डायलॉग बोले तो आवाज सुनकर दोस्तों बहुत सराहा। इस पर मैंने उनके डायलॉग रिकॉर्ड करके खुद सुने, तो मुझमें आत्मविश्वास जगा, फिर रियाज करके स्टेज पर महानायक के डायलॉग बोलने लगा, तो लोगों ने खूब पसंद किया।

महानायक के सान्निध्य के संबंध में भोंसले ने बताया कि उन्होंने मेरे डायलॉग सुने थे और सराहना की थी। बाद में जब मैंने उन पर फिल्माया गया गाना 'जुम्मा-चुम्मा दे दे' गाया तो उन्होंने मुझे अपार स्नेह दिया। फिर तो उनके साथ वर्ल्ड टूर का और उनके साथ स्टेज पर उनके पास खड़े होकर उनके ही संवाद पेश करने का मौका भी मिला।

**प्रसिद्ध भपंग वादन ने मेलार्थियों का दिल जीता :** राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में राजस्थान के देश-विदेश में प्रसिद्ध भपंग वादन ने मेलार्थियों का दिल जीत लिया।

ये प्रस्तुतियां उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 15वें दिन के सत्र में दी गई। इन प्रस्तुतियों में फोक डांसर्स की वेशभूषा, सामंजस्य और भाव भंगिमाओं ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

**सुरों में सजा आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गायन :** मेले में अपराह्न के सत्र में पंजाबी ढाड़ी, छत्तीसगढ़ी पंडवानी गायन और सूफी व पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुतियों ने गाथा, अध्यात्म और ऐतिहासिकता का संदेश दिया। इनमें लोक वाद्य यंत्रों के खूबसूरत उपयोग के साथ गायक की तान और सुरों ने संगीत प्रेमियों का मन जीत लिया।

**बरसाना की होली ने दर्शकों को किया उल्लासित :** कलाग्राम में शाम के सत्र में यूपी के प्रसिद्ध बरसाना की होली, महाराष्ट्र के सोंगी मुखौटा, त्रिपुरा के होजगिरी और पश्चिम बंगाल के नटुआ लोक नृत्यों में दर्शकों को विभिन्न संस्कृतियों की झलक दिखी। इनके अलावा कलाग्राम प्रांगण में चल रहे राजस्थान का कच्छी घोड़ी, पंजाब का बाजीगर-नचार, हरियाणा के बीन और नगाड़ा की प्रस्तुतियां देख हर मेलार्थी खूब सराह रहा है।

## गोरक्षकों को हिरासत में लेने पर चंडीगढ़ गोरक्षा दल ने किया विरोध प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** गौ रक्षा व धार्मिक मामलों को लेकर युवा सनातन संगठन, चंडीगढ़ के पदाधिकारियों समेत अन्य सक्रिय युवाओं को वृंदावन में एक शराब ठेके का विरोध करने पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

इसको लेकर चंडीगढ़ गौरक्षा दल व युवा सनातन संगठन ने विरोध दर्ज करते हुए रोष प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्य विकास शर्मा ने बताया कि दक्ष चौधरी, युधि राणा, अभिषेक दुर्योधन व अन्य वृंदावन में एक शराब के ठेके का विरोध कर रहे थे। उन्होंने इसे धार्मिक वातावरण के विपरीत बताते हुए शराब के ठेके को बंद करवाने का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया था। इन युवकों की गिरफ्तारी के बाद अब युवा संगठन सनातन और गौ रक्षा दल, चंडीगढ़ खुलकर उनके समर्थन में आ गए हैं।

संस्था ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। विकास शर्मा ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी युवा धर्म संस्कृति और गौ संरक्षण के लिए आवाज उठा रहे थे। उनका कहना है कि प्रशासन को इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए और इन युवाओं को तुरंत रिहा किया जाए।

# पीजीआई ने दुख को उम्मीद में बदला : आर्गन डोनेशन से बचाई 3 जिंदगियां, टिशू डोनेशन से 2 की लौटी रोशनी

## एक बार फिर से सामने आई अंगदान की महत्ता, मरीजों के लिए वरदान साबित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 नवम्बर।** पीजीआई में एक बार फिर अंगदान मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ है। 5 लोगों के लिए यह अंगदान उम्मीद और इलाज की एक मजबूत विरासत बन गया। हरियाणा के एक 44 साल के एक मरीज के परिवार ने, जो 23 नवंबर को पीजीआई में भर्ती हुए, उनके ऑर्गन डोनेट करने का फैसला किया। उन्हें गिरने से सिर में जानलेवा चोट लगी थी। उनके इस बड़े फैसले ने तीन गंभीर रूप से बीमार ऑर्गन फेलियर के मरीजों को जीवन दिया और दो कॉर्नियल ब्लाइंड लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई। सभी मुमकिन मेडिकल इलाज के बावजूद, मरीज की हालत बिगड़ती गई, और 27 नवंबर को प्रोटोकॉल के हिसाब से ब्रेन डेथ घोषित कर दिया गया। दया दिखाते हुए, मरीज की पत्नी ने ऑर्गन डोनेशन के लिए हां कर दी, क्योंकि उनके पति हमेशा दूसरों की मदद करते थे। उन्होंने बताया कि मेरे पति हमेशा लोगों की मदद करने में यकीन रखते थे। भले ही वह अब हमारे साथ नहीं हैं, मैं चाहती थी कि उनकी अच्छाई बनी रहे। यह जानकर कि उन्होंने जानें बचाई हैं, मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है।

पीजीआई ने तुरंत नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के तहत अपना ऑर्गन रिट्रीवल और एलोकेशन सिस्टम चालू कर दिया।

**पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज का पहला लीवर ट्रांसप्लांट :** लिवर को नेशनल नेटवर्क के जरिए पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज को दिया गया, जहां तुरंत जरूरत वाले एक सही मरीज की पहचान की गई। इससे इंस्टीट्यूट का पहला कैडेवर लिवर ट्रांसप्लांट हुआ, जो पंजाब के ट्रांसप्लांट इकोसिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक तरक्की है। उसी समय, निकाली गई दो किडनी को पीजीआई में सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया गया, जिससे दो गंभीर रूप से बीमार किडनी फेलियर के मरीजों की जान बच गई। कॉर्निया ने कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित दो लोगों की रोशनी वापस कर दी - जिससे डोनर की विरासत पांच आभारी लोगों तक पहुंच गई।

### नेक काम इंसानियत का एक अनोखा संदेश

पीजीआई के डायरेक्टर, प्रो. विवेक लाल ने कहा कि डोनर परिवार का यह नेक काम इंसानियत का एक अनोखा संदेश है। अपने दुख से ऊपर उठने की उनकी इच्छा ने कई जानें बचाई हैं और हमारे इलाके में ऑर्गन डोनेशन मूवमेंट को मज़बूत किया है। पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज को अपना पहला कैडेवर लिवर ट्रांसप्लांट हासिल करने में मदद करना पीजीआई के लिए गर्व का पल है और पंजाब के हेल्थकेयर लैंडस्केप के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है।

### ऑर्गन डोनेशन सबसे बड़ा तोहफा

इसी बात को दोहराते हुए, पीजीआई के रोटो (नॉर्थ) के मेडिकल सुपरिटेंडेंट और नोडल ऑफिसर, प्रो. विपिन कौशल ने कहा कि ऑर्गन डोनेशन सबसे बड़ा तोहफा है जो कोई दे सकता है। परिवार की हिम्मत बहुत प्रेरणा देने वाली है। यह मामला पीजीआई और पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के बीच बहुत अच्छे तालमेल को भी दिखाता है, जिससे यह पक्का हुआ कि ऑर्गन जल्दी, सही तरीके से और सबसे सही लोगों को दिए गए। पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ़ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज के डायरेक्टर, डॉ. वीरेंद्र सिंह ने दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा यह कामयाबी पीजीआई की लीडरशिप और पूरे पंजाब में ट्रांसप्लांट सर्विस को मजबूत करने के उसके कमिटमेंट को दिखाती है। हम मरीजों के लिए जान बचाने के मौके बढ़ाने के लिए लगातार सहयोग की उम्मीद करते हैं।

## युवक पर तेजधार हथियार से हमला, इलाज के दौरान मौत

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** थाना मलोया क्षेत्र एरिया के अंतर्गत तेजधार हथियार से हमले में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी पहचान मलोया निवासी 26 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। वही परिवार वालो ने मलोया थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया। लेकिन पुलिस ने मामले में तीन नाबालिग समेत 5 आरोपियों को हिरासत में पहले ही ले लिया था। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा को एड कर दिया।

जानकारी के अनुसार पता चला कि मलोया का रहने वाला 26 वर्षीय रवि अपने परिवार सहित रहता था।15 नवंबर रात के समय किसी पार्टी से पैदल अपने घर की तरफ जा रहा था।जैसे ही रवि मलोया मस्जिद के पीछे पार्क के पास पहुंचा तो इसी दौरान आरोपियों ने उसे घेर कर तेजधार हथियार से हमला कर दिया और वह जख्मी हो गया था।जिसे इलाज के लिए फेज 6 मोहाली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान रवि ने शनिवार को शाम करीब 4ः00 बजे दम तोड़ दिया।

## जमीन पर कब्जा करने की कोशिश

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** एक विधवा महिला की जमीन पर कब्जा करने और धमकियां देने के आरोप में जीरकपुर पुलिस ने बलजिंदर सिंह नाम के व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में विधवा महिला प्रेम कौर का कहना है कि उसके पति निर्मल सिंह का निधन हो जाने और बेटे की मौत के बाद वह अकेली हैं। उसके पति ने पिंड छत में 14 बीघा 10 बिस्वा जमीन खरीदी थी। आरोप है कि उस जमीन पर बलजिंदर सिंह ने कुछ अज्ञात लोगों का कब्जा करवा दिया और धमकियां दीं। जब प्रेम कौर ने कब्जाधारियों से दस्तावेज मांगे, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले की पड़ताल के बाद प्रेम कौर की शिकायत को सही पाया। औद्योगिक सुरक्षा पुलिस की जांच रिपोर्ट और लीगल ओपिनियन में बताया गया कि बलजिंदर सिंह ने जमीन का फर्जी किरायानामा तैयार करवा कर करोड़ों रुपये का हेरफेर किया। इस मामले में एसएसपी,मोहाली ने निर्देश दिए हैं कि जीरकपुर पुलिस ने मामले की तफ्तीश कर बलजिंदर सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 और 447 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### निवेश करवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, दंपती के खिलाफ केस दर्ज, लालच देकर लोगों से करवाते थे इन्वेस्ट

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** ज़ीरकपुर में एक बड़े पैमाने की ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 'इनफिनिट इन्वेस्टमेंट्स' नामक कंपनी चलाने वाले पति-पत्नी, सुगंधा शर्मा उर्फ नीतू गुलाटी और सौरव शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता मनजीत सिंह, जो रियल एस्टेट से जुड़े हैं, और रमनदीप सिंह सेठी (नोएडा) ने पुलिस को बताया कि इस दंपति ने उन्हें और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को शेयर ट्रेडिंग में 25-30 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये हड़प लिए। शिकायत में बताया गया कि शुरू में आरोपी दंपति ने मामूली मुनाफा देकर लोगों का विश्वास जीता। इसके बाद उन्होंने मनजीत सिंह, उनकी पत्नी, सास, जीजा और साले समेत कई लोगों से बड़ी रकम निवेश करवाई। जांच रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने कुल ?1,81,60,000 (एक करोड़ इक्यासी लाख साठ हज़ार रुपये) की रकम हड़प ली। दंपति ने लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए 'इनफिनिट इन्वेस्टमेंट्स' के नाम से कार्यालय खोला और पैसे अपनी मासी गीता रानी और अन्य रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करवाए। बड़ी रकम जमा होने के बाद, आरोपी दंपति अचानक अपना फ्लैट बेचकर फरार हो गए। उनका सारा सामान मासी गीता रानी के घर, जो डेरा बस्सी में रहती हैं, शिफ्ट कर दिया गया। फरारी से पहले सौरव शर्मा ने व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतकर्ताओं को धमकी भरे संदेश भी भेजे।पुलिस ने सुगंधा शर्मा, सौरव शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी दंपति अभी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। इस घटना ने ज़ीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में निवेशकों के बीच सुरक्षा और भरोसे को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं।

## हर घर स्वदेशी अभियान : संजय टंडन ने डड्डूमाजरा में किया व्यापक जनसंपर्क

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन ने रविवार को डड्डू माजरा क्षेत्र में ÷हर घर स्वदेशी ङ्क घर घर स्वदेशी÷ अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इलाके की विभिन्न दुकानों का दौरा किया और व्यापारियों को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने तथा 'स्थानीय के लिए स्वर' को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

संजय टंडन ने दुकानदारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अभियान केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मज़बूती और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में जन आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का आधार स्वदेशी उत्पाद ही हैं और हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने घर में स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे।

अभियान के दौरान बाज़ार में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दुकानों पर विशेष स्टिकर्स भी लगाए गए, जिनमें लोगों को 'स्वदेशी अपनाएँ, राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाएँ' का संदेश दिया गया।

संजय टंडन ने कहा कि देश के आर्थिक सशक्तिकरण का रास्ता स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से ही निकलता है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे 'मेक इन इंडिया' को अपनी सोच और व्यवहार का हिस्सा बनाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया और बताया कि कैसे स्थानीय उत्पाद न सिर्फ गुणवत्ता में बेहतर हैं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। संजय टंडन ने कहा– ÷आइए, अपने हर घर को स्वदेशी का घर बनाएं और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएँ।÷

## पैरागॉन स्कूल 71 ने दो दिवसीय सालाना एथलेटिक मीट की आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 27 नवंबर।** पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पैरागॉन किड्स, सेक्टर 71, मोहाली ने सेक्टर 7 के चंडीगढ़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में अपनी, दो दिन की सालाना एथलेटिक मीट सफलतापूर्वक आयोजित की । आखिरी दिन, चीफ गेस्ट मिस्टर सुखविंदर टिंकू थे, जो लेवल-2 (बी.सी.सी.आई) कोच, पूर्व इंडियन क्रिकेटर और पैरागॉन क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच हैं। चीफ गेस्ट ने स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी एक्टिव रूप से हिस्सा लेने के लिए मोटिवेट किया। क्लास तीसरी से आठवीं तक के स्टूडेंट्स ने ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में हिस्सा लिया, जिसमें 100-मीटर और 200-मीटर रेस, 400-मीटर रिले, लॉन्ग जंप और शॉटपुट शामिल थे। प्रिंसिपल जसमीत कौर ने कहा कि इस मौके पर स्कूल हमारे मेंटर और गाइड एस. जतिंदर सिंह शेरगिल की गाइडेंस से प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। जतिंदर जी का योगदान इंस्टीट्यूशन को मजबूत बना रहा है। एथलेटिक मीट के पहले दिन की शुरुआत चीफ गेस्ट जीवनजोत सिंह तेजा, द्रोणाचार्य अवार्डी (आर्चरी) और डायरेक्टर ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट, पंजाब-चंडीगढ़ ने की।



## चंडीगढ़ साहित्य अकादमी का इंटरनेशनल पोएट्री फेस्टिवल 4 दिसंबर को

**चंडीगढ़, (अप्रस)।** चंडीगढ़ साहित्य अकादमी 4 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे यू.टी. गेस्ट हाउस में इंटरनेशनल पोएट्री फेस्टिवल का आयोजन करने जा रही है। इस अंतरराष्ट्रीय काव्य महोत्सव में फ्रांस, नीदरलैंड, तिब्बत, कोचि, शिलांग और कोलकाता से आमंत्रित कवि विशेष रूप से भाग लेने आ रहे हैं। अकादमी के वाइस चेयरमैन डॉ. अनीश गर्ग ने बताया कि चंडीगढ़ के साहित्य प्रेमियों के लिए यह गर्व का क्षण है कि अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में विश्व के ख्याति प्राप्त कवि अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. माधव कौशिक, अध्यक्ष, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा की जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुमिता मिश्रा, एडिशनल चीफ सेक्रेट्री, हरियाणा उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रो. योजना रावत, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ शिरकत करेंगी।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चंडीगढ़ की दूसरी जीत, महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** चंडीगढ़ की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए महाराष्ट्र को पांच विकेट से मात देकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मुकाबला सॉल्ट लेक मैदान पर खेला गया।

टॉस जीतकर चंडीगढ़ के कप्तान शिवम भांबरी ने पहले गेंदबाजी चुनी। महाराष्ट्र ने निर्धारित 20 ओवर में 139/7 का स्कोर बनाया। अरशिन कुलकर्णी ने 47 रन की पारी खेली, जबकि विक्की औस्टवाल ने अंत में 16 गेंदों पर 28 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर टीम को सम्मानित स्कोर तक पहुंचाया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 2 विकेट चटकाए। वहीं जगजीत सिंह संधू, निखिल शर्मा और राहुल सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। निहाल पजनी (9), कप्तान शिवम भाम्बरी (1) और अर्जुन आज़ाद (2) जल्दी आउट हो गए। लेकिन ओपनर मनन वोहरा ने एक बार फिर टीम की कमान संभालते हुए 48 गेंदों में नाबाद 72 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल थे। विकेटकीपर निखिल ठाकुर ने भी 30 गेंदों में 36 रन बनाकर वोहरा के साथ 55 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने टीम की जीत की नींव रखी।

## म्युनिसिपल काउंसिल, चन्नपटना का डेलीगेशन स्टडी के लिए चंडीगढ़ आया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** कर्नाटक के चन्नपटना की सिटी म्युनिसिपल काउंसिल के 31 काउंसलर और 4 सीनियर अधिकारियों वाले एक डेलीगेशन ने आज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ का दौरा किया। यह एक इंटर-सिटी नॉलेज एक्सचेंज पहल का हिस्सा था, जिसका मकसद इनोवेटिव म्युनिसिपल गवर्नेंस और सिविक सर्विस मॉडल को समझना था।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ के सीनियर अधिकारियों ने डेलीगेशन का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिन्होंने कॉर्पोरेशन के स्ट्रक्चर, कामकाज और नागरिक-केंद्रित सर्विस डिलीवरी मैकेनिज्म का पूरा ओवरव्यू दिया। अधिकारियों ने पूरे एक्सपोज़र विज़िट को कोऑर्डिनेट किया और इंटरैक्टिव सेशन, प्रेजेंटेशन और ऑन-साइट ऑब्ज़र्वेशन को आसान बनाया।

फील्ड स्टडी के हिस्से के तौर पर, चन्नपटना टीम ने कई मुख्य म्युनिसिपल फैसिलिटी का दौरा किया, जिसमें मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी, गारबेज प्रोसेसिंग यूनिट, C&D वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और सिटी डंपिंग ग्राउंड शामिल हैं। हर साइट पर, स्वच्छ के अधिकारियों ने ऑपरेशनल प्रोसेस, मॉडर्न सफ़ाई के तरीकों, कचरे को अलग करने और रीसाइक्लिंग के तरीकों, पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रेटेजी के बारे में विस्तार से बताया, जो चंडीगढ़ के कुशल शहरी मैनेजमेंट में मदद करते हैं।

आए हुए पार्षदों और अधिकारियों ने स्वच्छ के स्ट्रक्चर्ड सिस्टम, ऑपरेशनल एफिशिएंसी और मज़बूत नागरिक-उन्मुख नज़रिए की बहुत तारीफ़ की। उन्होंने चन्नपटना में म्युनिसिपल गवर्नेंस को और मज़बूत करने के लिए चंडीगढ़ के कई सफल मॉडल को दोहराने में अपनी दिलचस्पी दिखाई।

चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने शहर को सीखने के लिए एक मॉडल के तौर पर चुनने के लिए डेलीगेशन का शुक्रिया अदा किया और दोनों शहरी लोकल बॉडीज़ के बीच लगातार सहयोग, नॉलेज-शेयरिंग और आपसी सपोर्ट के लिए अपनी कमिटमेंट को दोहराया।

सम्पादकीय

# विकसित भारत के बनने में रहेगी हरियाणा की अहम भूमिका


हरियाणा वह प्रदेश है, जोकि आज देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास का आईना बन चुका है। प्रदेश तमाम चुनौतियों और विडम्बनाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रहा है और विजन 2047 में इसकी झलक मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर विकास के नए आयाम छू रही है और अब विजन डॉक्यूमेंट 2047 को सामने लाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भविष्य के भारत का आधार हरियाणा बनने जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की देखरेख में तैयार इस विजन डॉक्यूमेंट में बताया गया है कि किस प्रकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साल 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर एक लाख करोड़ रुपये की बनाया जाएगा। इस लक्ष्य के तहत राज्य सरकार शिक्षा, कृषि, चिकित्सा आदि पर फोकस करेगी वहीं युवाओं के लिए 50 लाख नए रोजगार विकसित किए जाएंगे। निश्चित रूप से एक सरकार के भविष्य के संदर्भ में इस प्रकार के प्रयास काबिले तारीफ हैं। देश का लोकतांत्रिक सिस्टम ऐसा है कि हर पांच साल बाद सरकार बदल जाती है और सत्ताधारी दल को फिर जनमत हासिल करने के लिए जनता के पास जाना पड़ता है। हमारे पास अतीत में ऐसे उदाहरण हैं, जब केंद्र में वहीं राज्यों में भी सरकारों की अस्थिरता की वजह से ठोस निर्णय नहीं लिए जा सके और विकास की गति मंद ही रही। हालांकि अब युवाओं की पीढ़ी यह समझ चुकी है कि किस प्रकार राजनीतिक स्थिरता से ही विकास संभव है। बिहार में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव से भी इसका संदेश मिल चुका है कि जनता स्थायित्व को चाहती है।

**हरियाणा वह प्रदेश है, जिसने एक व्यक्ति की भांति अनेक उतार-चढ़ाव अपनी जिंदगी में देखे हैं। पंजाब से विभाजन से पहले हरियाणा एक उपेक्षित इलाका था और यहां के लोग विकास की लौ के जलने का इंतजार कर रहे थे और एक नवंबर 1966 को वह दिन आया था, जब इस इलाके का नाम हरियाणा हुआ और इसके बाद इसने विकास के वे कीर्तिमान गढ़े जिन्होंने आज इसे विकसित राज्यों की श्रेणी में सबसे ऊपर ला दिया है। निश्चित रूप से हरियाणा की यह विकास यात्रा गौरवपूर्ण और ऐसी वीरगाथा है, जिस पर प्रत्येक हरियाणवी का सीना खुशी और आत्मविश्वास से चौड़ा हो जाता है। अब मौजूदा नायब सरकार ने बीते एक वर्ष में अपने लगभग सभी वादों को पूरा किया है, वहीं अन्य नवीन योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा में खुद को समर्पित किया है।**

हरियाणा की राजनीति में अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, और प्रदेश के संबंध में यह प्रचलित है कि यहां कोई भी पहले से राजनीतिक परिणाम निकाल कर नहीं बैठ सकता। यहां अंतिम समय तक भारी फेरबदल संभव है। बेशक, राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार हैट्रिक लगा चुकी है और यह सरकार का आत्मविश्वास ही है कि वह अब प्रदेश के विकास के लिए विजन डॉक्यूमेंट लेकर आई है। यानी जनता के समक्ष उन योजनाओं का खुलासा आवश्यक है, जिन्हें लेकर एक सरकार आगे बढ़ेगी। एक-एक नागरिक से राज्य और देश बनता है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का विकास और कल्याण सरकार के लिए सर्वोपरि होना ही चाहिए। यह भी कितनी अनोखी बात है कि देश में पहली बार एक राज्य सरकार ने प्रदेश के भविष्य को रेखांकित करने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर तैयार किया हुआ है। यह विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों के द्वारा विकास की संभावनाओं को तलाश कर रहा है। संभव है, राज्य सरकार की इन्हीं नीतियों के मद्देनजर राज्य में निवेश बढ़ा है और प्रदेश को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के नजरिए से प्राथमिकता हासिल हो रही है। प्रदेश में रोड नेटवर्क बेहतरीन हो चुका है और विकास की दूसरी अवस्थाओं में भी शानदार सुधार सामने आया है।

हरियाणा वह प्रदेश है, जिसने एक व्यक्ति की भांति अनेक उतार-चढ़ाव अपनी जिंदगी में देखे हैं। पंजाब से विभाजन से पहले हरियाणा एक उपेक्षित इलाका था और यहां के लोग विकास की लौ के जलने का इंतजार कर रहे थे और एक नवंबर 1966 को वह दिन आया था, जब इस इलाके का नाम हरियाणा हुआ और इसके बाद इसने विकास के वे कीर्तिमान गढ़े जिन्होंने आज इसे विकसित राज्यों की श्रेणी में सबसे ऊपर ला दिया है। निश्चित रूप से हरियाणा की यह विकास यात्रा गौरवपूर्ण और ऐसी वीरगाथा है, जिस पर प्रत्येक हरियाणवी का सीना खुशी और आत्मविश्वास से चौड़ा हो जाता है। अब मौजूदा नायब सरकार ने बीते एक वर्ष में अपने लगभग सभी वादों को पूरा किया है, वहीं अन्य नवीन योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा में खुद को समर्पित किया है। राज्य में अब बगैर पर्ची और खर्ची दिए नौकरियां मिल रही हैं और यह पूरे प्रदेश की जनता को भा रहा है। निश्चित रूप से प्रदेश की विकास यात्रा में यह उल्लेखनीय पड़ाव है, क्योंकि युवाओं का शिक्षा पर भरोसा तभी कायम होगा, जब उन्हें इसका विश्वास भी होगा कि डिग्री लेने के बाद उन्हें उनकी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिलेगा, कोई दूसरा पैसे की खनक के बूते उसे चोरी नहीं कर ले जाएगा। मौजूदा सरकार के वक्त कृषि क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है और राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी मिल रही है।

# एक इतिहास की धारणा को बल, एक भूगोल का इंतजार



जुलाई 2001 का दूसरा हफ्ता था। राजधानी दिल्ली और आगरा में बड़ी हलचल थी। इस हलचल पर समूचे देश या यूं कहिए कि दक्षिण एशिया की विशेष निगाह थी। वजह थी, पंद्रह जुलाई से शुरू हो रही परवेज मुशर्रफ की भारत यात्रा। करगिल युद्ध के खलनायक तब तक पाकिस्तान का शासक हो चुका था। मुशर्रफ तानाशाह राष्ट्रपति बन चुके थे। करगिल का जख्म चूंकि अभी हरा था, लिहाजा मुशर्रफ की यात्रा उत्सुकता, उम्मीद और आशंका के दायरे में थी। जैसा कि ऐसी यात्राओं के दौरान होता है, कूटनीतिक तैयारियां भी खूब होती हैं। परवेज की यात्रा के ठीक पहले अपने चिर-परिचित अंदाज में पाकिस्तान ने कश्मीरी आत्मनिर्णय को लेकर कूटनीतिक दबाव बनाना शुरू कर दिया था। यात्रा के एक या दो दिनों पहले की बात है। दिल्ली में सिंधी समाज ने मुशर्रफ की यात्रा के मद्देनजर एक कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के सामने पाकिस्तान की उस कोशिश का जिक्र किया गया तो भरे मंच से उन्होंने पाकिस्तान को चेता दिया था, 'अगर पाकिस्तान कश्मीर का सवाल उठाएगा तो भारत जवाबी रूप से सिंध के आत्मनिर्णय का सवाल उठाएगा।'

इस वाकये का जिक्र इसलिए हो रहा है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक चौबीस साल बाद सार्वजनिक मंच से कहा है कि भविष्य में सिंध भारत का हिस्सा हो सकता है। भारत की सीमाओं के बदलने की उम्मीद तो देश का एक तबका काफी अरसे से कर रहा है। लेकिन उसका ध्यान सिंध की बजाय बलूचिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ज्यादा रहा है। सिंध का सवाल अपेक्षाकृत कम चर्चित और कम ध्यातव्य रहा है। लेकिन यह बात चूंकि देश के रक्षा मंत्री ने कही है तो यह मामला गंभीर हो जाता है। हो सकता है कि यह राजनाथ सिंह का निजी विचार हो। लेकिन वे भारत की आधिकारिक शासक मोदी कैबिनेट के दूसरे नंबर के व्यक्ति हैं। इसलिए उनके शब्द कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उन शब्दों का प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पड़ने स्वाभाविक है।

बंटवारे से पहले सिंध की ज्यादातर आबादी हिंदू थी। प्रचलित शब्दों में वहां के लोगों को सिंधी कहा जाता है। सिंध के बंटवारे को यहां के हिंदू समाज ने ना तो व्यवहारिक माना, और ना ही उचित। आज यह पाकिस्तान का तीसरा बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल एक लाख 40 हजार 914 वर्ग किलोमीटर है। गुजरात के कच्छ का रण और राजस्थान का थार रेगिस्तान इसके पूर्व में स्थित है, जबकि दक्षिण में इसका पांव अरब सागर पखार रहा है। अरब सागर के ही किनारे स्थित कराची पाकिस्तान का आर्थिक केंद्र है, जैसे भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई है। दुनिया के चाहे जिस भी हिस्से में हिंदू समाज रहता है, अपने धार्मिक और संस्कार वाले कामों, पूजा-अर्चना आदि में सबसे पहले खुद को एक मंत्र से पवित्र करता है और अर्चना में जिस जल का उपयोग करता है, उसे वह एक मंत्र के जरिए पवित्र करता है। वह मंत्र है, 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु'। जिसका अभिप्राय है कि गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी के जले से यह अर्चन कार्य करता हूं। इस मंत्र से स्पष्ट है कि भारतीय मनीषा और संस्कृति के लिए सदियों से गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती , नर्मदा, सिंधु और कावेरी नदियों को पवित्रतम नदियां रही हैं। उनका जल हमारी सभ्यता का वाहक रहा है, उनके जरिए हमारी संस्कृति और सभ्यता का विकास हुआ है। भारत की सप्त पवित्र नदियों में से एक सिंधु इसी सिंध प्रांत से होकर गुजरती है। इस लिहाज से देखें तो भारत भूमि के लिए सिंध का महत्व समझ में आता है। लालकृष्ण आडवाणी भी सिंध के वासी रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंध के लोग भारत के विभाजन को स्वीकार नहीं कर पाए। राजनाथ सिंह ने अपने व्याख्यान में इस लेख का भी जिक्र किया है। आडवाणी अपने राजनीतिक उत्कर्ष के दिनों में सिंधु दर्शन यात्रा नाम से आयोजन करते रहे हैं। जिसका मकसद सिंधु के जरिए सिंध की माटी से बिछड़कर भारत आ गए लोगों को जोड़ना और उनकी स्मृतियों को जिंदा रखना रहा।

ब्रिटिश संसद द्वारा पारित कानून के तहत भारत विभाजन की योजना लार्ड माउंटबेटन ने बनाई। उन्होंने इसका जिम्मा कानून के जानकार सिरिल रेडक्लिफ को दिया। रेडक्लिफ को भूगोल और संस्कृति की जानकारी नहीं थी। विभाजन करते वक्त उन्होंने भारतीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखा। संस्कृतियों की भी समझ नहीं थी। इसका असर विभाजन पर भी दिखा। रेडक्लिफ रेखा एक तरह से उनकी मूर्खताओं का प्रतीक बन गई। उनकी संस्कृतिहीन सोच की वजह से भारत को विभाजन के वक्त भयानक विभीषिका को झेलना पड़ा। कई जगह पर विभाजन अगर कृत्रिम लगता है तो उसकी वजह रेडक्लिफ की संस्कृति, भूगोल और जमीनी हालात की नासमझी है।

इसी वजह से सिंध से भी भारत में विलय के लिए क्षीण ही सही, आवाजें उठती रहीं है। भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों को भी सम्मान नहीं मिला. उन्हें बिहारी और मुहाजिर कहा जाता रहा। एक दौर में सिंध में मुहाजिर कौमी मूवमेंट चलता रहा, जिसके प्रमुख अल्ताफ हुसैन रहे। हालांकि उनके आंदोलन का मकसद पाकिस्तान में भारत से गए उर्दू भाषी मुसलमानों के अधिकारो की रक्षा रहा। लेकिन पाकिस्तान सरकार उसे भारत समर्थक और विभाजनकारी मानती रही।

बाल्टिस्तान, बलूचिस्तान और पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर से तो भारत के साथ जुड़ने की मांग उठती रही है। हाल के दिनों में इस मांग ने तेजी पकड़ी है। वहां से आने वाले वीडियो में 'मोदी-मोदी ' के नारे भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि सिंध प्रांत से ऐसी आवाजें कम उठती रहीं। यहां याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान के एक प्रमुख राजनीतिक दल 'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' का सबसे ज्यादा असर सिंध प्रांत में ही है। जिसकी प्रमुख एक दौर में बेनजीर भुट्टो रही हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भुट्टो परिवार की जागीर मानी जाती है।

इन संदर्भों में देखें तो राजनाथ सिंह के बयान इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि सिंध में विभाजन को लेकर मांग बढ़ रही है। पाकिस्तान की बदहाली, उर्दू भाषी मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार की वजह से सिंध प्रांत में रह से मुहाजिर लोगों में भी भारत के प्रति अनुराग बढ़ रहा है। बेशक भारत से सीधी जुड़ी रही पीढ़ी अब नहीं रही, लेकिन उसने अपना दर्द, अपने सुहाने सपने और गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ी के साथ साझा किया है। नई पीढ़ी के पास सूचना तकनीक है, सूचना के तमाम साधन है। इसलिए वह देख पा रही है कि सीमा के उस पार की हालत कैसी है। उसके लिए भारत का नजारा दर्द और क्षोभ का कारण बन जाता है। क्योंकि आजादी के पहले संयुक्त भारत में सिंध की गिनती समृद्ध राज्यों में होती थी। सिंध कभी हिंदू बहुल राज्य था। कराची शहर हिंदू प्रधान था। पाकिस्तान की जनसंख्या में सिर्फ 2.17 फीसद हिंदू हैं।

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

# जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल मोड पर



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

हरियाणा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की वित्तीय आयुक्त तथा जनगणना 2027 की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज घोषणा की कि आगामी जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी। यह कदम जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि गणनाकार और पर्यवेक्षक मोबाइल ऐप्स के माध्यम से डिजिटल रूप से डेटा एकत्र करेंगे तथा इसे सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपलोड किया जाएगा। जनगणना के मोबाइल एप्लिकेशन, पोर्टल और अन्य डिजिटल टूल्स एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे तथा इन्हें हिंदी, अंग्रेजी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में विकसित किया जा रहा है। जनगणना से जुड़े अधिकारियों की नियुक्ति तुरंत शुरू करने के लिए डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी मंडल आयुक्तों को मंडल जनगणना अधिकारी, सभी उपायुक्त / जिला मजिस्ट्रेट को प्रधान जनगणना अधिकारी नियुक्त किया है, जो अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों के भीतर पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त उपायुक्त, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ उप कलेक्टरों को जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह प्रशासनिक ढांचा उप-मंडल और ब्लॉक स्तर तक विस्तारित किया गया है, ताकि प्रत्येक ग्रामीण क्लस्टर और तहसील में समुचित कवरेज सुनिश्चित किया जा सके।

### स्वदेशी जागरण और आत्मनिर्भरता अभियान

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा स्वदेशी जागरण और आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों के दौरान 7 लाख 66 हजार छोटे, बड़े नए उद्यम लगाए गए हैं। इसके अलावा 9500 नए स्टार्टअप राज्य में शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरस मेला की तर्ज पर हरियाणा में भी जिला स्तर पर स्वदेशी मेला आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। शुक्रवार को रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से मिलकर स्वदेशी जागरण अभियान चलाया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी उपस्थित रहे। स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देकर ही भारत को विश्व में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर देश बनाया जा सकता है। देश और प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी अपने देश में बने हुए उत्पादों का ही दैनिक जीवन में उपयोग करें। सभी नागरिक राष्ट्र भक्ति की भावना को मन में धारण करें और भारतीय उत्पाद को ही प्राथमिकता प्रदान करें।

### आईएफएफआई में हरियाणा की सांस्कृतिक भव्यता

गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025) में इस बार हरियाणा ने सांस्कृतिक भव्यता के साथ अपनी एक अनूठी छाप छोड़ी है। पारंपरिक रंगों, लोकनृत्यों, संगीत, इतिहास और आधुनिक फिल्मी उपलब्धियों को समेटे हरियाणा की झांकी ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्णायक मंडल को भी गहराई से प्रभावित किया। इसी का परिणाम रहा कि राज्य की आकर्षक और सजीव झांकी को महोत्सव में पुरस्कार से सम्मानित किया गया।गोआ में 20 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित नौ-दिवसीय प्रतिष्ठित महोत्सव के पहले दिन 28 प्रतिभागियों ने अलग-अलग थीम पर अपनी झांकिया प्रस्तुत की। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ऑफ इंडिया की ओपनिंग परेड में हरियाणा ने पहली शानदार राज्य झांकी प्रस्तुत की। सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं कला संस्कृति विभाग, हरियाणा के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग के दिशा-निर्देशन में विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया और संयुक्त निदेशक फिल्म नीरज टुटेजा ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। 'नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा' की थीम पर तैयार झांकी ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और सिनेमा के रंगों से सराबोर एक अनोखा 'चलित उत्सव' प्रदान किया। हरियाणा की झांकी ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों, फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# डा. आम्बेडकर आवास योजना का शिलान्यास

चंडीगढ़। उप राष्ट्रपति केआर नारायण ने कल यहां के मौलीजागरा के निकट डा. आम्बेडकर आवास योजना का शिलान्यास करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से इस योजना के तहत अनुसूचित जातियों को कोटे से बढकर आवास सुविधा उपलब्ध कराना और सबको अलग-अलग मकान अलाट करके सभी सामुदायिक सुविधा उपलब्ध करवाने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर प्रशासक के सलाहकार श्री आलेश्वर राय ने डाक्टर आम्बेडकर आवास योजना की स्कीम बारे जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दो वर्षों में 2000 हजार मकान बनाए जाएंगे जिसमें से एक हजार मकान तो इसी साल और 500-500 मकान अगले वर्ष के दौरान बनाए जाएंगे इस मकान की कीमत लगभग 30 हजार रुपए रखी जाएगी जिनकी वसूली 15 सालों में असान किस्तों में 250 रुपए महीना के हिसाब से ली जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में 16 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग रहते है। इनके अलावा सांसद पवन बंसल व सांसद विनोद शर्मा ने भी आवास योजना के बारे में प्रशंसा की।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्रत हुआ।
1933 - कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
1974 - वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
1987 - अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति ग़ुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।
1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ़्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।
1997 - चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
2000 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
2001 - अफ़ग़ानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।

## बोल ब्यूटीफुल



**अनिल अग्रवालः** एक ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता एवं अनिश्चितता से जूझ रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का आठ प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज करने वाला प्रदर्शन उसकी बेजोड़ क्षमताओं को ही दर्शाता है। घरेलू मांग और सुधारों के दम पर आर्थिकी व्हाई में वृद्धि दर्ज करने में भी समक्ष है।
**अखिलेश शर्माः** मैकाले कभी व्यक्ति का नाम रहा होगा। स्वतंत्र भारत में यह एक तरह की मानसिकता का नाम है।

# 2030 तक एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करना : भारत का अगला बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसर

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत एचआईवी/एड्स के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। पहली घटना की रिपोर्ट होने के चार दशकों बाद, देश ने राष्ट्रीय एचआईवी रोकथाम और उपचार कार्यक्रम का निर्माण किया है, जो दुनिया के सबसे व्यापक और मजबूत उपचार कार्यक्रमों में से एक है। राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) ने निर्विवाद उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नई संक्रमण दर 2010 की तुलना में लगभग आधी रह गई है, एड्स से संबंधित मृत्यु दर में 80त्न की कमी दर्ज की गयी है, उपचार पर रहने वाले लोगों में वायरस नियंत्रण अब 97 प्रतिशत से अधिक है और भारत ने पूरी तरह से डोल्यूटेग्राविर-आधारित उपचार योजनाओं को अपनाने के साथ बड़ा बदलाव किया है–जिससे यह उपचार प्रभावकारिता में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है।

हालांकि, आत्मसंतुष्टि की कोई जगह नहीं हो सकती। देश 2026-31 के लिए एनएसीपी चरण-VI (एनएसीपी VI) में प्रवेश कर रहा है, लेकिन इसके साथ ही यह सच्चाई भी स्वीकार करनी होगी कि भारत में महामारी अभी भी विकसित हो रही है और कुछ जगहों पर यह तेजी से बढ़ रही है। महामारी की मौजूदगी का राष्ट्रीय औसत केवल 0.20त्न है, लेकिन यह उभरते हुए हॉटस्पॉट और नई कमजोर स्थितियों को छिपाता है। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और पंजाब जैसे राज्यों में मुख्य रूप से सुई से नशीली दवाओं के सेवन के कारण घटनाओं के बढ़ने की रिपोर्ट मिली है। सुई से नशीली दवा लेने वाले लोगों में, एचआईवी होने की दर राष्ट्रीय औसत से चालीस गुना अधिक है और कुछ खास स्थानों में इसमें गुणात्मक वृद्धि देखी जा रही है। एक ही सुई साझा करने की घटना से संक्रमण का अनुमानित 1-में-160 मौका होने के कारण, सुई से नशीली दवाओं के सेवन से जुड़ी एचआईवी महामारी तेजी से फैल सकती है, यदि इसके खिलाफ प्रभावी ढंग से जवाबी कारवाई नहीं की जाती है।

इसके अलावा, नए संक्रमणों का बढ़ता हुआ हिस्सा अब उन व्यक्तियों में देखने को मिल रहा है जो अपने आकस्मिक या नियमित साथियों से एचआईवी प्राप्त कर रहे हैं–जो पारंपरिक 'मुख्य जनसंख्या' से परे बदलाव का संकेत देता है। भारत की युवा जनसांख्यिकी - हर साल 15-25 आयु वर्ग में 2.25 करोड़ किशोर प्रवेश कर रहे हैं - संवेदनशील बनी हुई है, क्योंकि डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तक आसान पहुँच जोखिम से भरे यौन व्यवहार और मादक पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देती है। भारत ने ऊर्ध्वाधर मातृ-शिशु संचरण को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। गर्भवती माताओं के लिए एचआईवी और सिफ़लिस की सार्वभौमिक जांच और उपचार, शिशु का प्रारंभिक निदान और बालरोग निवारक उपायों ने माताओं से बच्चों में संचरण को 2020 के 25 प्रतिशत से अधिक से कम करके 2024 में 10 प्रतिशत तक कर दिया है। फिर भी, यह उन्मूलन की पांच प्रतिशत सीमा से ऊपर है।

सीधे तौर पर कहें तो, वायरस ने खुद को अनुकूलित कर लिया है। यह युवाओं को प्रभावित करता है, अधिक फैलाव वाला है और नई कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नई रणनीति की आवश्यकता है। एनएसीपी-VI की परिकल्पना भारत की सबसे साहसी और सबसे भविष्य-अनुकूल एचआईवी रणनीति के रूप में की गयी है। यह 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य (एस डी जी 3.3) के अनुरूप है–और यह चार बड़े बदलावों में निहित है।

सबसे पहले, भारत की विविध संवेदनशीलता प्रोफ़ाइल यह मांग करती है कि रोकथाम को श्रेणियों के बजाय लोगों के अनुसार बदला जाए। पारंपरिक 'उच्च-जोखिम समूहों' से अलग, कार्यक्रम को सामाजिक और संरचनात्मक कारकों द्वारा



पैदा होने वाली तथा एक-दूसरे से जुड़ी कमजोरियों को संबोधित करना होगा। संपूर्ण सुरक्षा रूपरेखा के तहत, सार्वभौमिक रोकथाम यह सुनिश्चित करेगी कि हस्तक्षेप, समूहों के बजाय जोखिम वाले व्यक्तियों तक पहुंचे। एआई-संचालित स्वयं जोखिम आकलन, वर्चुअल पहुंच, नए दवा उपकरण और हॉटस्पॉट या सबसे ज्यादा संक्रमण फैलाने वाले संभावित लोगों (सुपर-स्प्रेडर) का पता लगाने के लिए रोग निगरानी प्लेटफ़ॉर्म, रोकथाम और सेवाओं को आपस में जोड़ने के अगली पीढ़ी के प्रयासों को सशक्त करेंगे। छह नशीली दवाओं के उपयोग से उत्पन्न महामारियों पर लक्षित रणनीतियाँ, एनएसीपी-VI के तहत महामारी को तेजी से कम करने के लिए केंद्रीय होंगी।

दूसरा, एनएसीपी-VI को जल्दी पहचान, प्रभावी इलाज, जीवन भर बनाए रखने के दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए। उच्च गुणवत्ता वाले, मुफ्त एंटीरिट्रोवायरल उपचार और वायरल-कमी (वायरल सप्रेशन) को बढ़ाने में भारत की सफलता अभूतपूर्व है। फिर भी, उपचार का पालन करने और प्रारंभिक निदान के लिए रोगियों को बनाए रखने का काम अभी भी जारी है। आभा, टेलीमेडिसिन और एआरटी वितरण के लिए डिजिटल फॉलो-अप का उपयोग करते हुए आपस में जुड़े तरीके सेवा अदायगी बाधाओं को दूर करने में मदद करेंगे। आभा और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के साथ एनएसीपी-VI का एकीकरण, एचआईवी देखभाल को व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकोसिस्टम की मुख्य-धारा में लाने का मौका देता है।

तीसरा, एचआईवी और सिफ़लिस के ऊर्ध्वाधर संचरण को समाप्त करना एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनिवार्यता है। आरएमएनसीएच+ए के साथ तालमेल बढ़ाकर, निजी क्षेत्र से डेटा-प्रवाह और जांच किट्स के लिए विकेंद्रीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं के माध्यम से, भारत 2030 तक उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर सकता है। हालांकि, इसके लिए हर गर्भवती महिला तक–स्थान, जाति, आय या वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना–पहुंचना आवश्यक है।

चौथी बात, कार्यक्रम को कलंक समाप्त करने पर अपने जोर को फिर से शुरू करना चाहिए। कलंक अदृश्यता, देरी से निदान और गैर-उपचार संक्रमण का सबसे बड़ा कारण है। एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017; एचआईवी और एड्स से संक्रमित और प्रभावित लोगों के लिए अधिकार-आधारित कानून है। यह अधिनियम कलंक और भेदभाव से मुक्त वातावरण में सेवा प्राप्त करने को प्रोत्साहित करता है। फिर भी यह कलंक घरों, अस्पतालों, कार्यस्थलों और यहां तक कि नीतियों में भी मौजूद है और इससे निपटने के लिए मजबूत और लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है।

एचआईवी रोकथाम में भारत की यात्रा कई साहसिक उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। एचआईवी नियंत्रण और रोकथाम में शुरूआती निवेश ने महामारी की दिशा को पलटने में मदद की, जिससे एक पूरी पीढ़ी को पीड़ा और रुग्णता से बचाया गया। इसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जनसांख्यिकीय लाभ हुआ, जो आर्थिक विकास में योगदान देता है। बड़े पैमाने पर सेवा वितरण में स्पष्ट उपलब्धियों का एनएसीपी का ट्रैक रिकॉर्ड अंतिम प्रयास के लिए आधार मजबूत करता है। अब विज्ञान, पहले से कहीं अधिक भारत के एचआईवी/एड्स उन्मूलन विजन के पक्ष में है। हमारी जैव प्रौद्योगिकी और दवा उद्योग की क्षमता दवाओं, वैक्सीन और डायग्नोस्टिक्स का तेजी से विकास कर सकती है और पैमाने का तेज विस्तार कर सकती है, जिससे उन्मूलन प्रयासों के लिए सहायता मिलती है।

फिर भी, हजार मील की यात्रा में, आखिरी मील हमेशा सबसे कठिन होता है। एचआईवी/एड्स को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने की आखिरी कोशिश केवल जैव-चिकित्सीय नहीं है–यह सामाजिक, डिजिटल, व्यवहारिक और संरचनात्मक भी है। एनएसीपी-VI एक आगामी रोडमैप प्रदान करता है, जो तकनीकी रूप से आधुनिक, महामारी विज्ञान के दृष्टिकोण से सटीक और सामाजिक रूप से जमीन से जुड़ा है। अडिग सरकारी प्रतिबद्धता और एक सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के समर्थन के साथ, भारत इस अवसर का साहसपूर्वक लाभ उठाएगा–दुनिया को यह दिखाने के लिए कि जब विज्ञान, समुदाय और नीति मिलकर कार्य करते हैं, तो एक महामारी को समाप्त करना संभव है।

**लेखिका - सुश्री वी हेकाली झीमोमी,**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) की महानिदेशक

## प्रदेश में वन बूथ टेन यूथ अभियान के तहत जुड़ेंगे 80 हजार युवा : रुचिन

**कुल्लू 30 नवंबर।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रुचिन चौहान ने कहा है कि वन बूथ टेन यूथ अभियान के तहत प्रदेश में 80 हजार युवा संगठन में जो? जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के युवाओं को राजनीति में जो?ा जाए।

उन्होंने कहा कि चार दिसंबर को प्रदेश की झूठी सरकार का विधनसभा में घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस के लिए प्रदेश भर से युवा जायेंगें। वे यहां कुल्लू में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 8007 बूथों पर युवा मोर्चा ने एक बूथ 10 यूथ कार्यक्रम चलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि पहली कैविनेट की मीटिंग में एक लाख युवाओं को नोकरी दी जाएगी जबकि एक वर्ष में पांच लाख युवाओं को नोकरी दी जाएगी। अब हर युवा सरकार से पूछेगा कि अभी तक कितने युवाओं को नोकरी दी है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा जनजागरण अभियान के तहत केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा और निक्कमी व झूठी सरकार की जनविरोधी नीतियों को भी जनता तक पहुंचाया जाएगा।

ऊना पुलिस की दो बड़े मामलों में सख्त कार्रवाई

# काटने वाले कुत्ते के मालिक और रेत से भरे ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला ऊना पुलिस ने आज दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक कुत्ता काटने के मामले में कुत्ते के मालिक के खिलाफ तथा रेत से भरे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऊना कार्यालय से जारी प्रेस नोट में दी गई।

**पुलिस थाना चिंतपूर्णी में कुत्ते के हमले का मामला दर्ज :** गांव गुरेट, डाकघर अरनवाहल, उप-तहसील भरवाई निवासी कैलाश देव ने शिकायत दर्ज करवाई कि 29 नवंबर को उसका बेटा येश सन्दल पशुओं को घास डालने के लिए पशुशाला जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही मनोहर लाल पुत्र परसराम के कुत्ते ने यश को बुरी तरह काटकर घायल कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि उसने पहले भी मनोहर लाल को कुत्ते को बांधकर रखने की सलाह दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने आरोपी मनोहर लाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है।

**सदर ऊना में अवैध रेत ढुलाई पर कार्रवाई :** पुलिस थाना सदर ऊना के अंतर्गत पुलिस चौकी संतोषगढ़ की टीम ने सुबह चैकिंग के दौरान संतोषगढ़ में ट्रैक्टर नंबर/स्न को रोका। ट्राली में रेत भरी मिली, जिसके लिए चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

जिलाधीश ऊना के आदेशों की अवहेलना करने के चलते पुलिस ने चालक सतनाम सिंह, निवासी मेघपुर, मानकपुर, तहसील नंगल, जिला रूपनगर (पंजाब) के खिलाफ क्वहस तथा मिनरल एक्ट की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

## अवैध खनन पर शिकंजा, हिट-एंड-रन मामला दर्ज, धूम्रपान पर चालान

**ऊना।** जिला ऊना पुलिस ने बीती रात से लेकर आज तक अलग-अलग अभियानों में अवैध खनन, सड़क हादसा एवं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई की है।

**टाहलीवाल में अवैध खनन पर केस दर्ज :** 29/30 नवंबर की मध्यरात्रि के दौरान पुलिस थाना टाहलीवाल के स्ठ्ठ हरीश सैन ने गोन्दपुर जयचन्द में गश्त व यातायात जांच के दौरान ट्रक/टिप्पर को रोका। वाहन में सैंड-डस्ट लोड पाई गई। जिलाधीश ऊना के आदेशों का उल्लंघन पाए जाने पर चालक संजीव कुमार निवासी रतनपुर (होशियारपुर) के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**अम्ब में साइकिल सवार को टक्कर मारकर फरार—हिट-एंड-रण केस दर्ज :** 30 नवंबर को पारस डढवाल निवासी शिवपुर ने पुलिस को बयान दिया कि 29 नवंबर की शाम लगभग 7-30 बजे भंजाल बाजार के पास एक साइकिल सवार परमेश्वर दास को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और दौलतपुर की ओर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान—8 लोगों के चालान :** 29 नवंबर को जिला पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर कुल 8 व्यक्तियों के चालान किए तथा उनसे 1000 रुपये जुर्माना वसूला।

**अवैध खनन पर एक और कार्रवाई :** 29 नवंबर को पुलिस थाना टाहलीवाल क्षेत्र में अवैध खनन अधिनियम के तहत एक वाहन का चालान किया गया। चालान को आगामी कार्रवाई के लिए माननीय अदालत भेजा जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कहा है कि जिले में अवैध गतिविधियों, यातायात नियम उल्लंघन और सार्वजनिक स्थानों पर कानून तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।




## नादौन में मन की बात कार्यक्रम के उपरांत किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** भाजपा नादौन मंडल में मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने के उपरांत किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नादौन मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला प्रभारी एवं प्रदेश सचिव अमित ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल काकू, नादौन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया सहित किसान मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष रविंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण हेतु शुरू की गई योजनाओं - जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, परंपरागत कृषि विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड विस्तार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के रूप में स्थापित किया है।

उन्होंने बताया कि इन्हीं योजनाओं से प्रेरणा लेकर उन्होंने स्वयं वैज्ञानिक खेती को अपनाया और आज वह बड़े पैमाने पर मशरूम उत्पादन करते हैं, जिसकी दैनिक उत्पादन क्षमता लगभग 300 किलो प्रति दिन है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि यदि किसान केंद्र सरकार की योजनाओं का सही उपयोग करते हुए आधुनिक तकनीक अपनाएँ, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

## स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, बच्चों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** जिला मुख्यालय के स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सेलीस्टिया रविवार को लता मंगेशकर कला केंद्र समूर कलां के भव्य सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के डायरेक्टर स्पोर्ट्स, डीन फैकेल्टी आफ एजुकेशन डॉ संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा और अदिति शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पांचवी कक्षा के बच्चों ने मोहक गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। स्कूल के नर्सरी कक्षा के नन्हे मुहे छात्रों ने इट्स ए टाइम टू डिस्को और सुपरस्टार गीतों पर प्रस्तुति से खूब आनंदित किया। एलकेजी के बच्चे अपना हर दिन और शेकी-शेकी गीतों पर प्रस्तुति लेकर आए, तीसरी के बच्चों ने इंग्लिश पॉप सॉन्ग पर नृत्य और देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति दी, पहली कक्षा के बच्चों ने पहाड़ी नाटी और भंग? से मन मोहा, यूकेजी के बच्चों ने दिल है हिंदुस्तानी पर नृत्य और गिद्दा प्रस्तुत किया। स्कूल के छात्रों ने मराठा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित नाटिका प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

दूसरी कक्षा के बच्चों ने फैमिली थीम, बॉलीवुड थीम और वह किसना है गीत पर प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्राओं ने सेमी क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया। आठवीं कक्षा के छात्रों ने भंगड़ा प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। आठवीं के ही छात्र-छात्राओं ने भगवान कृष्ण की दिव्यता और भव्यता पर धार्मिक प्रस्तुति दी। सातवीं कक्षा के छात्रों ने भगत सिंह पर प्रस्तुति देकर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग डाला।

## दिव्यांगता के क्षेत्र में किया बेहतरीन कार्य वाली श्रुति भारद्वाज को मिलेगा राष्ट्रीय अवार्ड

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 30 नवंबर।** दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए कुल्लू जिला की श्रुति भारद्वाज को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में उन्हें देश के राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्रुति भारद्वाज ने कहा कि दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों को लेकर वह कार्य कर रहे है। आश बाल विकास केंद्र, जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र, थेरेपी ऑन व्हील्स जैसे विभिन्न कार्यक्रम उनकी ओर से करवाए जा रहे है। और स्पेशल बच्चे जो अपने रोजमर्रा के कार्य करने में सक्षम नहीं है। उनकी थेरैपी संस्था द्वारा करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि 2012 से उन्होंने इस काम की शुरुआत की थी। और अब कुल्लू जिला में दिव्यांगता के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आश बाल विकास केंद्र के माध्यम से अब तक 1400 बच्चे उनके सेंटर में आ चुके हैं। तो वहीं बहुत से ऐसे बच्चे है बीते साल भी 84 बच्चों ने आश बाल विकास केंद्र में थेरैपी का लाभ लिया है। तो वही घाटी में 76 बच्चे थेरेपी ऑन व्हील्स के माध्यम से सुविधा ले रहे है। उन्होंने कहा कि कुल्लू में पहले इस तरह की सुविधाएं नही थी लेकिन अब संस्था के माध्यम से बहुत से ऐसे बच्चे है। जो थेरेपी लेकर अपने सामान्य जीवन जी रहे है। ऐसे में उन्हें इसके लिए राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे संस्था और भी कार्य इस क्षेत्र में करेगी। वही संस्था के 6 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में समावेश उत्सव भी मनाया जाएगा।

## प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था की हत्या है : विनय

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुऐ कहा कि धर्मशाला की घटना ने कांग्रेस सरकार के गिर चुके स्तर को फिर उजागर कर दिया है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन का बयान कि ÷कांग्रेस की विचारधारा छात्रों तक पहुँचाई जाएगी—यह सिर्फ़ नासमझी नहीं, बल्कि प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था की हत्या है।

कांग्रेस सरकार ने साफ़ कर दिया है कि अब वह बच्चों की किताबों, स्कूलों और संस्थाओं पर कब्ज़ा करके उन्हें पार्टी का प्रचारक बनाना चाहती है।

विनय शर्मा ने कहा यह हिमाचल है—कांग्रेस की वैचारिक कैद नहीं। हमारे बच्चे किसी पार्टी की संपत्ति नहीं हैं। हमारे स्कूल कांग्रेस का प्रचार मंच नहीं बनने दिए जाएंगे।

ऊना में कांग्रेस नेताओं की शह पर अपराध, नशा, अवैध खनन सब कुछ सिर उठाए खड़ा है

लेकिन कांग्रेस सरकार पढ़ाई में वैचारिक जहर घोल रही है और दूसरी तरफ ऊना को अपराधों के दलदल में धकेल रही है।

यह सच्चाई ऊना की हर सड़क, हर बाज़ार और हर गांव में दिखाई दे रही है अवैध खनन दिनदहाड़े, मशीनों की आवाज़ के साथ चल रहा है। नशे का व्यापार कांग्रेस शासन में चरम पर पहुँच चुका है। गन कल्चर बढ़ रहा है, गोलियां चल रही हैं, और प्रशासन सिर झुकाकर खड़ा है। असामाजिक तत्व कांग्रेस की सियासी छतरी के नीचे दहाड़ रहे हैं। ऊना की जनता जानती है कांग्रेस नेताओं के संरक्षण बिना यह सब संभव नहीं।÷ विनय शर्मा ने कहा यह कैसी सरकार है जो बच्चों के स्कूलों में विचारधारा घुसा रही है और बाहर अपराधियों को खुली लाइसेंस दे रही है? कांग्रेस को जवाब देना ही होगा क्या यही 'विचारधारा' पढ़ाई जाएगी?

**अवैध खनन की विचारधारा :** नशे को बढ़ावा देने की विचारधारा?

कानून को पैरों तले रौंदने की विचारधारा? गुंडागर्दी को संगठित करने की विचारधारा? कांग्रेस सरकार हिमाचल को वैचारिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर बर्बाद करने पर तुली है कांग्रेस न शिक्षा बचा पा रही है, न कानून।

**न बच्चों का भविष्य सुरक्षित है, न ऊना की सड़कों की हालत :** सड़कों पर अपराधियों का आतंक यही है कांग्रेस शासन का असली चेहरा। विनय ने कहा कि भाजपा न बच्चों पर विचारधारा का हमला होने देंगे न ऊना को अपराधियों के हवाले होने देंगे। यह लड़ाई सड़कों पर भी लड़ी जाएगी और सदन में भी। कांग्रेस चाहे जितनी कोशिश कर ले—पीछे नहीं हटेंगे विनय ने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन को तुरंत बर्खास्त किया जाए। ऊना में कांग्रेस के संरक्षण में चल रही सभी अवैध गतिविधियों पर निर्णायक कार्रवाई हो। शिक्षा मंत्रालय में कांग्रेस विचारधारा का दखल तुरन्त बंद हो।

कांग्रेस सुन ले यदि उन्होंने यह राजनीति नहीं रोकी, तो भाजपा हिमाचल के हर जिले में, हर स्कूल के बाहर, हर मंच पर इसका खुलकर विरोध करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कन्नीधार में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**सोलन (यशपाल)।** नाहन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने आज कन्नीधार (बिरला पंचायत) स्थित एससी बस्ती में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह भवन आने वाले समय में ग्रामीणों के लिए एक सशक्त सामाजिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सुरेश कश्यप ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागों का आभार जताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधारभूत सुविधाओं से गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचती हैं। सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता पर महंगाई का सबसे बड़ा वार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने डीज़ल पर वैट तिगुना कर आम लोगों की कमर तोड़ दी है। बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी की गई है, फ्री यूनिट योजना बंद कर दी गई है, जिससे 28 लाख उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त टैक्स और उपकर का सीधा बोझ पड़ा है। इसके साथ ही बस किराया दोगुना कर दिया गया है, बस पास महंगे कर दिए गए हैं और महिलाओं के लिए किराये में दी जाने वाली छूट समाप्त करने की तैयारी चल रही है। अस्पताल की पर्ची शुल्क, सीमेंट तथा राशन की कीमतों में वृद्धि कर गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का सोलन में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष व रेणुका के विधायक विनय कुमार का रविवार को सोलन जिला के प्रवेश द्वार से लेकर सोलन जिला की सीमा तक अलग-अलग स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, दून के विधायक चौधरी राम कुमार और नालागढ़ के विधायक हरदीप बाबा और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद विनय कुमार का हिमाचल के प्रवेश द्वार परवाणू में स्वागत किया गया। इसके बाद जाबली और धर्मपुर में स्वागत किया गया। धर्मपुर के बाद कुमारहट्टी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सोलन के ओल्ड बस स्टैंड पर विनय कुमार का स्वागत किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सोलन में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शिव कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव ठाकुर, कांग्रेस नेता डॉ. कर्नल संजय शांडिल, जतिन साहनी, कुल राकेश पंत, मोहन मेहता, जगमोहन मल्होत्रा, बलदेव ठाकुर, सुरेंद्र सेठी, शोभित बहल, मदन हिमाचली, सुभाष बरमानी, अंकुश सूद, कांग्रेस नेत्री संधीरा दुल्टा समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओंका कहना था कि युवा नेता को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपे जाने के बाद नए रक्त का संचार हुआ है। इससे प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इसके बाद सोलन जिला के कंडाघाट में विनय कुमार का स्वागत किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर के नेतृत्व में यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूल मालाएं व बुके भेंट किए।

## शूलिनी विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जो लचीली, समावेशी और उच्च-गुणवत्ता वाली ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने के उसके मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय और बीबीएयू लखनऊ के पूर्व कुलपति डॉ. आर.सी. सोबती मुख्य अतिथि थे।

कार्यक्रम की शुरुआत शांति निकेतन बाल गृह, सुबाथू के बैंड के नेतृत्व में एक गरिमामय शैक्षणिक जुलूस के साथ हुई, जिसने समारोह में भव्यता और सांस्कृतिक जीवंतता का संचार किया। शूलिनी दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (एससीडीओई) के निदेशक प्रो. अमर राज

सिंह सूरी ने समारोह का स्वागत किया और केंद्र की रिपोर्ट, विजन और मिशन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, ÷यह लचीली, सीमाहीन शिक्षा का उत्सव है जो जीवन बदल रही है।÷ उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एससीडीओई की स्थापना 2022 में हुई थी और केवल तीन वर्षों में इसने ग्रामीण, शहरी और महानगरीय क्षेत्रों, आईएएस अधिकारियों, अधिकारियों, शिक्षकों और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित विविध पृष्ठभूमि के 11,000 से अधिक शिक्षार्थियों को सेवा प्रदान करने के लिए प्रभावशाली रूप से विकास किया है। उन्होंने आगे कहा की अंग्रेजी और हिंदी में द्विभाषी व्याख्यान, उद्योग के पेशेवरों द्वारा नियमित मास्टरक्लास, छात्रों का मज़बूत समर्थन और जनरेटिव एआई के साथ एकीकृत कौशल-आधारित शिक्षा जैसे प्रमुख विकासों को साझा किया। एससीडीओई अब अग्रणी ऑनलाइन कार्यक्रम प्रदान करता है, जिनमें एमबीए, एमए अंग्रेजी साहित्य, एमसीए, एमएससी डेटा साइंस, बी.कॉम ऑनर्स, बीबीए, बीसीए, एमएजेएमसी शामिल हैं, और बीए जल्द ही शुरू किया जाएगा। एससीडीओई ने टाइम्स हायर एजुकेशन ऑनलाइन लर्निंग रैंकिंग (ओएलआर) 2024 में सिल्वर रेटिंग प्राप्त करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है, जिसने इसे दुनिया भर के शीर्ष 25 ऑनलाइन शिक्षण संस्थानों में शामिल किया है। शूलिनी विश्वविद्यालय की

इस समारोह में अशोक आनंद, ट्रस्टी, शूलिनी विश्वविद्यालय; सतीश आनंद, ट्रस्टी, शूलिनी विश्वविद्यालय; श्रीमती सरोज खोसला, अध्यक्ष, एसआईएलबी; और प्रो. सुनील पुरी, रजिस्ट्रार, शूलिनी विश्वविद्यालय शामिल हुए। प्रो. विशाल आनंद, प्रो. कुलपति, शूलिनी विश्वविद्यालय ऑनलाइन जुड़े और स्नातकों को बधाई दी। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने चार प्रभावशाली कहानियों से श्रोताओं को प्रेरित किया, जिनमें कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. रॉबर्ट ह्यूबर और स्टीव जॉब्स से सीख लेते हुए साहस, बड़े सपने, दृढ़ता और जोखिम उठाने पर ज़ोर दिया गया। कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला ने स्नातकों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपने तन, मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ. सोबती ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), स्थिरता और शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर बात की और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति शूलिनी विश्वविद्यालय और उसके समर्पित शिक्षकों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

## सिरमौर की अनुपमा महिला ओपन कैटेगरी कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड की रही विजेता

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 30 नवंबर।** जिला कुल्लू के ढालपुर ग्राउंड में तीन दिवसीय कुल्लू फेस्टिवल का स्पीड सेकंड एडिशन की लेडीज़ ओपन कैटेगरी में सिरमौर की महिला जोकि पेशे से सरकारी स्कूल में अंग्रेजी की प्रवक्ता( गर्ल्स स्कूल हमीरपुर) अनुपमा शर्मा विजेता बनी है।। उन्होंने अपना ट्रैक 1 मिनट 31 सेकंड में पूरा किया। उन्होंने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जीत हासिल करके रिकॉर्ड दर्ज किया है।।उनका मुकाबला 4म4 गाड़ी के साथ रहा। जबकि अनुपमा शर्मा ने अपनी फ्रोकंस गाड़ी से अपने प्रतिद्वंदी को कड़ी शिकस्त देते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।

इस जीत पर अनुपमा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपनी हॉबी पर काम करना चाहिए। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। भले शुरू में आप असफल हो जाएं। लेकिन एक दिन सफलता जरूर मिलती है। स्कूल टाइम से ही मैं गाड़ी चलाती आई हूं। इसके अलावा बुलेट भी दो दशकों से चला रही हूं। मोटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स मेरे फेवरेट एरिया है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे मोटिवेट किया है।

समारोह — कोठी स्कूल में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री

# प्रत्येक बच्चे में होती है विशेष क्षमता, लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें : राजेश धर्माणी

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 30 नवम्बर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में एक विशेष क्षमता होती है, जिसे पहचानकर निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी की नकल करने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने भीतर की शक्ति और रुचि को पहचानते हुए 'आई एम द बेस्ट' की भावना के साथ आगे ब?ना चाहिए। साथ ही बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। राजेश धर्माणी आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

कार्यक्रम में कोठी स्कूल क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 विद्यालयों जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी, राजकीय उच्च पाठशाला तियूण खास एवं दाबला, राजकीय माध्यमिक पाठशाला मेहरान, राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला कोठी, तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला तियूण खास, मेहरान, नैण, सिल्ह एवं राव पन्याला शामिल हैं के लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने बजट का ब?ा हिस्सा शिक्षा पर व्यय कर रही है, ताकि बच्चों का मजबूत भविष्य समाज और प्रदेश की प्रगति की सुदृ? नींव बन सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है और यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब समाज का प्रत्येक परिवार और व्यक्ति आत्मनिर्भर बने। उन्होंने बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को मंडी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का मुख्य थीम भी आत्मनिर्भर हिमाचल का संकल्प रहेगा। उन्होंनें बच्चों में आत्मविश्वास, कौशल और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि उन्हें समस्याओं से घबराने के बजाय समाधान खोजने की दिशा में आगे ब?ना चाहिए।

राजेश धर्माणी ने कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं और अभिभावकों के सहयोग एवं सही मार्गदर्शन से बच्चे जीवन में ब?ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने तथा उनकी रुचि और क्षमतानुसार आगे ब?ने के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह विद्यार्थियों की विशेष क्षमताओं की पहचान कर उनके अनुरूप अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएं। साथ ही विषयों को बच्चों के दैनिक जीवन से जो?कर व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाने की बात कही, ताकि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सके।

उन्होंने कहा कि बच्चों को जाति, लिंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं सिखाना चाहिए। समाज में ल?का-ल?की एक समान हैं और सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग एवं सकारात्मक सोच विकसित कर आत्मनिर्भर हिमाचल के सपने को साकार करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, क्लस्टर स्कूलों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पद्मश्री हरिमन शर्मा, बीएमओ डॉ. अनुपमा शर्मा एवं उनकी टीम, बीडीसी सदस्य रवि कौशल, पूर्व प्रधान कोठी पंचायत अनीता धीमान, विभिन्न स्कूलों के एसएमसी प्रमुख एवं सदस्यों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रशासनिक अधिकारी के.डी. लखनपाल ने घोषणा की कि कोठी स्कूल में प्लस-टू कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थी को उनके स्वर्गीय पिता शिवराम की स्मृति में तथा दसवीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थी को उनकी स्वर्गीय माता बांटी देवी की स्मृति में 10-10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## जीरकपुर में बुजुर्ग महिला से सोने की चेन झपटी, दो बाइक सवार आरोपी फरार

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** जीरकपुर। जीरकपुर थाने में एक वरिष्ठ नागरिक महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ स्नैचिंग का मामला दर्ज किया गया है। घटना 20 नवंबर 2025 की है। शिकायतकर्ता रेशी निवासी 115-ए शिवा एन्क्लेव जीरकपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी से मिलकर दोपहर करीब साढे 12 बजे घर लौट रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर आए और उनके गले से करीब ढाई तोला वजन की सोने की चेन झपटकर फरार हो गए।

महिला ने बताया कि घटना अचानक हुई और बाइक सवार तेज गति से निकल गए, जिस कारण वह उनका नंबर नहीं देख सकीं। पीड़िता ने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दी। इस पर थाना प्रभारी ने जांच राजेश चौहान को मार्क करते हुए जांच के आदेश दिए। जांच के बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 304, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध माइनिंग को लेकर पुलिस विभाग खनिज एवं भूविज्ञान निदेशालय को लिखेगा पत्र

# खनन स्वीकृत लीज की सीमा के अंदर या नहीं, होगा सर्वे

8 दिन में पकड़े जा चुके 17 टिप्पर, 1 जेसीबी व 2 ट्रैक्टर ट्रॉली

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** जिले में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए पुलिस विभाग के साथ साथ अब खनिज एवं भूविज्ञान निदेशालय भी अपनी कार्रवाई शीघ्र कर सकता है। पुलिस विभाग खनिज एवं भूविज्ञान निदेशालय को पत्र लिखेगा ताकि वे सर्वे की एक टीम पंचकूला में आकर खनन लीज का सर्वेक्षण कर यह जांच कर सके कि खनिज स्वीकृत योजनाओं के अनुसार और लीज की सीमाओं के भीतर ही निकाले जा रहे हैं या नहीं।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज की अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग के बाद पुलिस ने पूरे जिले में अवैध माइनिंग पर कड़ा शिकंजा कसने के कड़े निर्देश दिए थे। तब से प्रतिदिन पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों की रिपोर्ट सीधे पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में भेजी जा रही है और वे खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से लगातार मॉनिटरिंग, फील्ड में नियमित गश्त और औचक रेड की जा रही हैं। इसके अलावा कमांडो यूनिट्स व फ्लाइंग स्क्वॉड को भी 24म7 चौकस रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि साइट से गुजरने वाले प्रत्येक संदिग्ध वाहन पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज का मानना है कि अवैध खनन प्रकृति के संतुलन को सबसे अधिक चोट पहुँचाता है। पंचकूला पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो और आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और बेहतर पर्यावरण मिले।

**पुलिस की एंटी इलीगल माइनिंग टीम सक्रिय :** पुलिस की एंटी इलीगल माइनिंग टीम सक्रियता के साथ अवैध खनन पर कार्रवाई जारी रखे हुए है। 2 टीमें व स्थानीय पुलिस, जिसमें रायपुर रानी थाना, रामगढ़ चौकी, बरवाला चौकी और मढ़ावाला चौकी ने अवैध खनन के खिलाफ लगातार सख्त मोर्चा खोल रखा है। पुलिस टीमों ने दिन-रात फील्ड में गश्त करते हुए और नाकों पर कड़ी चेकिंग लागू करते हुए 22 नवंबर से 29 नवंबर तक, यानी पिछले 8 दिनों में अवैध खनन सामग्री से भरे 17 टिप्पर, 1 जेसीबी और 2 ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेने में सफलता हासिल की है।

### अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस : सृष्टि गुप्ता



डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि अब तक जब्त किए गए प्रत्येक वाहन को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए तुरंत माइनिंग विभाग को अवगत कराया जाता है, जिसके बाद माइनिंग विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई की जाती है। डीसीपी ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है।

## जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव की तैयारियों में जुटा अकाली दल बादल

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** पंजाब में जिला परिषद व ब्लॉक समितियों के चुनाव का ऐलान राज्य निर्वाचन आयोग के करते ही अकाली दल ने जिला परिषद व ब्लॉक समितियों के चुनाव के लिए अकाली दल बादल द्वारा प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। जिला परिषद व ब्लॉक समिति चुनाव की आहट के बीच शिरोमणि अकाली दल तैयारियों में जुट गया। शिअद ने चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त करने शुरू कर दिए।

क्षेत्र के सीनियर अकाली नेता व एस जी पी सी सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल तथा सीनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरियां उन्होंने कहा कि टिकट आबंटन से लेकर चुनाव प्रचार तक सभी कार्यों में ऑब्जर्वर की अहम भूमिका रहेगी।

जिसमें आज । सिनियर अकाली नेता व एस जी पी सी सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल तथा सिनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरियां ने काने के बाडा के अकाली दल के कर्मठ कार्यकर्ता हंस राज हंसा को सिरोपा डाला तथा उसकों अकाली दल का ब्लॉक समिति का उम्मीदवार घोषित किया गया । हंस राज हंसा को गांव बडी करोरा,काने का बाडा,गांव टांडी,गांव टांडा ,गांव मसोल ,गांव पडछ तथा गांव छोटी पडछ से बलॉक समिति का अकाली दल से प्रत्याशी घोषित किया गया है ।

अकाली दल से प्रत्याशी घोषित होने के बाद हंस राज हंसा ने कहा कि अगर अकाली दल पार्टी ने उन पर विश्वास करके उनको पार्टी की टिकट दी है तो वह यह सीट जीत कर सिनियर अकाली नेता व एस जी पी सी सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल तथा सीनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरियां द्वारा अकाली दल के प्रधान सरदार सुखबीर सिंह बादल की झोली में डालेंगे । अकाली दल को मजबूत करने के लिये हर सम्भव प्रयत्न करेंगे । हंस राज हंसा ने सीनियर अकाली नेता व एस जी पी सी सदस्य चरणजीत सिंह कालेवाल तथा सीनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरियां का धन्यवाद किया ।

## भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में कालका क्षेत्र में विकास कार्य ठप : अजय

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंगला ने बयान जारी कर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल भी कालका क्षेत्र के विकास और आमजन की बुनियादी सुविधाओं को लेकर सिर्फ ÷जुमला÷ साबित हो रहा है। सोशल एवं प्रिंट मीडिया में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्यों की कोई सत्यता नहीं दिखती।

सिंगला ने नगर परिषद पर अपनी जिम्मेदारियों में पूरी तरह असफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में करोड़ों रुपये के घपले की जांच भाजपा के पार्षदों की तीन सदस्यीय कमेटी ने की थी, जिसमें गड़बड़ी साफ पाई गई। नगर परिषद चेयरमैन और स्वयं भाजपा पार्षदों ने सरकार को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। कांग्रेस पार्टी ने भी उपायुक्त को जांच के लिए अवगत कराया था, परन्तु सभी मामले सरकार के संरक्षण में ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्षद खुले तौर पर कह रहे हैं कि उनके वार्डों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा, जबकि सत्ता पक्ष के पार्षद भी भीतर ही भीतर सरकार की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं। कालकाङ्कपिंजौर की टूटी सड़कें तथा कालका रेलवे रोड की खराब हालत हर रोज होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं, जिससे आमजन को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है। यह सब तथाकथित ÷तीन इंजन की सरकार÷ की विफलता को उजागर करता है। अजय सिंगला ने बताया कि भाजपा नेताओं ने कालका काली माता मंदिर पार्किंग का कार्य चुनाव जीतने के छह महीने के भीतर पूरा करने का वादा किया था, लेकिन आज तक वह पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, उसके समर्थित पार्षद, जिला परिषद सदस्य और आमजन–सभी लोग भाजपा के झूठे वादों से तंग आ चुके हैं।

## नगर निगम ने 80 प्रतिशत आबादी का भुगतान होने के बाद माफ किया कचरा शुल्क : सीडब्ल्यूए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन ने समय से पहले ही अपना बकाया चुकाने में असमानता पैदा करने का संज्ञान लिया

**पंचकूला।** नगर निगम, पंचकूला ने वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान यहां रहने वाले भुगतानकर्ताओं द्वारा पहले-ही-जमा किए गए कचरा संग्रहण शुल्क को माफ कर दिया। अब एमसी ने वर्ष 2025-26 के लिए भी कचरा संग्रहण शुल्क माफ करने का फैसला किया है, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक आबादी पहले ही अपने बिल जमा कर चुकी है। सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने पंचकूला में रहने वाले भुगतानकर्ताओं द्वारा समय से पहले ही अपना बकाया चुकाने में असमानता पैदा करने का संज्ञान लिया है।

सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ऐस के नैय्यर, महासचिव सुनील जैन, आरडब्ल्यूए सेक्टर 12 के अध्यक्ष कर्नल एसके दत्ता, प्रेस सचिव तरसेम गर्ग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंकज, महानिदेशक, यूएलबी; आर के सिंह, नगर आयुक्त और कुलभूषण गोयल, महापौर, नगर निगम, पंचकूला से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर समझाइए और नगर निगम तथा यूएलबी को आवश्यक निर्देश दे कि पंचकूला के निवासियों द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक का कचरा-संग्रहण-शुल्क के रूप में जमा की गई अतिरिक्त-राशि को उनके अगले बिलों में तुरंत वापस किया जाए।

एसोसिएशन ने मांग की कि वर्ष 2023-24 के लिए कचरा-संग्रहण-शुल्क के रूप में पहले से एकत्रित धनराशि वापस करने का फैसला किया, मगर लोग अगले वर्ष के लिए अपनी भुगानराशि निगम के पास छोड़ चुके थे। क्या ऐसे में, नगर निगम द्वारा उन खातों में धन-वापसी/समायोजन किया गया जिनमें 2024-25 के दौरान ऐसे शुल्क पहले ही जमा हो चुके हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या 2025-26 के लिए अब तक जमा किए गए कचरा संग्रहण शुल्क भी अगले बिलों के माध्यम से वापस लिया जाएगा। नैय्यर ने कहा कि अच्छे भुगतान करने वालों को भविष्य में अपना कचरा संग्रहण शुल्क तब तक जमा नहीं करना चाहिए, जब तक कि नगर निगम हमेशा की तरह इसे फिर से माफ न कर दे।

## पंचकूला में संदिग्ध ठिकानों पर चला 3 घंटे सर्च ऑपरेशन, 5 हिरासत में, 6 दोपहिया वाहन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में चोरी के साथ साथ संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के मकसद से पंचकूला पुलिस ने कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बड़ा अभियान चलाया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया कि पंचकूला पुलिस हर समय अलर्ट है और अपराधियों को किसी भी हाल में ढील नहीं दी जाएगी।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार ऑपरेशन के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने आशियाना सेक्टर-26 व 28 में जाकर चेकिंग की और संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली। इसी तरह क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने राजीव कॉलोनी में सुबह-सुबह पहुंचकर



गली-गली कड़ी निगरानी रखी। एएनसी टीम ने पिंजौर की बंगला बस्ती और कालका रेलवे स्टेशन में सघन जांच की, जबकि एवीटी स्टाफ ने आशियाना सेक्टर-20, गांव कुंडी और गांव फतेहपुर में तलाशी अभियान चलाया।

### खड़क मंगोली में दबिश, 5 संदिग्ध वाहन मिले

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम ने खड़क मंगोली में दबिश देकर मौके पर मौजूद 5 संदिग्ध मोटरसाइकिलें वेरिफिकेशन के लिए कब्जे में ली। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने दो संदिग्ध चोरों को काबू किया जबकि सेक्टर-26 इंचार्ज इंस्पेक्टर दिलीप कुमार की टीम ने तीन संदिग्ध चोरों को पकड़ा है। सभी से पुलिस हिरासत के दौरान पूछताछ जारी है। इसके अलावा एवीटी इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम ने एक संदिग्ध एक्टिवा भी बरामद की जिसकी नंबर प्लेट जाली पाई गई है। सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

### न्यूज ब्रीफ

#### वार्षिक समारोह बबल्स में नन्हे विद्यार्थियों ने कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** श्री गुरु हरकृष्ण मॉडल स्कूल, सेक्टर 38-डी की कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, रंग-बिरंगे माहौल और रचनात्मकता के साथ अपने भव्य वार्षिक समारोह %बबल्स% का आयोजन किया। कार्यक्रम ने नन्हे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और उत्साह को मंच पर खूबसूरती से प्रस्तुत किया, जहाँ संगीत, नृत्य और अभिव्यक्ति ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों सहित कला और सामुदायिक भावना का उत्सव बना। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के मधुर और भक्तिमय वातावरण से हुई, जिसने शाम को एक पवित्र और सुगम शुरुआत दी। इसके बाद रंगारंग प्रस्तुतियों की एक शानदार श्रृंखला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देसी डायनैमिक्स ने पारंपरिक और आधुनिक भारतीय नृत्य शैली के ऊर्जावान मिश्रण से मंच पर जोश भर दिया।

### हंगामा ओटीटी ने जॉनर की ऑरिजिनल सीरीज के साथ अपना कंटेंट और मजबूत किया

**चंडीगढ़।** भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफ़ॉर्म्स में से एक हंगामा ओटीटी ने 2025 में हिंदी ऑडियंस के बीच सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म के रूप में अपनी पकड़ और मजबूती दिखाई। इस साल प्लेटफ़ॉर्म ने थ्रिलर, क्राइम ड्रामा, साइकोलॉजिकल कहानियों और बोल्ड नैरेटिव्स की एक दमदार लाइनअप पेश की। छोटे कस्बों की रहस्यमयी कहानियों से लेकर हाई सोसायटी के माइंड गेम्स तक, हंगामा ओटीटी ने विविध स्टोरीटेलिंग, नए चेहरे, प्रभावी रिफॉर्मेंस और भारतीय नैरेटिव्स की अपनी पहचान और मजबूत की। हंगामा की प्रमुख ओटीटी ऑरिजिनल सीरीज के नाम पर्सनल ट्रेनर, पति पत्नी और पड़ोसन, कब क्यों और कहां (एवारु एप्पुडु एक्कडा), खदान, हसरतें 2, मोना की मनोर कहानियां, जुड़वा जाल, बैडऐस बेगम, रोज गार्डन, लेट्स प्ले ब्लाइंड, रिश्तों का चक्रव्यूह और ये है सनक अलग अलग जॉनर की सीरीज के साथ अपना कंटेंट और मजबूत किया है ।

## पार्टी हाईकमान चाहेगा तो पंचकूला महापौर का चुनाव लडूंगा : योगेश्वर शर्मा

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा का कहना है कि प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार ने पिछले पिछले कुछ सालों में विकास को नये आयाम दिये हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी ने बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर एक विधानसभा हलके में विकास कार्य करवाये हैं। पंचकूला जिले में भी काफी काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जमीन से जुड़े नेता हैं। वह हर किसी की सुनते हैं और वह ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्हें कोई भी अपनी समस्या लेकर आसानी से मिल सकता है। योगेश्वर शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रही है, जिसके तहत प्राथमिक से लेकर विशेषज्ञ स्तर तक चिकित्सा ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा आने वाले समय में होने वाले नगर निगम चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है और महापौर सहित बहुमत के साथ निगम में दोबारा सत्ता में आयेगी। क्योंकि पिछले पांच सालों में नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के अभूतपूर्व कार्य करवाये गये है। एक सवाल के जवाब में योगेश्वर शर्मा ने कहा कि अगर पार्टी हाइकमान चाहेगा तो वह पंचकूला महापौर का चुनाव अवश्य लड़ेंगे। सरकार की ओर से जल्द ही इलाके को मेडिकल कालेज की सुविधा भी मिल जायेगी।



## डड्डूमाजरा में संजय टंडन ने कार्यकर्ताओं संग सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने आज डड्डू माजरा में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें संस्करण को सुना। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हर प्रसारण देश को नई दिशा देने वाला और समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करने वाला होता है। टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार ड्ढश्रष्ड्डद्य द्घशह्ल ह्रश्रष्ड्डद्य अभियान को और मजबूती देते हुए त्र20 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री को उदयपुर के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार चांदी के अश्व की प्रतिकृति भेंट किए जाने का उल्लेख कर देश की पारंपरिक कला और शिल्प की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उपहार नहीं, बल्कि भारत के कौशल, संस्कृति और 'लोकल फॉर ग्लोबल' की भावना का प्रतीक है।

टंडन ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुँचाएं और स्थानीय उत्पादों को अपनाने एवं बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## रायपुररानी में गली को इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से बनवाने की मांग



अर्थ प्रकाश/सोनू

**पंचकूला।** रायपुररानी बाजार से स्थानीय किले की बैक साइड तक जाने वाली गली को इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से बनवाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है।

कस्बा वासियों का कहना है कि गली की स्थिति खराब हो चुकी है। कई जगह गड्ढे बन गए हैं और लेवल भी बराबर नहीं है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह गली मेन बाजार और कस्बे की अन्य गलियों को जोड़ती है, इसलिए यहां लोगों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि गली को जल्द इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से बनाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम रास्ता मिल सके।

धार्मिक कार्यक्रम

### गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा

# शिक्षा के साथ बच्चों का धार्मिक गतिविधियों में सहभाग सराहनीय : बंतो

सेक्टर–14 कॉलेज में गूंजे गीता संदेश, शानदार प्रस्तुतियों ने मोहा मन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव-2025 पंचकूला में धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-14 में गीता आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष बंतो कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में सार्थक स्कूल सेक्टर-12ए के विद्यार्थी नेहा और वैष्णव ने संस्कृत में अर्जुनङ्कृष्ण संवाद की आकर्षक प्रस्तुति दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-6 के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-7 के दिव्यांग बच्चों ने भजन प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा हरियाणवी कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

बंतो कटारिया ने कहा कि भगवद्गीता की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गीता जयंती महोत्सव न केवल जिला और राज्य स्तर पर, बल्कि विश्व स्तर पर भी मनाया जा रहा है।

मुख्य अतिथि ने गीता पर आधारित शानदार प्रस्तुतियों के लिए स्कूली विद्यार्थियों और कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभाग सराहनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर किसी भी लक्ष्य को साध सकते हैं। श्रीमती कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत युवाओं का देश है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी।

### जीवन में गीता के महत्व पर अपने विचार किए प्रस्तुत

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, सेक्टर-14 में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव-2025 के दूसरे दिन गीता की शिक्षाएं विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने जीवन में गीता के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने कहा कि गीता के संदेशों को जीवन में अपनाकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया संदेश 卐कर्म करो, फल की चिंता मत करो'' हमें यह सिखाता है कि हमें फल की चिंता किए बिना निस्वार्थ भाव से अपना कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म और हमारी संस्कृति हमारी पहचान हैं, और आज की युवा पीढ़ी को इन्हें संजोकर रखने की आवश्यकता है।

## जिला परिषद के लिए चुनाव प्रक्रिया को नए पुनर्गठन तक स्थगित

**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अधिसूचना के कारण, पंचायत समिति, मोहाली की 15 ग्राम पंचायतें अब संबंधित पंचायत समिति/जिला परिषद मोहाली क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो गई हैं। कमीशन ने डिपार्टमेंट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायत विभाग और डिप्टी कमिश्नर मोहाली की सिफारिश पर यह फैसला किया है कि पंचायत समिति मोहाली के सदस्यों के साथ-साथ जिला परिषद मोहाली के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया तब तक टाल दी जाए, जब तक डिपार्टमेंट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायत में ज़ोन का नया रीऑर्गेनाइजेशन नहीं कर लेता।

# प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में दिला रहे हैं पहचान: बड़ौली

पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में महाभारत अनुभव केंद्र और अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव की प्रशंसा से हरियाणा के लोग गदगद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम बूथ नंबर 33, भगवान विश्वकर्मा मंडल सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ सुना। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई इस सराहना से हर हरियाणवी गदगद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में पहचान दिला रहे हैं। श्री बड़ौली ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की सराहना करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मेयर राजीव जैन सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चर्चा करते हुए कहा है कि महाभारत युद्ध से जुड़े अनुभवों को महाभारत अनुभव केंद्र (कुरुक्षेत्र) में साक्षात रूप से महसूस करना अत्यंत अद्भुत है। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय अनुभव को मन की बात कार्यक्रम में बताया।

श्री बड़ौली ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। श्री बड़ौली ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के विचार प्रेरणादायी रहते हैं और भाजपा के कार्यकर्ता भी पीएम मोदी के विचारों को सुनने के लिए उत्साहित रहते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम न केवल कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है, बल्कि जनभागीदारी और सकारात्मक संवाद को भी बढ़ावा देता है। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देते हुए भारत में निर्मित वस्तुओं को खरीदना होगा। हम भारत में निर्मित वस्तुएं खरीदेंगे निश्चित देश के साथ-साथ प्रदेश भी आत्मनिर्भर बनेगा।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार में हर वर्ग का सपना साकार हो रहा है। नायब सरकार किसान, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने 11 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। नायब सैनी सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है। यह आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में है और इसे हासिल करने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

## जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन हुआ सफल सेमिनार का आयोजन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि किया सेमिनार का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**गीता का ज्ञान सभी धर्मों, वर्गों और जीवन क्षेत्रों के लिए उपयोगी: बड़ौली**

प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि गीता का संदेश किसी एक धर्म, जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है। उन्होंने कहा कि चाहे खेती हो, व्यापार हो, शिक्षा हो, खेल हो या सामाजिक जीवन हर क्षेत्र में गीता मार्गदर्शन देती है। उन्होंने अर्जुन के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में जब भी भ्रम, तनाव या निर्णय का संकट आए, तो गीता आत्मबल, साहस और स्पष्टता प्रदान करती है। इसका नियमित पाठ मन को स्थिर करता है और जीवन को सही दिशा देता है।इस मौके पर नगराधीश डॉ0 अनमोल, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज,वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा, डॉ0 ओमप्रकाश, नवीन मंगला, सुनीता लोहचब, पुष्पा बैरागी, किरण बाला, आदि मौजूद रहे

सोनीपत। जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन धर्म, ज्ञान और जीवन मूल्यों पर केंद्रित एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में विभिन्न शिक्षाविदों, विद्वानों एवं आध्यात्मिक गुरुओं ने भाग लिया।

सेमिनार के दौरान सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्रीमद्भगवद्गीता की आज के समय में आवश्यकता, प्रासंगिकता और जीवन में इसके उपयोगी संदेशों पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, अनुशासन, सत्य, साहस और आत्मविश्वास के पथ पर अग्रसर करता है।

**मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में एक्स-राइस्ट डे**

## 2000 बैच ने सिल्वर जुबली के साथ रचा इतिहास



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवंबर के अंतिम रविवार को एक्स-राइस्ट डे धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में 2000 बैच के छात्रों ने अपने सिल्वर जुबिली समारोह के साथ इस परंपरा को और विशेष बना दिया। इस अवसर पर खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, आईपीएस बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य व निदेशक प्रमोद कुमार धीमान सहित सिल्वर जुबिली बैच के छात्रों द्वारा विद्यालय के शहीद छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसी संदर्भ में सिल्वर जुबली बैच द्वारा स्कूल का लोगो भी स्थापित किया गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार धीमान द्वारा स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को पूर्व छात्रों के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में खेल स्कूल राई के ऐकडेमिक कॉर्डिनेटर रामधारी शर्मा और खेल अधिकारी चंदर शेखर शर्मा और हेडमिस्ट्रेस निर्मल श्योरान सहित सभी स्टाफ मेंबर्स उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में उपस्थित रहे और समारोह की गरिमा में वृद्धि की।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सनातन परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ा रहे: निखिल मदान

विधायक निखिल मदान ने देव नगर में बूथ नंबर 161 पर सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 15 के देव नगर में बूथ नंबर 161 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल के महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण और कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का जिक्र किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने बताया कि महाभारत युद्ध से जुड़े अनुभवों को महाभारत अनुभव केंद्र (कुरुक्षेत्र) में साक्षात रूप से महसूस करना अत्यंत अद्भुत है। ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय अनुभव रहा।

विधायक निखिल मदान ने कार्यक्रम के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएँ और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। विधायक निखिल मदान ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम न केवल कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है, बल्कि जनभागीदारी और सकारात्मक संवाद को भी बढ़ावा देता है।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिला कब्बडी टीम और महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान ,भूपेंद्र गहलावत , वीएचपी अध्यक्ष पवन गर्ग, नरेश वर्मा, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी,किरण बाला ,सुमित गहलावत,पवन स्वामी, राहुल शर्मा, रोहित भारद्वाज,प्रिंस कौशिक,जसबीर छिक्कारा, रामजी रोहिल्ला,राजीव,रमेश रोहिल्ला, पिंकी कौशिक,सुशीला रोहिल्ला, रेखा गर्ग,उर्मिला पांचाल, योगराज स्वामी,सागर चोपड़ा, प्रेम,सेठा प्रजापति,सोनू प्रजापति, सुमित वर्मा,महावीर मनचंदा, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## बैग लूट की कोशिश में दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने रूपये व फोनो से भरा बैग छीनने की कोशिश करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण पुत्र कृष्ण व हरीश उर्फ हन्नी पुत्र राजकुमार दोनों निवासी छतैहरा जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 18 सितम्बर 2025 को अनिल पुत्र मेहरसिंह निवासी गाँव मल्हा माजरा जिला सोनीपत ने थाना कुण्डली में शिकायत दी कि मैंने एक दुकान गाँव मल्हा माजरा नीयर खेडी मनाजात रोड पर लक्की कम्युनिकेशन के पास खोल रखी है। जो दुकान में मनी ट्रांसफर, नए फोन सेल व मोबाइल फोन रिपेयरिंग का कार्य करता है। 16 को समय तकरीबन 10.00 मैं अपने बेटे लक्की के साथ दूकान का कैश 1 लाख रुपये व 25 नये फोन एक बैग में डालकर अपने घर के लिए चले बैग मेरे बेटे लक्की के पास था जब हम नियर खेडी रोड पहुँचे तो सन्ता के मकान के पास गली में तीन नौजवान लडके एक स्कूटी लिये हुए खड़े थे और अपने मुहँ पर कपडा बाँधे हुए थे जो तीनो लड़के मेरे बेटे लक्की से कैश व फोनो से भरा बैग छीनने की कोशिश करने लगे जो मैं अपने बेटे का बचाव करने लगा तो एक लड़के ने मेरी आँखो मे मिर्ची पाउडर मार दिया फिर मेरा लडका बैग को लेकर अपने घर की और भागने लगा तो मेरे लड़के के पीछे एक व्यक्ति ने पिस्तौल से फायर कर दिया।

## कंप्यूटर एवं कौशल शिक्षा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम: योगेश कौशिक



एस.आर.के. स्किल सेंटर में प्रमाणपत्र वितरण समारोह, 123 छात्रों को मिला सम्मान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। एस.आर.के. स्किल सेंटर में शुक्रवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैन गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने शिरकत की । कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश कौशिक, अमित बत्रा, अंकित मल्होत्रा, अजय सरोहा, प्रवीण भारद्वाज व अमित ने शिरकत की । सेंटर के संचालक जोगेंद्र ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार व मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं कौशल शिक्षा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्किल सेंटर की भूमिका को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि संस्था गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी है। उन्होंने उपस्थित युवाओं में उत्साह का संचार किया व छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 123 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संचालक जोगेंद्र ने कहा कि एस.आर.के. स्किल सेंटर एच.के.सी.एल. का अधिकृत कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान है ,यहां से जारी प्रमाणपत्र सभी सरकारी नौकरियों में मान्य हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सेंटर से कोर्स पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सरकारी एस.ई.टी.सी. परीक्षा से छूट हैं। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्थान को रोजगार अवसर बढ़ाने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर अमित गर्ग, डिम्पल, कल्पना , अंजली आदि मौजूद थे।

## मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं: विधायक कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। लायंस क्लब गन्नौर गौरव की ओर से रविवार को शहर के शिव पार्क में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 213 लोगों की आंखों की जांच की।

जांच के दौरान 37 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं। वहीं, क्लब की ओर से मौके पर ही 135 जरूरतमंद रोगियों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां वितरित की गई।विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि लायंस क्लब ने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी बिखेरने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समर्थ लोगों का यह सामूहिक कर्तव्य है कि वे जरूरतमंदों की सेवा करें।

मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई दूसरा धर्म नहीं है। शिविर में जिन 37 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है, उनका ऑपरेशन दिल्ली के दरियागंज स्थित डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में निशुल्क कराया जाएगा। क्लब द्वारा ही रोगियों को अस्पताल लाने-ले जाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा ऑपरेशन के बाद दवाई व चश्मा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस अवसर पर साशा वेदी, अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, तरुण चुघ, चारु चांदना, नीरज अरोड़ा, सचिन दिगानी, नीरज जाग्या, प्रवेश मदान, रजत हांडा, रिंकू सेठी, हरीश मदान व पार्षद अजय सरोहा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वोकल फार लोकल है देश की मजबूती का आधार: डॉ अरविंद शर्मा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने रविवार को अपने सेक्टर 7 स्तिथ आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128वां संस्करण सुन रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल जन जुड़ाव का ही माध्यम नहीं बना है, अपितु यह अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रहे लोगों को कहानियां जन-जन तक पहुंचाते हुए प्रत्येक भारतीय को आगे बढाने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जनता का आह्वान और आमजन द्वारा लक्ष्य के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक बेहतरीन माध्यम यह कार्यक्रम बना है।कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि स्वदेशी अभियान को निरन्तर अपनी दिनचर्या में लाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना है, तभी हम स्थानीय दुकानदारों व आम आदमी को सशक्त बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा क्षेत्र, कृषि खाद्यान्न क्षेत्र से लेकर खेल क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका जिक्र मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं।

## आनलाईन फ्राड से बचने के लिए हर नागरिक का जागरूक होना जरूरी: महेश कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को जागरुक करने के लिए पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। साइबर थाना की टीम द्वारा सेवा सुरक्षा और सहयोग के सलोगन को चरितार्थ करते हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए हुए युवाओं व कलाकारों को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गीता महोत्सव में आए हुए युवाओं व कलाकारों को साईबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में चल रहे अन्तराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जिला पुलिस द्वारा आए हुए पर्यटकों और कलाकारों विशेष रूप से युवाओं को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मसरोवर एरिया में कई स्थानों पर साईबर जागरूकता के बोर्ड लगाए गए हैं तथा साईबर थाना कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा महोत्सव में आए हुए सभी पर्यटको को साईबर अपराधों के बारे में जागरूक किया।

## खेल व खिलाड़ियों को लेकर प्रदेश सरकार लापरवाह: सुशील गुप्ता

### प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने गन्नौर में आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। प्रदेश की भाजपा सरकार खेल और खिलाड़ियों के लेकर के पूरी तरह लापरवाह है और खिलाड़ियों का हादसा में चले जाना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वर्तमान सरकार को किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहने का कोई भी नैतिक अधिकार नहीं है । आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने गन्नौर में आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के सोनीपत जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने की। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुरेंद्र अहलावत भी मौके पर विशेष तौर पर हाजिर थे। सोनीपत नगर निगम चुनाव के चर्चा करते हुए कहा गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी नगर निगम चुनाव को पूरा मजबूती के साथ लड़ेगी और जिला टीम ने रणनीति बनाकर जोर-जोर से तैयारी शुरू कर दी हैं । प्रत्येक वार्ड स्तर पर प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा कर दी है।

जिला पर प्रभारी सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि नए पदाधिकारी आम आदमी पार्टी की व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने कहा की आने वाले समय में आम आदमी पार्टी सोनीपत जिला में नंबर वन की पार्टी होगी और नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़कर अपना परचम लहराएगी। इस अवसर पर नगर निगम चुनाव चयन समिति के अध्यक्ष विमल किशोर, युवा के जिलाध्यक्ष अंकुश त्यागी, महिला हलकाध्यक्ष पुष्पा, महेंद्र छिक्कारा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**मैं,** धर्म पाल पुत्र किशोरी लाल वासी मकान नं 162, सैक्टर 16, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर धर्म सिंह से धर्म पाल रखा है।

**मैं,** संदीप पुत्र सुरेश पाल वासी गांव गढ़ी बंजारा डाकघर उधमगढ़ तहसील जगाधरी यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर संदीप से संदीप कुमार रखा है।

**मैं,** Balvinder सिंह जोहर पुत्र हरभजन सिंह जोहर वासी मकान नं 581 संत पूरा मॉडल टाउन यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Balwinder सिंह जोहर रखा है।

**मैं,** सचिन कुमार पुत्र जय नारायण वासी मकान नं 97 नजदीक शिव मंदिर Lakaria Dighal झज्जर ने अपना नाम बदलकर सचिन कुमार बंसल रखा है।

**मैं,** Parmjeet सिंह पुत्र बलबीर सिंह वासी गांव गोर्गढ़, जिला करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Paramjeet सिंह से Parmjeet सिंह रखा है।

**मैं,** Mann सिंह पुत्र रुला राम वासी गांव काछवा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Man सिंह से Mann सिंह रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।
एपी-5883

श्रीमति सरोज देवी, आधार न-9708 6145 5597, पत्नी श्री करन सिंह व श्री करन सिंह, आधार नं-4752 0328 4099 पुत्र श्री मदन सिंह निवासीगण, विकास नगर गली नं-11-बी पटियाला पंजाब के हैं। गोद ग्रहिता/ गोद लेने वाले माता पिता/ प्रथम पक्ष श्रीमति आशा पत्नी श्री नरेश व श्री नरेश पुत्र श्री जगदीश सिंह निवासीगण, गांव बरोली ब्राहमण दाहिना गांव भरतपुर राजस्थान-321402 के हैं गोद देहिन्दा। पैदा यह कि द्वितिय पक्ष श्रीमति आशा व श्री नरेश कुमार के तीन लडकी है जिनमे से एक लडकी जिसका मानवी नाम है।
एपी-5883

**बेदखली सूचना**

मैं कृष्णा देवी पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र निवासी गांव छौत तह. व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सलीम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5884

**मैं,** हेमेश अरोड़ा पुत्र शाम लाल अरोड़ा, निवासी मकान नंबर 126, सेक्टर 15-ए, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा निखिल अरोड़ा मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5885

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## हरियाणा में कैथल, हिसार, जींद, फरीदाबाद के जिलाधीश समेत 16 आईएएस तब्दील

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** हरियाणा में रविवार को देररात 4 जिलाधीशों समेत 16 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। राज्य सरकार द्वारा किए गए इस प्रशासनिक फेरबदल में कैथल, हिसार, फरीदाबाद व यमनानगर के जिलाधीश समेत 16 आईएसस तब्दील किए गए हैं। इन अधिकारियों में हाट्रोन के एमडी महेंद्रपाल को जिलाधीश हिसार, मानेसर नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा को जिलाधीश फरीदाबाद, स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक अपराजिता को जिलाधीश कैथल, कैथल की जिलाधीश प्रीति को यमुनानगर जिलाधीश लगाया है। इसी प्रकार नूंह के एडीसी प्रदीप सिंह को आयुक्त मानेसर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अशोक कुमार मीणा को महानिदेशक स्थानीय निकाय विभाग, रवि प्रकाश गुप्ता को हिसार के आयुक्त, पंकज को संदीय मामलों का सचिव एवं निदेशक सप्लाई एंड डिस्पोजल का, आदित्य दहिया को एमडी वित्त निगम एवं एमडी हरियाणा औद्योगिक विकास, प्रदीप कुमार को राज्य परिवहन विभाग का महानिदेशक, अमना तासनेम को विशेष सचिव गृह विभाग हरियाणा, यमुनानगर के जिलाधीश पार्थ गुप्ता को खेल विभाग हरियाणा के सचिव एवं पर्यटन विभाग, संगीता तेतरवाल को न्यू रिन्यूएबल एनर्जी का निदेशक एवं विशेष सचिव हरियाणा, अनीष यादव को पंचायत विभाग का निदेशक, फरीदाबाद के डीसी विक्रम को रिक्त पड़े पद पर एमडी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लगाया गया है। कैथल की डीसी प्रीति को डीसी यमुनानगर, हार्टोन के एमडी महेंद्रपाल को अनीष यादव को रिलीव कर डीसी हिसार लगाया गया है। इसी प्रकार मानेसर के नगर निगम आयुक्त आयूष सिन्हा को डीसी फरीदाबाद, अपराजिता को डीसी कैथल लगाया गया है व एडीसी प्रदीप सिंह को नगर निगम आयुक्त मानेसर लगाया गया है।

## तमिलनाडु के शिवगंगा में टूरिस्ट बसों की टक्कर, 11 की मौत और 20 घायल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो टूरिस्ट बसों की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना शिवगंगा जिले में हुई है, जिससे इलाके में शोक की लहर है

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो टूरिस्ट बसें आपस में टकरा गई हैं। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि रविवार को तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो सरकारी बसों की आमने-सामने टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना पिल्लैयारपट्टी से लगभग पांच किलोमीटर दूर तिरुपत्तूर इलाके में हुई।

**एनआईटी कुरुक्षेत्र के 20वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत**

# एनआईटी कुरुक्षेत्र शोध व नवाचार का मजबूत स्तंभ बनकर नई ऊंचाइयां छूएगा : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 नवम्बर।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि एनआईटी कुरुक्षेत्र, जो भारत के रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में तेजी से उभर रहा है, आने वाले समय में गौरव और उपलब्धियों की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष रविवार को एनआईटी कुरुक्षेत्र के 20वें दीक्षांत समारोह में युवा स्नातकों और मेडल प्राप्तकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

नवस्नातक विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी उपलब्धियाँ विकसित भारत 2047 के उस व्यापक विज़न से गहराई से प्रेरित हैं, जिसके प्रति हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शिक्षा सुधार, डिजिटल गवर्नेंस, औद्योगिक साझेदारी और समावेशी ग्रामीण विकास को लेकर दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एनआईटी कुरुक्षेत्र ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय रूपांतरण किया है। यह संस्थान अब 15 स्नातक कार्यक्रम तथा 28 स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है, जिनमें 17 एम.टेक, चार एम.एससी, एमबीए, एमसीए तथा इंटीग्रेटेड बी.टेक-एम.टेक सहित अन्य कार्यक्रम शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्रदान करने का अवसर न रहे, बल्कि अपने ज्ञान का उपयोग विनम्रता, करुणा और उत्तरदायित्व के साथ करने का एक संकल्प बने। मेरी कामना है कि आप आजीवन सीखते रहें और एक समृद्ध, समावेशी तथा सतत भारत के निर्माण में निरंतर योगदान दें, एक ऐसा भारत, जो एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के आदर्श में सच्चे मन से विश्वास करता है।

### युवा बनें नवाचार के अग्रदूत : सीएम नायब

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बदलते दौर में चुनौतियों का सरल व प्रभावी समाधान केवल नवाचार से संभव है। उन्होंने डिग्री धारक और पदक लेने वाले युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की समस्याओं को सरल बनाने में करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। देश को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे केवल नौकरी पाने का लक्ष्य न रखें, बल्कि रोजगार सृजक और नवाचार के अग्रदूत बनें।

## सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं संग गांव कन्हड़ी में सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

**टोहाना (संजीव सिंगला)।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव कन्हड़ी के बूथ नंबर 154 पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और ग्रामीण नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन-जन को प्रेरणा देने वाले कार्यक्रम मन की बात को सुना। बूथ स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का जन आंदोलन है। प्रधानमंत्री जी ने इसमें देश की उन्नति, समाज की भागीदारी, युवाओं की भूमिका, पर्यावरण संरक्षण, लोक संस्कृति एवं आत्मनिर्भर भारत से जुड़े बेहतरीन विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश देश की जनता को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## वैदिक सत्संग में सत्य, श्री और यश को जीवन की तीन सफल सीढ़ियां बताया

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 30 नवंबर।** स्थानीय आर्य समाज नरवाना में रविवारीय वैदिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। साप्ताहिक सत्संग का आरंभ संसार के सर्वश्रेष्ठ कर्म–देवयज्ञ के साथ हुआ। यजमान के रूप में आर्य समाज नरवाना के मंत्री विजय कुमार आसन पर विराजमान रहे, जबकि पुरोहित मिथिलेश शास्त्री ने विधिवत यज्ञ सम्पन्न करवाया। यज्ञ उपरांत यशपाल आर्य और आशुतोष आर्य ने ईश्वर भक्ति से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

मंत्री विजय कुमार ने कहा कि सत्य सनातन वैदिक धर्म की रक्षा और उसके प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण कार्य आर्य समाज निरंतर करता आ रहा है। दूषित वातावरण को शुद्ध करने का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग देवयज्ञ है, जिसे ऋषियों ने मानव जीवन का सर्वोत्तम कर्म बताया है। यज्ञ करना और करवाना आर्यों का कर्तव्य है, क्योंकि यह मनुष्य को श्रेष्ठ, शांत और सदाचारपूर्ण जीवन की दिशा देता है। तत्पश्चात् पुरोहित मिथिलेश शास्त्री ने अपने प्रवचन में मनुष्य की सफलता की तीन सीढ़ियों–सत्य, श्री (धन) और यश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में सत्य का स्थान सर्वोपरि है। सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं और असत्य से बड़ा कोई पाप नहीं। उन्होंने कहा कि यदि यज्ञ में सत्य न हो तो वह केवल दिखावा बनकर रह जाता है, इसलिए सत्य यज्ञ से भी श्रेष्ठ है।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन की दूसरी सफलता श्री–अर्थात् धन की प्राप्ति है, लेकिन यह धन सत्यमय व्यवहार से अर्जित होना चाहिए। सत्य और सदाचारपूर्वक अर्जित धन ही मनुष्य को वास्तविक ऐश्वर्य प्रदान करता है। तीसरी सफलता यश है। शास्त्री ने कहा कि सत्य का केवल प्रदर्शन यश नहीं देता, बल्कि सत्य से कमाए धन को शुभ और लोक-हितकारी कार्यों में व्यय करने से ही यश प्राप्त होता है। जब सत्य, धन और यश तीनों संतुलित रूप में जीवन में प्रवेश करते हैं तो मनुष्य पूर्ण सफलता को प्राप्त होता है।



## स्कूल में 2000 बैच ने सिल्वर जुबिली फंक्शन के साथ मनाया एक्स राइस्ट डे

अर्थ प्रकाश/आदेश

**राई।** मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवंबर के अंतिम रविवार को एक्सराइस्ट डे धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में 2000 बैच के छात्रों ने अपने सिल्वर जुबिली समारोह के साथ इस परंपरा को और विशेष बना दिया।

इस अवसर पर खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य व निदेशक प्रमोद कुमार धीमान सहित सिल्वर जुबिली बैच के छात्रों द्वारा विद्यालय के शहीद छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसी संदर्भ में सिल्वर जुबली बैच द्वारा स्कूल का लोगो भी स्थापित किया गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार धीमान द्वारा स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को पूर्व छात्रों के साथ साझा किया गया ।

कार्यक्रम में खेल स्कूल राई के ऐकडेमिक कॉर्डिनेटर रामधारी शर्मा और खेल अधिकारी चंदर शेखर शर्मा और हेडमिस्ट्रेस निर्मल श्योरान सहित सभी स्टाफ मेंबर्स उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में उपस्थित रहे और समारोह की गरिमा में वृद्धि की।

## गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं बलिदानी शताब्दी पर धमतान साहिब में भव्य समागम

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 30 नवंबर।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता, धर्म, स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण है, जिसकी तुलना दुनिया में कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने उस कठिन दौर में निहत्थों, कमजोरों और सताए गए लोगों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। यह बलिदान पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बनकर आज भी अमर है।

सांसद सुभाष बराला रविवार को गुरुद्वारा धमतान साहिब में हरियाणा सिख कमेटी द्वारा आयोजित गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं बलिदानी शताब्दी को समर्पित तीन दिवसीय भव्य समागम में शिरकत करने पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उन्हें सरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

सांसद बराला ने कहा कि यह समागम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। समागम में भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दयाला जी के अद्वितीय बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इसके साथ ही यह कार्यक्रम गुरु गोविंद सिंह साहिब जी के गुराई दिवस को भी समर्पित है, जो सिख इतिहास की गौरवमयी परंपराओं का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी हिंद की चादर बनकर पूरे समाज की ढाल बने और उन्होंने अपनी शहादत देकर धर्म और संस्कृति को अक्षुण्ण रखा। धमतान साहिब उनकी पावन तपोभूमि रही है, जहां वे तीन बार पधारे और अपनी अनंत कृपा की वर्षा की। यहां स्थित ऐतिहासिक कुआं उनके समय में ही निर्मित हुआ था। इसी पवित्र भूमि पर गुरु साहिब ने अपने कर-कमलों से गुरु घर की नींव रखी थी, जो आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। बराला ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली के चांदनी चौक में अपनी शहादत देकर उस समय के मुगल अत्याचारों से धर्म और समाज की रक्षा की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अनुभवी स्वास्थ्य मित्र चेरीटेबल ट्रस्ट हरियाणा द्वारा तीन दिवसीय मेडिकल कैंप आयोजित

**टोहाना (संजीव सिंगला )।** श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के 350वें शहीदी दिवस पर अनुभवी स्वास्थ्य मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट हरियाणा द्वारा तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा सेवा कैंप का आयोजन गुरुद्वारा श्री धमतान साहिब में आयोजित किया गया। इस कैंप में ट्रस्ट के हरियाणा के प्रधान अजायब सिंह फतेहपुरी के नेतृत्व व डॉक्टर गुरदीप सिंह ढिल्लों रततांथेह की अगुवाई में अनेक चिकित्सकों ने अपनी निस्वार्थ सेवाएं दीं और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें दवाइयां व परामर्श भी फ्री दिया गया इस अवसर पर आने वाली सभी साध संगत ने ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यों की सरहाना भी की। इस कैंप में डॉक्टर दिलबाग सिंह दीवाना, जींद प्रेसिडेंट डॉक्टर सुरेश मलिक, डॉक्टर रूपेंद्र कौर चीलेवल, डॉ ऋषिपाल सिंह के साथ केसर रशीदा ट्रस्ट के सदस्यों ने खालसा एड मेडिसिटी हॉस्पिटल कैंची चौक टोहाना डॉक्टर बिंदु व डॉक्टर कुलदीप के साथ भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

### जनता कॉलेज कौल की शिवानी ने जीता रजत पदक

**कैथल, 30 नवंबर (ओम प्रकाश)।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल की बी.एससी. स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवानी ने 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025' में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 28 नवंबर तक जयपुर में भव्य रूप से आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिवानी की यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज खेलों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा मानते हुए विद्यार्थियों को खेल और अकादमिक दोनों क्षेत्रों में श्रेष्ठता के लिए निरंतर प्रेरित करता रहा है। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है, जो जीवन में सफलता की दिशा तय करते हैं। डॉ. ऋषिपाल ने शिवानी की सफलता को उसकी मेहनत, लगन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।




### जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्र वितरित

**लाडवा (विकास कश्यप)।** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए ईंट भट्टे पर जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। यह जानकारी प्रकल्प प्रमुख विनय गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि इस समय सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है तथा काफी जरूरतमंद लोग इस समय सर्दी की चपेट में हैं। भारत विकास परिषद लाडवा के सदस्यों द्वारा एकत्रित पुराने ऊनी वस्त्र, जूते, जुराबें इत्यादि वितरित किए गए, ताकि वो सर्दी से अपना बचाव कर सके। परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने इस अवसर पर कहा कि इस समय काफी सर्दी पड़ रही है। परिषद समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भलाई के लिए कार्य करती है। इसी कड़ी में आज ऊनी वस्त्र वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी गर्म जर्सी, जूते वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर संजीव मंगला, नवनीत सिंहल, रवींद्र सैनी, पंकज गर्ग, सुमित बंसल, रूमित गर्ग, बाल किशन सैनी, दीपक सिंहल, गुरमेज इसह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गीता महोत्सव के पावन महोत्सव पर विभिन्न देशों की संस्कृतियों को मिला बढ़ावा

**कुरुक्षेत्र 30 नवंबर ।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर पर गीता महोत्सव के इस पावन महोत्सव पर बहुत लोग दूर-दूर से आए है। कुछ लोग यहां मनोरंजन के लिए, तो कुछ लोग घुमने फिरने, तो कुछ लोग देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को ब्रह्मसरोवर के तट पर नजर आने वाले अनोखे नजारों को देखने के लिए यहां पहुंच रहे है। विभिन्न राज्यों के पर्यटक अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्यों का खूब आनंद ले रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए कुछ पर्यटकों का कहना है कि भारत में इतनी संस्कृति मौजूद है, जिनमें से अधिकतर के बारे में तो गीता महोत्सव में आने के बाद ही पता चलता है और इन संस्कृतियों, इनके रीति-रिवाजों, खान-पान, रहन-सहन, पहरावे, लोक गायन व नृत्यों को देखने तथा उनके बारे में जानने का मौका मिलता है।

## देश की संस्कृति और शिल्प कला का केन्द्र बना अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का मंच

> शिल्प और सरस मेला बना पर्यटकों की पहली पसंद, प्रशासन द्वारा महोत्सव के दौरान किए गए है सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 30 नवंबर।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के मुख्य कार्यक्रमों के छटे दिन व शिल्प व सरस मेले के 15वें दिन तक पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ब्रह्मसरोवर के घाटों पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की तरफ से बेहतरीन कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। इन प्रस्तुतियां में किसी घाट पर पंजाबी संस्कृति, कहीं पर हरियाणवी और कहीं पर हिमाचल तो कहीं पर राजस्थान की लोक संस्कृति को देखने का अवसर मिल रहा है। इस लोक संस्कृति का आनंद लेने के साथ-साथ लोग ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ एनजेडसीसी और डीआरडीए की तरफ से लगे सरस और शिल्प मेले में अनोखी शिल्पकला को भी खूब निहार रहे है।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का मंच देश की संस्कृति और शिल्पकला का मुख्य केन्द्र बन चुका है। इस महोत्सव के मंच पर विभिन्न राज्यों की शिल्पकला और लोक संस्कृति को सहजता से देखा जा सकता है। देश-प्रदेश की इस अदभुत शिल्प और लोक कला के रंगों ने महोत्सव में अपना रंग बिखेरना शुरु कर दिया है। इस अनोखे संगम से ब्रह्मसरोवर की फिजा भी महक उठी है। यह महक देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है और इस महक से रोजाना हजारों लोग ब्रह्मसरोवर के तट पर खिंचे चले आ रहे है। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि एनजेडसीसी की तरफ से पंजाब का लड्डू, हिमाचल का किल्लू-नाटी, जम्मू कश्मीर का राउफ, उत्तराखंड का छपेली नृत्य से पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है। इसके अलावा महोत्सव में पंजाब से बाजीगर, राजस्थान से बहरुपिए और कच्ची घोड़ी के कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन किया जा रहा है। हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल के साथ-साथ कई अन्य राज्यों की लोक संस्कृति इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देखने को मिल रही है जब इन लोक कलाकारों द्वारा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अपनी प्रस्तुति दी जाती है तो वहां पर देखने वाले पर्यटक अपने पैरों पर थिरकने को मजबूर हो जाते है।

## पीएम ने लोगों को दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश : नागर



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने अपने समर्थकों के साथ आज गांव महावतपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को लाइव सुना।

लाइव कार्यक्रम के बाद मंत्री राजेश नागर ने बताया कि पीएम मोदी ने देशवासियों को वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया है। को साथ लेकर चलने की अपील करता हूं। उन्होंने बताया कि वह खुद भी जी20 सम्मेलन में वैश्विक नेताओं को वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देने वाले उपहार लेकर गए थे। उन्होंने जापान की प्रधानमंत्री को भगवान बुद्ध की चांदी की प्रतिमा भेंट की तो इटली की पीएम को करीमनगर की एक कला भेंट की। पीएम मोदी ने बताया कि वह दुनिया को भारतीय कारीगरी से परिचित करवाना चाहते हैं। उन्होंने आज के एपिसोड में भारत के लोगों द्वारा वोकल फॉर लोकल की भावना को अपनाने पर प्रसन्नता जताई।

## जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तहत निकाली भव्य सद्भावना यात्रा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 नवंबर।** जला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तहत रविवार को नगर में भव्य सद्भावना यात्रा निकाली गई। श्रीमद्भगवद् गीता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई इस यात्रा में जिलावासियों ने पूरे उत्साह और भक्ति भावना से भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण पालकी पर सजी श्रीमद्भगवद् गीता रही, जिसे नगर वासियों ने श्रद्धापूर्वक नमन किया।

जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल तथा हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत ने स्थानीय सूरजकुंड माता गेट से मंत्रोच्चारण के बीच जिला प्रशासन एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा निकाली गई इस भव्य सद्भावना यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा केवल अध्यात्म का नहीं, बल्कि जन कल्याण का भी माध्यम बनी। शोभा यात्रा में जहां धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत की गई भव्य झांकियां आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बेहद मनमोहक थीं, वहीं विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इनमें स्वास्थ्य, बिजली, जन स्वास्थ्य तथा पुलिस सहित अन्य विभागों की झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा को झंडी दिखाने के अवसर पर जिला प्रशासन की और से एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल, डीआईपीआरओ नसीब सैनी ने दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया। कर्मबीर कौल ने कहा कि गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर वर्ष गीता महोत्सव मनाया जा रहा है, जोकि देश वासियों के लिए बड़ा ही गर्व का विषय है।

## गीता में है ज्ञान का अथाह भंडार : अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग

> गीता महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सेमिनार का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 30 नवंबर।** जिला स्तर पर स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वानों ने श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित जनसमूह को गीता के दिव्य ज्ञान से अभिभूत किया।

सेमिनार समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की। उन्होंने गीता को विश्व मानवता का मार्गदर्शन करने वाला अद्भुत ग्रंथ बताते हुए कहा कि गीता ज्ञान का अथाह भंडार है और श्रीकृष्ण द्वारा कहे गए प्रत्येक शब्द का अनुसरण करना ही जीवन की सच्ची सार्थकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को फल की इच्छा छोड?र निष्काम कर्म करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर अधिकारियों तथा अतिथियों ने विभिन्न विभागों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्टॉल प्रतिनिधियों से उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। स्कूली विद्यार्थियों, महिला मंडलों और लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने गीता पर व्याख्यान देने वाले सभी विद्वानों को गीता की प्रतिमा भेंट कर, शॉल और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

**सेमिनार में विद्वानों के सारगर्भित विचार :** एडवोकेट संत कुमार टुटेजा ने अपने विचार एक दोहे के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता आस्तिक-नास्तिक सभी के लिए समान रूप से प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गीता मानव जाति की अनमोल धरोहर है, जो जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने कहा कि गीता सत्य, अहिंसा, आत्म-परमात्मा और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाला शाश्वत ग्रंथ है।

प्रख्यात विदुषी वीना खुराना ने कहा कि गीता अध्यात्म का सागर है और व्यवहारिक जीवन का मार्गदर्शक भी।

# आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो उत्तराखंड के कुबेर मंदिर के करें दर्शन, भक्तों पर बरसती है कृपा

भारत में यूं तो लाखों की तादात में मंदिर हैं। हर मंदिर का अपना रहस्य और अनोखा इतिहास होता है। आपने भी देश के अधिकतर मंदिरों के बारे में सुन रखा होगा। लेकिन आज हम आपको एक अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में दर्शन करने भर से ही भक्तों की सभी मुरादें पूरी हो जाती हैं। बता दें यह मंदिर देवों की भूमि उत्तराखंड में है। देवभूमि उत्तराखंड से 40 किमी दूर जागेश्वर धाम में कुबेर मंदिर स्थित है।

इस मंदिर को जागेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में स्थित कुबेर का मंदिर हैं। भगवान कुबेर धन के देवता हैं और वह रावण के सौतेले भाई भी थे। आप सभी जानते हैं कि दिवाली और धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है।



**मंदिर का इतिहास:** देवभूमि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्थिति इस कुबेर मंदिर का इतिहास काफी दिलचस्प है। कई लोगों का मानना है कि इस मंदिर का निर्माण 7वीं शताब्दी में किया गया था। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इस मंदिर का निर्माण 9वीं शाताब्दी में हुआ था। जबकि कई अन्य लोगों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण 7वी शताब्दी से 14वीं शताब्दी के बीच कत्यूपी राजवंश के दौरान कराया गया था।

**देश का छठा कुबेर मंदिर:** आपको बता दें कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्थिति यह मंदिर कुबेर का छठा मंदिर है। इस मंदिर में एकमुख शिवलिंग में कुबेर भगवान विराजमान हैं। यहां के पुजारियों का कहना है कि यह देश का सबसे प्राचीन कुबेर मंदिर है। यहां पर भगवान कुबेर को भगवान शंकर के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि जिस भी व्यक्ति पर भगवान कुबेर की कृपा हो जाती है, उसे कभी गरीबी का सामना नहीं करना पड़ता है। साथ ही उस व्यक्ति के पास धन-दौलत की कभी कमी नहीं होती है।

यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मंदिर में सभी व्यक्तियों की मनोकामनाएं पूरी होती है। खासतौर पर उन लोगों की जो आर्थिक तौर पर कमजोर होते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इस मंदिर से चांदी के सिक्के को मंत्र पढ़कर पीले कपड़े में लपेट कर दिया जाता है। वहीं जब किसी की मनोकामना पूरी हो जाती है, तो वह भगवान कुबेर को खीर का भोग चढ़ाते हैं।


### नहीं होती धन की कमी

मान्यता के अनुसार, जिन लोगों का कारोबार सही से नहीं चलता है, वह भी इस मंदिर में अपनी अर्जी लगाने के लिए पहुंचते हैं। एक अन्य मान्यता के मुताबिक जो भी व्यक्ति इस मंदिर के गर्भगृह की मिट्टी को अपने घर की तिजोरी में रखता है, उसके घर में कभी भी धन-दौलत की कमी नहीं होती है। धन के देवता कुबेर की दिवाली के दिन पूजा होती है। इसलिए दिवाली के दिन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। अगर आप भी इस मंदिर की असली रौनक देखना चाहते हैं। तो आपको यहां पर दिवाली और धनतेरस के बीच आना चाहिए। इस दौरान मंदिर को दुल्हन की भांति सजाया जाता है। साथ ही मंदिर में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# तप की अग्नि में विकारों को जलाना है त्याग : मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। तप की अग्नि में विकारों को जलाना त्याग है। त्याग का संबंध व्यक्ति की मानसिक स्थिति से है। जिससे उसे किसी भी द्रव्यों के प्रति मोह नहीं रह जाता है। व्यक्ति इंद्रियों द्वारा भोगों को प्राप्त करना चाहता है। त्याग के पालन से आत्म दृष्टि का विकास होता है वैराग्य, ममत्वहीनता, राग शून्यता एवं अपरिग्रह। त्याग में प्रत्यक्ष रूप से दूसरे को देने की भावना निहित है। त्याग के द्वारा करूणा का विस्तार होता है। त्याग के पालन से व्यक्ति के जीवन में संतोष एवं शांति का पोषण होता है। दया एवं सेवा की भावना का विकास होता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे रविवारीय सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा त्याग के पालन से व्यक्ति के जीवन में संतोष एवं शांति का पोषण होता है। त्याग का अहंकार नहीं करें बल्कि अहंकार का त्याग करें। त्याग तीन प्रकार का होता है। अधम त्याग डर या स्वार्थ से किया जाता है, मध्यम त्याग दूसरे के दुख को देखकर विचलित हो जाने पर किया जाता है। उत्तम त्याग वह होता है जो मन की सहज भावना से प्रेरित होकर किया जाता है। उत्तम त्याग में व्यक्ति अपनी कीर्ति, प्रशंसा एवं यश की कामना नहीं करता है। इच्छाओं का त्याग ही वास्तिवक त्याग है। हमें बाहरी वस्तु के त्याग के साथ भीतर के कषाय का भी त्याग करना चाहिए।



मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया गलतफहमी किसी कांटे की तरह होती है चाहे वह चरित्र पर शक करना और जब वह आपके रिश्ते में चुभन पैदा करने लगती है, ये सब चरित्रहीनता के लक्षण होते है। चरित्रहीन कभी भी अपना विकराल रूप धारण कर सकती है ओर इसकी निशानियां रिश्तो मे भी छलकनी लगती है। यही कारण है कभी फूल लगनेवाला रिश्ता आपको खरोंचे देने लगता है। जो जोड़ा कभी एक-दूसरे पर जान छिड़कता था, एक-दूसरे की बांहों में जिसे सुकून मिलता था और जो साथी की ख़ुशी के लिए कुछ भी करने को तैयार रहता था, वो जब ग़लतफ़हमी का शिकार होने लगता है, तो रिश्ते की मधुरता व प्यार को नफ़रत में बदलते देर नहीं लगती। ऐसे में अपने रिश्तें को टूटने से बचाने के लिए कुछ ऐसा करे। यह बात सही है कि बात करने के दौरान आपको कुछ ऐसा सुनने के लिए भी मिल सकता है जो आपको अच्छा ना लगे, पर आपको समस्या का समाधान करना है और इससे अच्छा तरीका कुछ भी नहीं है।

### लोग कम समय में अधिक चाहते है सफलता: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने कहा यदि अनुशासन का पालन नहीं किया जाए, तो जीवन उच्छृंखल बन जाएगा। जहां अनुशासन से महत्वपूर्ण सफलताएं और उपलब्धियां हासिल हुई हैं। ये उपलब्धियां हमारे लिए प्रेरणा का प्रबल स्तंभ बनीं। आज जीवन की आपाधापी बढ़ गई है, लोग कम समय में अधिक से अधिक सफलताएं प्राप्त कर लेना चाहते हैं। वह येन-केन-प्रकारेण ढंग से लक्ष्य प्राप्ति के लिए दौड़ते रहते हैं। वे अनुशासन का पालन करना जरूरी नहीं समझते, लेकिन इसके विपरीत सच्चाई यह है कि जहां जितना अच्छा अनुशासन है, वहां उतनी ही शांति व सुख है। यह एक कटु सच्चाई है कि अनुशासन के बिना सफलता नहीं हासिल की जा सकती। जिस देश के लोग अनुशासित हैं, जहां की सेना अनुशासित है, वह देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहेगा, वह सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहेगा।

### सब इंस्पेक्टर सुभाष का संदेश

# नियमों का पालन करें, दुर्घटनाओं में कमी लाएं



अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस ने रविवार को टोल प्लाजा पर विशेष जागरूक्ता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा।

ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने टीम के साथ इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सड़क संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। इसके साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली गंभीर सड़क दुर्घटनाओं, उनके कारणों और उनके दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने के खतरों और परिणामों के बारे में बताया, जिसमें दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोटें लगने और जान से हाथ धोने की संभावना शामिल है।

ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे तो सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी कमी लाई जा सकती है। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने पंपलेट वितरित किए और आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं सुरक्षित रहने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रहने में सहयोग करें उन्होंने बताया कि पानीपत यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।

# जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है

संत महात्मा इन्सान को जागृति दिलाते है ताकि इन्सान युगों-युगों से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने दिये सन्देशों की ओर गौर करे। इस भागती-दौड़ती दुनिया में जरा ठहर कर सोचे कि क्या हम यूं ही भागते चले जायेंगे? इन अमोलक स्वासों की पूंजी क्या ऐसे ही हाथों से निकल जायेगी, कुछ हासिल किये बगैर? और वो कुछ हासिल किये बगैर का मतलब क्या है? जो 'कुछ' शब्द का इस्तेमाल वो कुछ नहीं है, वो सब कुछ है। वो है इस परमात्मा, ईश्वर निराकार दातार का बोध हासिल करना, इसकी प्राप्ति करना। महापुरुषों ने भी एक वस्तु का ही जिक्र किया है-

पाया है कुछ पाया है, मेरे सतगुर
अलख लखाया है।

कि जो कुछ पाया है दरअसल ये कुछ अलख है। यही तो सब कुछ है। परमात्मा, ईश्वर, निराकार, अकाल पुरुख जो सर्वत्र समाई हुई सत्ता है, जो कण-कण में व्याप्त है, जो जमीं जमां के विखै समस्त एक ज्योत है। जिसकी उपस्थिति कण-कण में है, ऐसे परम अस्तित्व की अंश आत्मा घट-घट में है। आत्मा करके ही हमारा असल वजूद है। जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है। अगर जिस्मानी वजूद ही हमारा असल वजूद होता तो स्द्घ्यद्ध-



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आत्मानुभूति शब्द का इस्तेमाल कभी नहीं होता क्योंकि हमारा जिस्म हमारी नहीं है, ये हमारा असली अस्तित्व नहीं है। हमारा असली अस्तित्व आत्मा है जो परमात्मा की अंश है और इसी का बोध हासिल करना है, इसी की पहचान करनी है। आईने के सामने रोज हम सुबह खड़े होते हैं, दिन में कई बार खड़े होते होंगे। जो शक्लो-सूरत अपनी दिखाई देती है, वो हमारी जिस्मानी शक्लो-सूरत जरुर है उस तल तक तो ये हमारी पहचान है ही, हमें क्या हमारे जानने वालों को भी है। हमारी शक्लो-सूरत से वो भी वाकिफ हैं और हम तो हैं ही। रोज अपनी शक्ल देखते हैं लेकिन ये हमारी अपनी असली शक्लो-सूरत, हमारी असली पहचान नहीं है। जो आत्मा के रुप में है वो हमारी True entity है। हमारा असली अस्तित्व है और उसी से हम अंजान होते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि आत्मानुभूति करनी है। अपने आप को जानना है और अपने आप को जानेंगे कब? जैसे अपनी शारीरिक शक्लो-सूरत की पहचान आईने के कारण है, अगर आईना हमने कभी देखा ही न हो तो हम अपनी सूरत से भी अंजान होंगे। अपने आपकी भी पहचान नहीं होगी। कभी आप अंदाजा लगाईये कि किसी ने कभी आईना न देखा हो, अपनी सूरत न देखी हो और कैमेरे से उसी की फोटो खींचकर उसकी सूरत उसी के सामने रख दें तो वो सोच में ही पड़ा रहेगा कि पता नहीं ये कौन है? क्योंकि वो अपनी सूरत से अंजान है। तस्वीर उसी की खींच कर, उसकी हाथों में दे दी गई लेकिन परेशान हो रहा है, हैरान हो रहा है कि ये कौन है? इसी तरह आत्मा ने इस परमात्मा का बोध नहीं किया, यही असल में आईना है, ये परमात्मा इसी का ही मूल है और इसी से ही इसका बोध भी होना है। इसलिये जब Self-realization (आत्मानुभूति) की बात होती है तो अगला शब्द है कि through God-realization (ब्रह्मानुभूति से) यानि की परमात्मा को जान कर ही अपनी पहचान होगी।

## पंचांग

सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025, सूर्योदय: 06:56 ए एम, सूर्यास्त: 05:24 पी एम, चन्द्रोदय: 02:22 पी एम, चन्द्रास्त: 03:42 ए एम, दिसम्बर 02, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2082 पिङ्गल, अमान्त महीना: मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीना: मार्गशीर्ष, वार: सोमवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: एकादशी - 07:01 पी एम तक, नक्षत्र: रेवती - 11:18 पी एम तक, योग: व्यतीपात - 12:59 ए एम, दिसम्बर 02 तक, करण: वणिज - 08:20 ए एम तक, द्वितीय करण: विष्टि - 07:01 पी एम तक, क्षय करण: बव - 05:33 ए एम, दिसम्बर 02 तक, सूर्य राशि: वृश्चिक, चन्द्र राशि: मीन - 11:18 पी एम तक, राहुकाल: 08:15 ए एम से 09:33 ए एम, गुलिक काल: 01:29 पी एम से 02:47 पी एम, यमगण्ड: 10:52 ए एम से 12:10 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:49 ए एम से 12:31 पी एम, दुर्मुहूर्त: 12:31 पी एम से 01:13 पी एम, दुर्मुहूर्त: 02:37 पी एम से 03:18 पी एम, अमृत काल: 09:05 पी एम से 10:34 पी एम, वर्ज्य: 12:14 पी एम से 01:43 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** सेहत से जुड़ी दिक्क़त नज़दीक है इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

**वृष:** आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी।

**मिथुन:** आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है।

**कर्क:** आपके जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। अपने ख़र्चों पर क़ाबू रखें।

**सिंह:** आज जिस काम को पूरा करना चाहेगें वो आसानी से पूरा हो जाएगा। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या:** किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें।

**तुला:** दोस्त की बेरुख़ी आपको नाराज़ करेगी। लेकिन ख़ुद को शांत रखें। इस बात को परेशानी न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक:** जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं।

**धनु:** आज भौतिक सुख सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**मकर:** अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे।

**कुंभ:** आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है।

**मीन:** परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। आज आप किसी खास कार्य के लिए बाहर जा सकते है।

# मन की बात में पीएम ने गीता नगरी कुरुक्षेत्र के अनुभव साझा करना हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात : रेखा संजय गोयल



देश की प्रगति को जनता तक पहुंचाने का माध्यम है 'मन की बात- पार्षद संजय गोयल

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल और पार्षद संजय गोयल ने रविवार कों शहरी महामंत्री रॉकी वर्मा के आवास पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मन बात कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि प्रत्येक महीने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता से सीधे संवाद स्थापित कर महत्वपूर्ण मुद्दों, भारत की उपलब्धियों और सामयिक विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं। मन की बात' कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के उपरांत पार्षद संजय गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए युवाओं को सकारात्मक शक्ति में लगने और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कुरुक्षेत्र स्थित गीता नगरी की अपनी हालिया यात्रा के अनुभव भी देशवासियों के साथ साझा किए।

वहीं शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने कहा कि मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध संस्कृति, विकास यात्रा और जन-जन की भावनाओं का दर्पण है, जिसके माध्यम से पूरे देश का परिचय जनता को कराया जाता है। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं नें मुख्य अतिथि शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल और पार्षद संजय गोयल का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर सतबीर वर्मा, गोपाल वर्मा ,पदम सोनी ,राहुल वर्मा, जोनी, ऋ्षु, उर्मिला, रूबी आदि सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं, जनता परेशान, सरकार तुरंत कदम उठाए : कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रदेश में कभी निजी चिकित्सकों की हड़ताल, तो कभी सरकारी डॉक्टरों की पेन-डाउन स्ट्राइक ने आम जनता को गंभीर संकट में डाल दिया है। अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से न तो संवेदनशीलता दिख रही है और न ही ठोस समाधान की कोई कोशिश नजर आ रही है। सरकार को तुरंत स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए। जनता का जीवन सर्वोपरि है और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में आई रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग की खामियों को साफ उजागर किया है। कोविड-काल में मिले 727 वेंटिलेटरों में से करीब 30 प्रतिशत खराब पड़े हैं। कई जिलों में 15 महीने से एक भी मरीज को वेंटिलेटर सुविधा नहीं मिल सकी। करोड़ों रुपये खर्च कर मशीनें खरीद ली गईं, लेकिन न तो उनका रख-रखाव हुआ और न ही विशेषज्ञ स्टाफ नियुक्त किया गया। यह सरकार की लापरवाही का गंभीर उदाहरण है। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। सरकार को तुरंत डॉक्टरों से वार्ता कर हड़ताल की स्थिति को समाप्त करना चाहिए ताकि इमरजेंसी और सामान्य दोनों तरह की सेवाएं सही ढंग से बहाल हो सकें। वेंटिलेटरों की खराब स्थिति पर तत्काल तकनीकी जांच जरूरी है और जो मशीनें अनुपयोगी पड़ी है, उनका त्वरित मेंटेनेंस सुनिश्चित किया जाए।



कुमारी सैलजा ने कहा कि कई जिलों में मशीनें मौजूद हैं, लेकिन उन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित तकनीशियन उपलब्ध नहीं हैं। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हैं, जिससे गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता इलाज के लिए तरस रही है, जबकि सरकार केवल दावे करने में व्यस्त है।

### सैलजा ने सीएम को पत्र लिखकर की फतेहाबाद के ग्रामीणों की जलभराव समस्या के स्थायी समाधान की मांग

फतेहाबाद क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। बताया कि फतेहाबाद के गांव जांडवाला आदि में ड्रेन टूटने और जल निकासी न होने से लगभग 1200 एकड़ कृषि भूमि बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुमारी सैलजा ने लिखा है कि प्राधिकरण और प्रशासन की उदासीनता के कारण समस्या विकराल रूप ले रही है। उन्होंने हिसार-घाघर ड्रेन की जांच, उसके पुनर्निर्माण और 20 फीट चौड़े पक्के नाले सहित स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसानों को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस मुद्दे को प्राथमिकता देकर तत्काल राहत प्रदान की जाए।

# कौशिक क्लासेस ने रचा इतिहास : नि :शुल्क छात्रवृत्ति परीक्षा से शिक्षा में नई क्रांति



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

कुरुक्षेत्र। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में शिक्षा जगत का नया अध्याय लिख दिया गया है। कौशिक क्लासेस के संस्थापक विवेक कौशिक ने ऐसा कार्य कर दिखाया है जो अब तक इतिहास में कभी नहीं हुआ। पहली बार किसी कोचिंग संस्थान द्वारा पूरी तरह निःशुल्क कौशिक छात्रवृत्ति परीक्षा का व्यवस्था किया गया – वह भी सभी विद्यार्थियों के लिए।

इस परीक्षा में सिर्फ कुरुक्षेत्र ही नहीं, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से भी हजारों विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रों पर विद्यार्थियों की उत्सुकता देखने लायक थी। परीक्षा के दौरान केवल छात्र ही नहीं, अभिभावक भी गहन उत्साह के साथ उपस्थित दिखाई दिए। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रयास से बच्चों का हौसला बढ़ेगा, एकाग्रता में इज़ाफा होगा और पढ़ाई के प्रति रुझान मज़बूत होगा।

# मन की बात : लोकल फ़ॉर वोकल को वैश्विक मंच तक ले जाने का सशक्त संदेश : डॉ. अशोक रंगा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व अंकुश मिंगलानी, हरियाणा रैडक्रास, चण्डीगढ़ उपाध्यक्ष तथा नवनियुक्त महासचिव डा. सुनील कुमार के निर्देशानुसार तथा गौरव राम करण की अगुवाई में रैडक्रास भवन, पानीपत में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 50 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई।

सचिव गौरव राम करण ने बताया कि रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के भवन के प्रागंण में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिुक्षओं को हरमेश चन्द, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रैडक्रास, पानीपत द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीड़ी देश का भविष्य है। प्रत्येक युवा को समाज सेवा में आगे आना चाहिये ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके। हम रक्तदान से किसी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकते है। एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 साल के बीच में है व उसका वनज 50 किलोग्राम है और उसमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम या उससे अधिक है तथा उसके पिछले 6 महीने में कोई बड़ा आपरेशन या बीमारी का ईलाज ना हुआ हो, तो वह रक्तदान कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार यानि 90 दिनों के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है और किसी भी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकता है। यदि हम सभी साल में कम से कम दो बार रक्तदान करें तो किसी भी जरूरमंद बीमार व्यक्ति को रक्त उपलब्ध करवाया जा सकता है।



उन्होनें युवाओं को जागरूक करते हुये कहा कि नशीली वस्तुओं और पदार्थो के उपयोग के कारण व्यक्ति अपने परिवार, समाज वा मानसिक-आर्थिक तौर पर पिछड़ जाता है।

उन्होनें युवक-युवतियों को नशे की बुरी आदत से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत करवाया। युवाओं को जागरूक करते हुए उन्होनें कहा कि हमें नशे से बचना चाहिये। हमें स्वंय नशे का ना कहकर अन्य लोगों को जागरूक करना चाहिये, ताकि समाज से इस अभिशाप को मिटाया जा सके। इस अवसर पर प्रवक्ता प्राथमिक सहायता एंव डी.एल.एस.ए. जिला कोरिडेनेटर डा0 हितेश चन्द शर्मा ने प्रतिभागयों को कहा कि आप रैडक्रास जोकि एक अन्तराष्ट्रीय संस्था है, के साथ जुड़कर समाज को नई दिशा दे सकते हो। उन्होनें प्रतिभागियों को बाल विवाह ना करने व रोकने बारे जागरूक किया। उन्होनें कहा कि हमें रक्तदान करने व नशा छोड़ने के लिये अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिये। इस अवसर पर प्रवक्ता कला भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि स्वस्थ युवा ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। इस अवसर पर कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण व स्वंयसेवक मौजूद रहे।




312 चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी को चलेगा विशेष अभियान

# हरियाणा पुलिस अब चलाएगी 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन'

312 चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी को चलेगा विशेष अभियान
पड़ोसी राज्यों की मदद लेगी हरियाणा पुलिस
हथियार कारोबारियों के रिकॉर्ड जांचने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा में अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन ट्रैक डाउन चलाने के बाद अब पुलिस 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' चलाएगी। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने रविवार को सभी जिलों के डीएसपी,एसपी, एसटीएफ और हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट इंचार्ज सहित चौकी स्तर तक के अधिकारियों को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
डीजीपी ने बताया कि 5 से 27 नवंबर तक चले ऑपरेशन ट्रैक डाउन के दौरान कुख्यात अपराधियों को जेल भेजा गया और सैकड़ों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अब इन अपराधियों के जेल में रहते हुए उनके व्यवहार में सुधार लाने और बाहर बेल पर आए लोगों की निगरानी पर जोर दिया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि 312 चिन्हित अपराधी, जो अब भी फरार हैं, उनको फौरन गिरफ्तार करें। उनकी सूची को बगल के राज्य की पुलिस से साझा करें। उनके फोटो सर्कुलेट कर जिले के एसपी से उनके ठिकानों के बारे में सूचना देने के लिए आग्रह करें। साथ-साथी पीओ भी घोषित करवाएं। लुकआउट नोटिस जारी करवाएं, कुख्यात बदमाशों के पासपोर्ट कैंसिल करवाएं।

डीजीपी ने कहा कि जिन अपराधियों को ऑपरेशन ट्रैक डाउन के दौरान जेल भेजा गया है, उनसे मुलाकात के लिए आने वाले लोगों पर नजर रखी जाए। पुलिस तथा जेल अधिकारियों के तालमेल बढ़ाया जाए ताकि बाहर से मिलने वाले सहयोग पर कार्रवाई की जा सके। डीजीपी ने उग्र लोगों के हाथ में हथियार हत्या का सामान है। इसे बनाने, बेचने और खरीदने वालों को ढूंढ-ढूंढ कर जेल भेजें। गन हाउस का पूरा हिसाब रखें। बताया गया है कि इनमें से कुछ अपराधियों को ब्लैक में कारतूस बेचते हैं।

अपराधियों की सैकड़ों करोड़ की काली कमाई की सूची, जो आपने बनाई है, उसकी जब्ती की प्रक्रिया पूरी करें। इनके नाजायज कब्जों की प्रक्रिया के अनुसार ढहाने में सिविल प्रशासन की सहायता करें।

### कैसे काम करेगा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन

डीजीपी ने कहा कि अक्सर शिकायत आती है कि गांव-गांव, शहर-शहर में नशेड़ी, जुआरी, सटोरियों और आवारागर्दी करने वालों के अड्डे हैं। दिसंबर महीने में आप ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाएं। ऐसे अड्डों में आप कॉम्बिंग अभियान चलाएं। हर किसी के पास घर-कंबल नहीं होता। ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जो इनकी सहायता के लिए तैयार रहते हैं। दोनों के बीच संपर्क स्थापित करें। सरकारी की भी ऐसी अनेक योजनाएं हैं, इनको उससे भी जोड़ें। संकल्प लें कि आपके इलाके में कोई सर्दी से ना ठिठुरे और भूखा भी ना सोए।

# ऑपरेशन ट्रैक डाउन खत्म, गुरुग्राम में पकड़े सर्वाधिक अपराधी

92 प्लान मर्डर को बनाया विफल
डीजीपी ने तीन सप्ताह के ऑपरेशन पर जारी की रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने करीब तीन सप्ताह बाद ऑपरेशन ट्रैक डाउन समाप्त कर दिया है। इस ऑपरेशन द्वारा शुरू किए गए अभियान लगातार जारी रहेंगे। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान तीन सप्ताह के भीतर 92 मर्डर प्लान को फेल किया गया, जिनमें दो योजना को पूरे परिवार को मारने की थी। इस ऑपरेशन में 141 कुख्यात अपराधियों से 97 अवैध हथियार तथा 237 कारतूस बरामद किए गए। खुद को हाई-प्रोफाइल समझने वाले 3066 हथियारबंद एवं गिरोहबंद अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला गया। जिनके पास से 322 अवैध हथियार, 537 गोलियां व 17 मैगजीन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान गुरुग्राम में सर्वाधिक 304, फरीदाबाद 138, सोनीपत ने 106, झज्जर ने 90, यमुनानगर ने 86 हथियारबंद एवं गिरोहबंद अपराधी पकड़े गए।



उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान 4521 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जो अन्य अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे। इस अभियान में कुल 7587 आरोपी काबू करके उनमें से 235 के खिलाफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम वाली सख्त धाराएं लगाई गई हैं। इसके अलावा 124 बाहर चल रहे अपराधियों की जमानतें रद्द करवाकर दोबारा जेल में भेजा गया है।

## सरदार पटेल मेरे जीवन की प्रेरणा हैं: मनसुख मांडविया

**वडोदरा, 30 नवंबर।** गुजरात में पदयात्रा रविवार को अपने पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। यह पदयात्रा वडोदरा शहर पहुंची और वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरदार गाथा और ग्राम सभा सहित कई गतिविधियों में उत्साहपूर्ण जनभागीदारी देखी गई। यह पदयात्रा अब सामूहिक रूप से 72 किलोमीटर आगे बढ़ चुकी है और सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता और नागरिक उत्तरदायित्व के संदेश का प्रसार जारी रखे हुए है। दिन की शुरुआत अरबिंदो आश्रम में योगाभ्यास से हुई, जिसके बाद केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।




# जुर्माना राशि के भंवर में फंसे 2808 स्कूल

आठ महीनों से बंद पड़े एमआईएस पोर्टल, नहीं हो रहे बच्चों के ऑनलाइन दाखिले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 नवंबर।** आरटीई की सीटों का ब्यौरा नहीं दिखाने पर शिक्षा विभाग ने आठ महीनों से 2808 प्राइवेट स्कूलों के एमआईएस पोर्टल बंद की हुई है, जिसके चलते बच्चों के ऑनलाइन दाखिले नहीं हो पा रहे हैं। स्कूल संचालकों का दावा है कि इनमें से अधिकतर स्कूलों ने आरटीई की सीटे दिखाने के बाद जानकारी के अभाव में फाइनल सबमिट नहीं कर पाए तो विभाग ने इसकी कोई सूचना संबंधित स्कूल के टाइम रहते नहीं दी और मंथली फीस के आधार पर तीस हजार से लेकर एक लाख रुपए तक का जुर्माना भरने का नोटिस स्कूल को दे दिया।

प्राइवेट स्कूल संघ ने आठ महीनों से बंद पड़े 2808 स्कूलों के एमआईएस पोर्टल खोलने समेत सात सूत्रीय मुख्य मांगों का एक पत्र मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखकर इनका समाधान करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा है कि डॉक्यूमेंट ऑनलाइन करते समय स्कूल से गलती होने पर जुर्माना लगाने की बजाय पहले स्कूल को मेल या फोन के माध्यम से सुचित किया जाए और 2808 स्कूलों का पोर्टल बिना जुर्माने लिए खोला जाए क्योंकि इनको आरटीई की सीट फाइनल सबमिट ना होने की कोई सूचना विभाग द्वारा नहीं दी गई।

उन्होंने चिराग योजना, आरटीई व 134 ए का पैसा स्कूलों को टाईम पर दिलवाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी गैर मान्यता विद्यालयों को शिक्षा का अधिकार कानून 2011 के अपेंडिक्स फर्स्ट (वन रूम वन क्लास) के अनुसार मान्यता तथा 10 अप्रैल 2007 से पहले स्थापित सभी अस्थाई व परमिशन प्राप्त स्कूलों को बीजेपी के 2014 विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र के अनुसार एकमुश्त स्थाई मान्यता प्रदान की जाए।

फायर सेफ्टी की तरह हाइजीनिक सर्टिफिकेट की वैधता भी तीन वर्ष की जाए। बसों की आयु सीमा बढ़ाई जाए तथा स्कूल बस टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स व अन्य सभी प्रकार के टैक्स प्राइवेट स्कूलों के समाप्त किए जाए। महापुरुषों की जयंती के दिन छुट्टी करने या न करने का अधिकार स्कूलों को दिया जाए ताकि जयंती के दिन स्कूल में कार्यक्रम कर सके।




## एचपीएससी ने कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए जारी किया परिणाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने हरियाणा कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट परिणाम जारी कर दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के पॉलिटिकल साइंस विषय के 173 कैंडिडेट को आयोग ने इंटरव्यू के लिए योग्य माना है। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने मई 2024 में कॉलेज कैडर के असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में पॉलिटिकल साइंस विषय के 81 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की। भर्ती के लिए 19 मई को अधिसूचना जारी की गई। भर्ती प्रक्रिया में 40 पद जनरल, 8 पद ओएससी, 7 पद डीएससी, 14 बीसीए, 5 बीसीबी व 7 पद ईडब्ल्यूएस के लिए रिजर्व किए गए थे।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)